# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


डिंडोरी में कार डूबी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देरी से आए मानसून ने शुक्रवार को प्रदेश तरबतर कर दिया। इंदौर सहित हरदा, खंडवा और देवास में झमाझम बारिश हुई, जबकि राजधानी समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश के साथ सीहोर, सागर, जबलपुर, खंडवा और हरदा में करीब 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। वहीं ग्वालियर, रीवा, सतना, नीमच और मंदसौर में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। शाम के समय उज्जैन, रतलाम, छिंदवाड़ा और शिवपुरी में भी तेज बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी प्रदेश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है, लेकिन पूर्वी प्रदेश में अब भी सामान्य से 35 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। लगातार बारिश से दिन में पांच डिग्री और रात के तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से इंदौर में सबसे ज्यादा ढाई इंच (59 मिलीमीटर) बारिश दर्ज की गई, जो प्रदेश में सबसे अधिक रही। मौसम विभाग ने शनिवार को खंडवा ⏩ शेष पेज 6 पर

बारिश से अधिकतर शहरों में गिरा दिन और रात का तापमान



भोपाल के करोंद इलाके का हाल



उज्जैन में शिप्रा नदी के तट डूबे

## करीब 45 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी

# इंदौर में रिकॉर्ड ढाई इंच बारिश खंडवा-बड़वानी में 'रेड अलर्ट'

**शुक्रवार शाम तक कहां कितनी बारिश**

| शहर | मिलीमीटर |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 20 |
| रायसेन | 20 |
| रतलाम | 19 |
| धार | 12 |
| दमोह | 10 |
| जबलपुर | 07 |





## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : घटना के 26 दिन बाद संघ ने अपनी चुप्पी तोड़ी

# होसबाले बोले : रामभक्तों की आस्था को ठेस पहुंची, दोषियों को मिले कड़ी सजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

• होसबाले ने कहा कि इस घटना से संघ समेत पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इसे एक असाधारण घटना मानकर मंदिर प्रशासन और सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए

अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी का मामला 7 जून 2026 को सार्वजनिक रूप से सामने आया था, जिसे शुक्रवार को लगभग 26 दिन हो चुके हैं। इस मामले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पहली बार अपना बयान दिया है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय



दत्तात्रेय होसबाले

होसबाले ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे दुनिया भर के करोड़ों रामभक्तों की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने और मंदिर प्रबंधन में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। होसबाले ने कहा कि राम जन्मभूमि पर बना यह भव्य मंदिर पीढ़ियों के संघर्ष, त्याग और करोड़ों भक्तों के समर्पण का प्रतीक है। यह पूरे हिंदू समाज की अटूट श्रद्धा का केंद्र है। ऐसे पावन स्थल के दान पात्रों से चोरी होना बेहद दुखद है। उन्होंने साफ किया कि इस घटना से आरएसएस समेत पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस गंभीर मामले को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। इसे एक असाधारण घटना मानकर मंदिर प्रशासन और सरकार को ठोस ⏩ शेष पेज 6 पर

**हिंदू समाज से कहा- छवि खराब करने की साजिश विफल करें**



*» एसआईटी ने 33 लोगों से करीब तीन घंटे तक की सघन पूछताछ*

*» कांग्रेस का बयान- सच्चाई पर पर्दा डालकर संघ की छवि को बचाने का कुत्सित प्रयास*

### कांग्रेस ने कहा- यह बयान सच सामने लाने के लिए नहीं

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने



संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बयान सच को सामने लाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी छवि बचाने के लिए दिया गया है। उन्होंने संघ पर सच्चाई को छिपाने का प्रयास करने का आरोप ⏩ शेष पेज 6 पर

### कटियार का दावा: चंपत जाएंगे जेल?



भाजपा नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने दावा किया कि मैंने इस मुद्दे पर पीएम मोदी ⏩ शेष पेज 6 पर

### 2 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर चंदे में कथित गड़बड़ी को लेकर एक बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। वह आगामी 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे। दिग्विजय ने स्पष्ट किया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं होगी और इसमें कांग्रेस का ⏩ शेष पेज 6 पर



### अब ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग और बदरीनाथ के चढ़ावे पर उठे सवाल

प्रसिद्ध ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की जाने वाली दान राशि के प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता के सवाल उठने लगे हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व खंडवा जिला प्रशासन के निर्देश पर मंदिर में दान पेटियां स्थापित कर प्रबंधन समिति का गठन किया गया था, जिसका ⏩ शेष पेज 6 पर

## वारसी नगर में रह रहा था यह युवक

# देवास से संदिग्ध युवक को गुजरात एटीएस ने उठाया

सोशल मीडिया पर कई नामों का इस्तेमाल करता था




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) गुरुवार को देवास जिले से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर गुजरात पहुंच गई। कार्रवाई स्थानीय पुलिस के सहयोग से की गई। फिलहाल, युवक से पूछताछ जारी है, लेकिन उसे किस मामले में हिरासत में लिया गया है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने 'हरिभूमि' को बताया कि गुजरात एटीएस एक संदिग्ध की तलाश में देवास पहुंची थी। गिरफ्तार युवक नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र के वारसी नगर इलाके में रह रहा था। उसका परिवार देवास और गुजरात, दोनों जगहों पर आता-जाता रहता था। हिरासत में लिए गए युवक की पहचान ⏩ शेष पेज 6 पर

## बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा दे रहे

# इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट पर केंद्र सख्त, मेटा को तलब करेंगे



इंस्टाग्राम पर ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई दी है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को मेटा को तलब करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को भारत में बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा देने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों के मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया। मंत्रालय मेटा से पूछेगा कि ऐसे विज्ञापन कैसे-क्यों दिखे? उन्हें रोकने के उपाय क्या हैं और आगे ऐसी घटनाएं रोकने के लिए क्या कदम ⏩ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### सोनम की जमानत पर रोक से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को



मिली जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एमएम सुंदेश और शील नागू की पीठ ने कहा कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। आरोपी पहले ही जेल में समय बिता चुकी है और अब बाहर है।

### महिला डॉक्टर से बैड टच, किया प्रदर्शन

**सागर।** बीएमसी में एक महिला डॉक्टर से बैड टच और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी



देने के मामले में पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े दो नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना के विरोध में और गिरफ्तारी की मांग को लेकर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया।

### निधि चतुर्वेदी और किरार को कांग्रेस का नोटिस

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी को लेकर मप्र कांग्रेस ने सख्त रुख



अपनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश महासचिव निधि चतुर्वेदी और महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका किरार को नोटिस जारी किया है।

## सीए फाउंडेशन के परिणाम जारी

### साक्षी जैन 92.75% हासिल कर बनीं ऑल इंडिया 'टॉपर'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 20.09% रहा। नासिक की साक्षी जैन ने 400 में से 371 अंक (92.75%) हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 का गौरव प्राप्त किया है। देश के 609 केंद्रों पर हुई इस परीक्षा में कुल 90,217 अभ्यर्थी शामिल हुए ⏩ शेष पेज 6 पर



■ 90,217 में 20.09% छात्र पास हुए

## जबलपुर में साइबर ठगों का आतंक

### मोबाइल हैकिंग और फर्जी बैंक कर्मी बन 3.73 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

शहर में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामलों में रांझी और खमरिया थाना क्षेत्रों में मोबाइल हैकिंग और फर्जी बैंक अधिकारी बनकर दो नागरिकों से कुल 3 लाख 73 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की वारदात सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रांझी के शंकर ⏩ शेष पेज 6 पर



■ घटनाओं के बाद पुलिस की लोगों से अपील

## ईपीएफओ के नए नियम आए

### 15 से यूपीआई और एटीएम से निकाल सकेंगे अब पैसा?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के खाताधारकों के बीच इन दिनों एक बड़ी सुविधा को लेकर चर्चा तेज है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आगामी 15 जुलाई 2026 से पीएफ का पैसा सीधे यूपीआई और एटीएम के जरिए निकालने की सुविधा शुरू हो सकती है। कयास यह भी हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस सेवा की शुरुआत करेंगे। हालांकि, इस ⏩ शेष पेज 6 पर



■ दावा पीएम मोदी करेंगे सेवा की शुरुआत

## खामेनेई को भारत ने पेश की खिराज-ए-अकीदत

# भारत के 2 प्रतिनिधि शामिल, 40 देशों के दिग्गज नेता व 90 देशों से धर्मगुरु आए

**9 जुलाई तक अंतिम संस्कार कार्यक्रम**



**तेहरान।** ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए तेहरान में दुनिया भर के प्रतिनिधियों का तांता लगा हुआ है। 4 जुलाई से 9 जुलाई तक चलने वाले इस सप्ताह भर के अंतिम ⏩ शेष पेज 6 पर
⏩ पढ़ें पेज 12 भी

## मप्र में देर रात 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

2 को मिला अतिरिक्त प्रभार

# हरिनारायण चारी पीएचक्यू पहुंचे रुचिवर्धन भोपाल ग्रामीण आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने देर रात एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 9 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल के तहत सागर, नर्मदापुरम और भोपाल ग्रामीण जोन में नए आईजी की पदस्थापना की गई है। साथ ही शहडोल और शाजापुर के एसपी भी बदले गए हैं। इसके अलावा दो वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।



हरिनारायण



रुचिवर्धन

आदेश के मुताबिक, अब तक आईजी एससीआरबी की जिम्मेदारी संभाल रहे हरि नारायणचारी मिश्रा को आईजी प्रशासन, पीएचक्यू (पुलिस मुख्यालय) बनाया गया है। वहीं, पीएचक्यू में आईजी प्रशासन के पद पर कार्यरत रुचि वर्धन मिश्रा को अब आईजी ग्रामीण जोन, भोपाल की कमान सौंपी गई है। वर्तमान में नर्मदापुरम जोन के आईजी मिथिलेश शुक्ला को अब आईजी सागर रेंज पदस्थ किया गया है। वे अब तक सागर का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे, जो हिमानी खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद से खाली था। इंदौर एसएएफ रेंज में पदस्थ चंद्रशेखर सोलंकी को अब आईजी नर्मदापुरम जोन की जिम्मेदारी दी गई है। जिलों के कप्तानों की बात करें तो संजय ⏩ शेष पेज 6 पर

## मुख्यमंत्री ने की कृषक कल्याण वर्ष के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा

खेती की लागत कम करना और किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता

# सरकार किसानों से सीधे करेगी संवाद, राजधानी से लेकर मैदानी स्तर तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेती की लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने गतिविधियों को प्राथमिकता पर लिया जाना आवश्यक है। इसीलिए, वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। किसानों से सीधे संवाद के लिए राजधानी से लेकर मैदानी स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करें। किसानों के हित संवर्धन के लिए लागू कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषक कल्याण वर्ष के तहत अब तक हुए ⏩ शेष पेज 6 पर

किसानों को उन्नत नस्ल की गाय उपलब्ध कराने में निजी संस्थाओं का सहयोग लेंगे



सीएम और मंत्रीगण

### बलराम कृषि महोत्सव और संभागीय मुख्यालयों पर होंगे फूड फेस्टिवल

ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और किसानों के लिए ई-पासबुक सुविधा का शुभारंभ जुलाई में ही किया जाएगा। राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन का आयोजन भी होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी ⏩ शेष पेज 6 पर

### इंदौर में होगा सब्जी महोत्सव और एक्वाकल्चर मार्केटिंग सिंपोजियम

खरगोन में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन और कपास एवं मिर्च महोत्सव आयोजित करने की योजना है। अन्तर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर जबलपुर में कार्यक्रम होगा। जबलपुर में ही कुक्कुट पालकों और उद्यमियों का सम्मेलन आयोजित होगा। बुरहानपुर में केला महोत्सव, उज्जैन में हाईटेक नर्सरी और संरक्षित खेती पर कार्यशाला, सागर और रतलाम में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) का राज्य स्तरीय सम्मेलन, नीमच में ⏩ शेष पेज 6 पर

## ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कमिश्नर और कलेक्टर की बैठक आयोजित

# कलेक्टर सहित अधिकारी सड़क पर उतरे, समस्याओं का जायजा लिया और संबंधित विभाग को शीघ्र सुधार करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था और सड़क पर जलभराव की समस्या सहित लैफ्ट टर्निंग, अतिक्रमण सहित अन्य ट्रैफिक समस्याओं को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस कमिश्नर संजय कुमार और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद कमिश्नर संजय कुमार और कलेक्टर सहित अधिकारी सड़क पर उतर आए। उन्होंने समस्याओं का जायजा लिया और संबंधित विभाग को सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़कों पर होने वाले जलभराव को भी विशेष रूप से रखा गया। गणेश मंदिर के पास सड़क पर पानी इकट्ठा होने और निकासी के लिए संबंधित विभाग को लिखा गया है। ब्लैक स्पॉट, लेफ्ट टर्निंग, ट्रैफिक सिग्नल, अतिक्रमण, सड़क पर बिजली के पोल सहित रेलवे स्टेशन से यात्रियों के निकलते समय रानीकमलापति रेलवे स्टेशन पर लग रहे जाम पर भी बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दा रहा।

**बैठक में ब्लैक स्पॉट, लेफ्ट टर्निंग, ट्रैफिक सिग्नल, अतिक्रमण, सड़क पर बिजली के पोल आदि मुद्दों पर हुई चर्चा**

**गणेश मंदिर के पास सड़क पर पानी इकट्ठा होने और निकासी के लिए संबंधित विभाग को लिखा**



पॉलीटेक्निक चौराहे के पास निरीक्षण करते कमिश्नर और कलेक्टर।

### बागसेवनिया में लगता है जाम

कमिश्नर और कलेक्टर बैठक के बाद गणेश मंदिर होते हुए बागसेवनिया पहुंचे थे। वहां सिग्नल पर लगने वाले जाम को देखा और सिग्नल के टायमिंग पर सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही अतिक्रमण से होने वाले जाम पर भी चर्चा की गई। कमिश्नर और कलेक्टर पॉलीटेक्निक चौराहा सहित पुराने शहर पहुंचे। पॉलीटेक्निक चौराहा और कमला पार्क पर लगने वाले जाम का निरीक्षण किया। इसके साथ पुराने शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। वर्तमान में राजधानी में 11 ब्लैक स्पॉट है, जिन पर अक्सर हादसे होते हैं। लिहाजा इसे भी खत्म करने के निर्देश दिए है।



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए।

### डिपो चौराहा पर मेट्रो प्रोजेक्ट से सकरी हुई सड़क

कमिश्नर और कलेक्टर अधिकारियों के साथ डिपो चौराहा पहुंचे, वहां मेट्रो प्रोजेक्ट के कारण सड़क सकरी हो गई है। साथ ही जलभराव की स्थिति भी बनती है। लिहाजा संबंधित अधिकारियों से समस्या का जल्द सुधार करने आदेश दिए। गोविंदपुरा टर्निंग पाइंट पर लगने वाले जाम को लेकर बीट प्रभारी को फटकार लगाई गई और जाम न लगे इसके प्रयास करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### महापौर ने मालीखेड़ी विसर्जन घाट के विकास कार्यों का लिया जायजा

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने शुक्रवार को मालीखेड़ी में विसर्जन घाट पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विसर्जन घाट के सभी कार्यों को श्रद्धालुजन की सुविधा के दृष्टिगत निर्धारित मानकों अनुसार जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में किए गए कामें सहित प्रचलित व आगामी कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की व शेष सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मूर्ति विसर्जन की सम्पूर्ण प्रक्रिया सुगमता के साथ पूर्ण कराने की व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराया जाए। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि निगम द्वारा मालीखेड़ी में विसर्जन घाट पर सीढ़ियां, रिटर्निंग वॉल, नालियों का निर्माण आदि कार्य कराए जा चुके हैं।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट नहीं दे रहे बस संचालक

**भोपाल।** सरकार के आदेश के बाद भी दिव्यांगजनों को बसों के किराए में 50 प्रतिशत छूट नहीं मिल रही है। सिर्फ कागजों में आदेश जारी है और बस संचालक छूट देने से मना कर रहे हैं, क्योंकि कभी बसों की औचक जांच में इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। इसलिए दिव्यांगजन आयुक्त ने परिवहन आयुक्त को पत्र लिखकर छूट दिए जाने के साथ ही मामले को लेकर जांच पड़ताल किए जाने की बात कहीं है। आयुक्त दिव्यांगजन डॉ. अजय खेमरिया ने परिवहन आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि परिवहन विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट देने के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाते हैं। दिव्यांगजन आयुक्त कार्यालय को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि प्रदेश के कई निजी बस संचालक इन आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। शिकायतों के अनुसार कई स्थानों पर दिव्यांग यात्रियों द्वारा किराए में छूट की मांग करने पर अभद्र व्यवहार किया जा रहा है।

## नोटिस पीरिएड निकलने के बाद भी नहीं सुधारीं व्यवस्थाएं, हजारों स्टूडेंटस की सुरक्षा से खिलवाड़

# फायर सेफ्टी में खामियां, इमरजेंसी एग्जिट नहीं, फायर हाइड्रेंट भी बंद, 6 कोचिंग संस्थानों पर निगम ने जड़े ताले

**1** एलन इंस्टीट्यूट, अय्यूब खान कोचिंग, श्रेयांश कोचिंग, कीर्तिमान अकादमी, एब्सिल्यूट इंस्टीट्यूट व एनआईटीडीपी ट्रेनिंग आनलाइन इंस्टीट्यूट पर कार्रवाई

**2** नेशनल बिल्डिंग कोड-2016 के प्रावधान अनुसार अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं नहीं, भवन में कहीं भी आपातकालीन सीढ़ियां भी नहीं थीं



कोचिंग सेंटर को सील करते हुए।



कोचिंग सेंटर पर कार्रवाई करता निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग संस्थानों पर नगर निगम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। फायर सेफ्टी के जरूरी इंतजाम नहीं मिलने पर एलन इंस्टीट्यूट समेत छह संस्थानों को सील कर दिया गया।

निगम का कहना है कि इन संस्थानों को पहले ही नोटिस देकर कमियां दूर करने का मौका दिया गया था, लेकिन तय समय के बाद भी सुधार नहीं किए गए। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर फायर ब्रिगेड और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने लालघाटी और इंद्रपुरी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान लालघाटी स्थित एलन इंस्टीट्यूट में आपातकालीन सीढ़ियां नहीं मिलीं। इसके अलावा फायर हाइड्रेंट सिस्टम का ऑटो मोड काम नहीं कर रहा था और उसे अलग जनरेटर से भी नहीं जोड़ा गया था। इन गंभीर कमियों के चलते भवन खाली कराकर सील कर दिया गया। इसी तरह इंद्रपुरी के गोयल टॉवर में संचालित अय्यूब खान कोचिंग, श्रेयांश कोचिंग, कीर्तिमान अकादमी, एब्सिल्यूट इंस्टीट्यूट और एनआईटीडीपी ट्रेनिंग ऑनलाइन इंस्टीट्यूट में भी फायर सेफ्टी के मानकों का उल्लंघन मिला। जांच में पाया गया कि भवन में कहीं भी आपातकालीन सीढ़ियां नहीं थीं, कई अग्निशमन यंत्रों की वैधता समाप्त हो चुकी थी और धुआं निकलने के लिए पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था भी नहीं थी।

नेशनल बिल्डिंग कोड-2016 के अनुसार जरूरी सुरक्षा इंतजाम नहीं मिलने पर इन सभी संस्थानों को भी सील कर दिया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सभी संस्थानों को 25 जून को नोटिस जारी कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संचालकों ने इन्हें गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए संस्थानों में ताला लगा दिया।

### जारी रहेगी कार्रवाई

निगम प्रशासन ने साफ कहा है कि शहर के अस्पतालों, नर्सिंग होम, कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक संस्थानों में फायर सेफ्टी की जांच आगे भी जारी रहेगी। जहां भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिलेगी, वहां बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसी भी संभावित हादसे से लोगों की जान बचाई जा सके।




हाईड्रेंट की जांच करते हुए।

## सीए फाउंडेशन का रिजल्ट जारी, 118 विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत से पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) की भोपाल शाखा ने सीए फाउंडेशन मई 2026 परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार भोपाल केंद्र का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 19.12 रहा, जहां परीक्षा में शामिल हुए 617 अभ्यर्थियों में से 118 ने सफलता हासिल की। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 20.09 फीसदी दर्ज किया गया, जिसमें देश भर के 90,217 परीक्षार्थियों में से 18,124 अभ्यर्थी सफल रहे। भोपाल केंद्र की मेरिट सूची में कुशाल पंचतिलक ने 70 प्रतिशत (280/400) अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, इशिता पाल और निषु पंडित ने 69.25 प्रतिशत (277/400) अंक पाकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

### करीब 10 से 12 घंटे करती रोजाना पढ़ाई



69.25% लाने वाली इशिता पाल ने कहा कि यह मेरा फर्स्ट अटेम्प्ट था और मैं पिछले 6 महीने से तैयारी कर रही थी, जिसमें मैं करीब 10 से 12 घंटे रोजाना पढ़ाई करती थी। पढ़ते-पढ़ते जब मैं बोर हो जाती या थक जाती तो फिर मैं नेचर के बीच जाना पसंद करती, ऐसे में मैं पार्क या यूं ही हरियाली के बीच जाकर वॉक करना पसंद करती, ऐसा करके मन काफी रिलेक्स होता और पढ़ाई में दोबारा मन लगता।

### परिवार को आर्थिक संबल देने चुना सीए का मार्ग



69.25% लाने वाली निशु पंडित ने कहा कि मैं बेसिक पर ज्यादा ध्यान देती थी, क्योंकि मेरे पापा एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करते हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। ऐसे में मुझे लगा कि परिवार का संबल बनने के लिए कुछ अच्छा करना पड़ेगा और इसीलिए मैंने सीए की राह चुनी और सेल्फ स्टडी करके ही मैंने यह अचीवमेंट हासिल किया है।

## डीन भर्ती पर मप्र हाईकोर्ट सख्त

# 5 मेडिकल कॉलेजों में सीधी भर्ती पर लगी अंतरिम रोक

**प्रत्यक्ष भर्ती के विज्ञापन को प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन माना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश के 5 नए मेडिकल कॉलेजों में डीन (अधिष्ठाता) के पदों पर की जा रही सीधी भर्ती की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है।

जस्टिस विशाल धगट की एकल पीठ ने बुरहानपुर, उमरिया और दमोह सहित पांच शासकीय मेडिकल कॉलेजों में 18 मई 2026 को जारी प्रत्यक्ष भर्ती के विज्ञापन को प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन माना है। इस मामले में अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। यह मामला रीवा के वरिष्ठ चिकित्सक और प्रोफेसर डॉ. मनोज इंदूलकर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। याचिका में यह गंभीर कानूनी सवाल उठाया गया कि जब नियम किसी पद को पूरी तरह पदोन्नति से भरने का प्रावधान करते हैं, तो वहां सीधी भर्ती का विज्ञापन निकालना कितना वैधानिक है? याचिकाकर्ता के अनुसार मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा भर्ती नियम, 2023 के तहत डीन का पद शत-प्रतिशत (100%) पदोन्नति के माध्यम से ही भरा जाना अनिवार्य है। ऐसे में शासन द्वारा सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करना नियमों के विपरीत है। इसके साथ ही याचिका में साल 2024 में इसी प्रक्रिया (प्रत्यक्ष भर्ती) से नियुक्त किए गए 18 अन्य डीन की वैधानिकता पर भी सवाल खड़े किए गए हैं।



## शाकाहारी सामग्री के साथ मिले अंडे, पंद्रह कर्मचारियों का नहीं मिला स्वास्थ्य सर्टिफिकेट

# मक्खियां और गंदगी में बनाए जा रहे अंकलजी जामुन, कुकीज, पेड़ा, क्रीमरोल, फैक्टरी सील

**लांबाखेड़ा का लाइसेंस लेकर अचारपुरा में चल रही थी फैक्टरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लांबाखेड़ा में फूड प्रोडक्ट्स बनाने का लाइसेंस लेकर इंद्र कुकरेजा अचापुरा में अंकलजी ब्रांड के गुलाब जामुन, पेड़ा, क्रीम रोल, कुकीज, क्रीम बिस्किट का कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंची, तो वहां मक्खियां भिनभिना रही थीं, टाइल्स नहीं होने की वजह से वहां गंदगी भरी पड़ी थी। गंदगी के बीच ही खाद्य सामग्री के साथ अंडे भी रखे मिले। टीम ने अनियमितताओं को लेकर पेड़, अंकलजी जामुन और कुकीज के सैंपल लेकर फेक्टरी को सील कर दिया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बेकरी और मिठाई निर्माण इकाई बीके फूड प्रोडक्ट्स पर छापामार कार्रवाई की। फैक्ट्री के प्रभारी इंद्र कुकेरेजा से लाइसेंस मांगा गया, तो उन्होंने लांबाखेड़ा, बैरसिया रोड का पता दर्ज था, जबकि पिछले एक महीने से अवैध रूप से इस निर्माण कार्य को अचारपुरा में शिफ्ट कर चलाया जा रहा था।



कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

### बारिश में खुले में बन रहे थे कुकीज और गुलाब जामुन



निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में बारिश के सीजन में कुकीज, गुलाब जामुन, क्रीमरोल और क्रीम बिस्किट जैसी खाद्य सामग्रियां खुले में रखी मिलीं। फैक्ट्री में काम कर रहे 6 महिला और 5 पुरुषों का मेडिकल सर्टिफिकेट भी नहीं मिला। अंडों का रखरखाव शाकाहारी खाद्य सामग्री के साथ किया जा रहा था।

## भक्तों ने अच्छी बारिश के लिए की प्रार्थना

# आषाढ़ मास की संकष्टी चतुर्थी के चलते गणेश मंदिरों में हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ मास की पहली गणेश चतुर्थी शुक्रवार को संयोग में मनाई गई। इस अवसर पर राजधानी के कई गणेश व हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शहर में बिना किसी आपदा के अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि आषाढ़ मास की गणेश संकष्टी चतुर्थी शुक्रवार को विशेष संयोग में मनाई गई। संकष्टी चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश और चंद्रमा की पूजा की गई। जिससे सभी बाधाएं दूर होती हैं। इस दिन माताएं संतान प्राप्ति और संतान की लंबी उम्र के लिए व्रत किया। संकष्टी चतुर्थी को कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है।



### गुफा मंदिर समेत कई मंदिरों में हुआ गणेश स्त्रोत

गुफा मंदिर समेत कई मंदिरों में गणेश स्त्रोत व चालीसा का पाठ कर आरती की गई। गुफा मंदिर में पं. लेखराज शर्मा ने गणेश पूजन व आरती कर अच्छी बारिश के लिए गणेश मंत्रों का वाचन किया। इसी तरह कमला नगर के मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर में अच्छी बारिश के लिए भक्तों ने सामूहिक प्रार्थना की।

## मेट्रो निर्माण से 60 फीट सड़क का बड़ा हिस्सा घिरा, बारिश में पानी भरने पर नहीं दिखेंगे खुले चेंबर

# भोपाल टॉकीज-काजीकैंप मार्ग पर बढ़ा खतरा... छह-छह फीट सड़क पर गुजर रहीं स्कूल बसें और एम्बुलेंस, खुले चेंबर बने हादसों की वजह

**60 फीट चौड़ी सड़क का लगभग 40 फीट हिस्सा मेट्रो निर्माण में घिरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल टॉकीज से काज़ीकैंप होते हुए नादरा बस स्टैंड तक चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य ने इस व्यस्त मार्ग पर लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। करीब 60 फीट चौड़ी सड़क का लगभग 40 फीट हिस्सा मेट्रो निर्माण और भारी मशीनों के कब्जे में है। दोनों ओर वाहनों की आवाजाही के लिए केवल छह-छह फीट चौड़ा रास्ता बचा है। इसी संकरे मार्ग से स्कूल बसें, स्कूल मैजिक, एम्बुलेंस, दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजर रहे हैं। ऐसे में दिनभर जाम की स्थिति बन रही है और हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

**सड़क संकरी होने से दिन भर बनती है जाम की स्थिति लोग होते हैं परेशान**

**जगह कम होने और वाहनों का दबाव ज्यादा होने से हादसे का रहता है डर**



काजीकैंप रोड पर खुला छोड़ा चेंबर।

### सड़क पर आठ से अधिक चेंबर

निर्माण स्थल पर आठ से अधिक चेंबर खुले पड़े हैं, बारिश के दौरान इनमें पानी भरने पर इनके दिखाई नहीं देने की आशंका है। ऐसे में वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के इन चेंबरों में गिरने का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। भोपाल टॉकीज और काजीकैंप शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में गिने जाते हैं। यहां दिनभर हजारों लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। सुबह और दोपहर के समय स्कूल बसों और स्कूल मैजिक का दबाव सबसे अधिक रहता है। आपात स्थिति में एम्बुलेंस को भी इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है।

### स्थानीय लोग बोले

निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग ने सुरक्षा उपायों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया है। उनका कहना है कि खुले चेंबरों को तत्काल ढंका जाए, मजबूत बैरिकेडिंग की जाए, चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और बारिश के मौसम को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

### ग्राउंड पर दिखी स्थिति

करीब 60 फीट चौड़ी सड़क में दोनों ओर केवल छह-छह फीट रास्ता बचा है। बीच के लगभग 40 फीट हिस्से में मेट्रो निर्माण और भारी मशीनें लगी हैं। आठ से अधिक चेंबर खुले पड़े हैं, जिनकी पर्याप्त सुरक्षा नहीं की गई। स्कूल बस, स्कूल मैजिक, एम्बुलेंस और अन्य वाहन एक ही संकरे मार्ग से गुजर रहे हैं। इस संबंध में मेट्रो प्रशासन का कहना है कि रोड निर्माण को लेकर नगर निगम पीडब्ल्यूडी को राशि जमा कर दी गई है और सड़कों को सुधारने व चेंबर को दुरुस्त करने को लेकर मेट्रो प्रशासन निर्माण करता एजेंसी भी समन्वय से कम कर रही है। सुरक्षा के इंतजाम भी किया जा रहे हैं और चेंबर को भी ढकवाया जाएगा।



खुले चेंबर के बगल से गुजरते वाहन।



करोंद मंडी रोड पर दोपहर 2.15 बजे अचानक तेज बारिश हो गई, जिससे बाइक सवार और उसका बेटा जमकर भीग गए।

## निशातपुरा में उफनी पुलिया, शिव नगर में तोड़ना पड़ी पानी निकासी के लिए तीन पुलिया की दीवारें

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद मंडी, डीआईजी बंगला रोड, केवी-1 और बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन के नीचे भरा पानी

# राजधानी में अभी तो इतनी बारिश नहीं जब 'झूरकर' बरसेगा तो क्या हाल होगा!

>> हमीदिया रोड पर कई दुकानों में भरा पानी, पुराने शहर में कई जगह लगा जाम, वाहन चालक परेशान

>> छोला एरिया की उड़िया बस्ती, सुंदर नगर में घरों में घुसा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून की बारिश ने राजधानी में दस्तक देते ही नगर निगम और अन्य एजेंसियों की तैयारियों की पोल खोल दी। शुक्रवार को शहर के कई हिस्सों में जलभराव, कीचड़ और घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़कें तालाब बन गईं और वाहन रेंगते रहे। शिवनगर में तो नगर निगम के अमले को पानी निकासी के लिए पुलिया तोड़ना पड़ीजबकि निशातपुरा में पुलिया पर पानी भर गया। काजीकैंप से करोंद तक और रायसेन रोड पर चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के कारण बारिश ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दीं। करोंद मंडी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, डीआईजी बंगला रोड, केवी-1 स्कूल और बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन के नीचे पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा।

कई स्थानों पर वाहन पानी में फंस गए, जिससे लंबा जाम लग गया। निशातपुरा क्षेत्र में पुलिया उफान पर आने से आवाजाही प्रभावित रही। वहीं शिव नगर में जलभराव इतना बढ़ गया कि नगर निगम के अमले को पानी की निकासी के लिए तीन छोटी पुलियाएं तोड़नी पड़ीं। इसके बाद ही क्षेत्र से पानी निकल सका। इसके साथ ही हमीदिया रोड, काजीकैंप क्षेत्र में कई दुकानों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। पुराने शहर के कई इलाकों में भी सड़कों पर पानी भरने और जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा महाराणा प्रताप नगर, अरेरा हिल्स, अरेरा कॉलोनी, चार इमली, सात नंबर तिराहा, पांच नंबर बस स्टॉप, पंचशील नगर, मैदामिल रोड, लिंक रोड-3 पर वाहन चालकों को पानी और गड्ढों के बीच से निकलना पड़ा।




छोला इलाके के सुंदर नगर में भरा पानी।


छोला इलाके की उड़िया बस्ती के हाल।


निशातपुरा अंडर ब्रिज में भरा पानी।

### कई बस्तियों में घरों में घुसा पानी

*छोला क्षेत्र में उडिया बस्ती, सुंदर नगर में कई घरों में पानी घुस गया। इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा।*

### जहां से लिया था सैंपल, वहीं जलभराव

*बोर्ड ऑफिस मेट्रो रेलवे स्टेशन के नीचे जहां से नगरीय प्रशासन विभाग के एसीएस और निगम आयुक्त ने रोड के निरीक्षण के दौरान जहां से रोड निर्माण के दौरान मटेरियल के सैंपल लिए थे वहीं जलभराव हुआ।*

### गांधी नगर बस स्टैंड की सड़कें बनीं तालाब

*गांधी नगर बस स्टैंड की सडकें तालाब बन गईं। पानी की गति धीमी होने के बाद भी कई घंटे लोगों को पानी के बीच से आवाजाही करना पडी। इधर केवी-1, आरकेएमपी और बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन के नीचे पानी भरा।*

### कंट्रोम रूम अलर्ट है, तत्काल मौके पर पहुंच रही हैं टीमें

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि बाढ कंट्रोल रूम अलर्ट है। शहर में कहीं से भी शिकायत मिल रही है तो तुरंत मौके पर टीमें पहुंच रही हैं। शुक्रवार को शिव नगर में जलभराव के चलते पुलिया की दीवार तोड़ी गई।

महिलाओं ने किया विरोध, कहा-अपनी गृहस्थी खुले आसमान में लेकर कहां जाएं!

## छह साल से नोटिस, अब अंतिम चेतावनी, 252 फ्लैट खाली नहीं किए तो खुद होंगे जिम्मेदार, तुरंत सुरक्षित स्थान पर हों शिफ्ट

*अयोध्या नगर के जर्जर फ्लैटों पर रेड अलर्ट, प्रशासन बोला-अभी खाली करें, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा*

**भोपाल।** राजधानी के अयोध्या नगर एच-सेक्टर स्थित 252 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को लेकर बड़ा खतरा सामने आया है। नगर निगम ने इन भवनों को जर्जर, खतरनाक और रहने के लिए पूरी तरह असुरक्षित घोषित कर दिया है। इसके बावजूद कई परिवार अब भी इन इमारतों में रह रहे हैं। अब मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने रहवासियों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए तत्काल मकान खाली करने को कहा है। इधर आवासों में रहने वाले परिवारों ने नोटिस का विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि नगर निगम और हाउसिंग बोर्ड प्रशासन ने उनके विस्थापन की व्यवस्था किए बिना ही आवास खाली करने की चेतावनी दे दी। बारिश के मौसम में वे अपनी ग्रहस्थी लेकर कहां जाएं! मंडल के अनुसार वर्ष-2020 से लगातार नोटिस दिए जा रहे हैं और अधिकारियों ने घर-घर जाकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट होने की समझाइश भी दी है, लेकिन कई परिवार अब तक भवन खाली नहीं कर रहे हैं। यदि भवन नहीं छोड़े गए और किसी प्रकार की जन-धन हानि या अप्रिय घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित रहवासियों की होगी। बारिश के मौसम में जर्जर भवनों के ढहने का खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में यह चेतावनी शहर के संवेदनशील आवासीय परिसरों में से एक पर मंडराते बड़े खतरे से बचाव को लेकर बोर्ड ने जारी की है।


अयोध्या नगर में जर्जर ईडब्ल्यूएस आवास। इनसेट : अपने हाथों से जर्जर दीवार की चुनाई करता एक रहवासी


इन आवासों की छतों का प्लास्टर तक उखड़ गया है। इससे इनके गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है।

### विस्थापन की व्यवस्था हो...



मैं आवास खाली करने को तैयार हूं, लेकिन अपना सामान लेकर कहां जाएं। पहले विस्थापन के लिए व्यवस्था की जाए।

**निशा रानी अग्रवाल**, रहवासी

### गृहस्थी लेकर कहां चले जाएं...



हमारे छोटे-छोटे बच्चे हैं। 35 साल से रह रहे हैं। मकान खतरनाक हैं। यह बात सही है, लेकिन खुले आसमान के नीचे हम अपनी गृहस्थी लेकर कहां जाएं।

**मंजू गुजराती**, रहवासी

### सीएम हाउस तक शिकायत...



यहां के परिवारों ने विस्थापन को लेकर सीएम हाउस तक शिकायतें कीं। नोटिस दिए जा रहे हैं, लेकिन विस्थापन के लिए जगह नहीं बता रहे हैं।

**सपना अग्रवाल**, रहवासी

## पक्के नाले के नाम पर करोड़ों खर्च, फिर भी बह गया गणेश मंदिर का नाला

**भोपाल।** शहर में पीडब्ल्यूडी के नालों के निर्माण, मरम्मत और सफाई पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के दावों के बीच पहली ही मानसूनी बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। जीजी फ्लाईओवर के पास गणेश मंदिर के सामने पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब दो वर्ष पहले शुरू कराया गया पक्के नाले का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है। नतीजतन पहली तेज बारिश में पानी की निकासी बाधित हो गई और पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो गई।



### पीडब्ल्यूडी ने नाले की खुदाई कर छोड़ा

रेलवे ट्रैक और सड़क किनारे बारिश के पानी की निकासी के लिए पीडब्ल्यूडी ने नाले की खुदाई कर पक्का निर्माण शुरू किया था। कुछ समय काम चला, लेकिन बाद में निर्माण अचानक बंद कर दिया गया। तब से न तो नाले का निर्माण पूरा किया गया और न ही जल निकासी के लिए कोई व्यवस्था बनाई गई। शुक्रवार को हुई बारिश में अधूरा नाला तेज बहाव का दबाव नहीं झेल सका। कई हिस्सों की मिट्टी नाले में बह गई जिससे पानी सीधे सड़क पर भरने लगा।

**हर साल यही कहानी**...हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त करने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन अधूरे निर्माण कार्य और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। लो.नि.वि के एसडीओ प्रीति यादव का कहना है कि मैं अभी नई आई हूं। जानकारी लेकर ही बता पाउंगी। लोनिवि के ईई मनीष उदेनिया ने जिम्मेदारी लेने से ही इंकार कर दिया।



आयुक्त ने कहा- दीवारों में नहीं है सीलन, बारिश का पानी केवल खुले हिस्से से आ रहा है

## निगम मुख्यालय में खामियां सुधारने की कवायद, अब 'ओपन-टू-स्काई' एरिया होगा कवर्ड

**भोपाल।** करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से बने नए नगर निगम मुख्यालय भवन में सामने आ रही खामियों के बीच शुक्रवार को निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की विभिन्न मंजिलों और कार्यालयों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य जल्द कराने के निर्देश दिए।




### दीवारों पर कहीं नहीं मिली सीलन

*भवन की दीवारों से कहीं भी पानी का रिसाव या सीलन नहीं मिली। बारिश का पानी केवल ओपन-टू-स्काई (खुले) हिस्से से भीतर आ रहा है। इसे रोकने के लिए इस हिस्से को कवर्ड किया जाएगा, जिससे बारिश का पानी भवन के अंदर नहीं पहुंचे और कर्मचारियों व कार्यालयीन कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी न हो।*



### छत पर पानी, दीवारों पर भी नमी

*शुक्रवार को हरिभूमि की टीम निगम मुख्यालय में स्थिति देखने पहुंची तो कुछ जगह दीवारों पर नमी मिली और छत पर पानी भरा मिला। जबकि बडी संख्या में दस्तावेजों की नस्तियां कमरे में रखी मिलीं।*



### लिफ्ट का मेंटेनेंस जारी

*भवन की एक लिफ्ट में कुछ दिन पहले खराबी आने से उसका संचालन फिलहाल बंद रखा गया है। संबंधित एजेंसी द्वारा लिफ्ट का मेंटेनेंस किया जा रहा है।*

### कमरे में रखवाईं नस्तियां

भवन में रखी फाइलें और दस्तावेज पानी या नमी के संपर्क में न आएं। इसके लिए सभी नस्तियों और रिकॉर्ड को सुरक्षित कमरों में रखवाया गया है, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।



महापौर ने की स्वास्थ्य विभाग एवं गौवर्धन परियोजना शाखा की समीक्षा

## जल ठहराव के संभावित स्थानों की निगरानी करें अधिकारी, पानी निकासी ठीक कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून की शुरुआत के साथ शहर में जलभराव और गंदगी की शिकायतों के बीच महापौर मालती राय ने नगर निगम अधिकारियों को साफ संदेश दिया है कि बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में पानी नहीं रुकना चाहिए। शहर के सभी जलभराव संभावित स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए और पानी की निकासी व्यवस्थित एवं निरंतर सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। शुक्रवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में स्वास्थ्य विभाग और गोवर्धन परियोजना शाखा की समीक्षा बैठक में महापौर ने बारिश के दौरान जल निकासी, साफ-सफाई, फॉगिंग, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, कचरा संग्रहण और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।

■ जल निकासी, फॉगिंग, कचरा उठाने और गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों के संचालन में तेजी लाने के निर्देश



### शहर का कचरा समय पर निष्पादन स्थल भेजें

हाल की बारिश में जहां-जहां पानी भरने की समस्या सामने आई है, उन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और स्थायी समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। महापौर ने अधिकारियों को शहर से निकलने वाले पूरे कचरे को समय पर निष्पादन स्थलों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों के शेष कार्य जल्द पूरे कर उनका संचालन शुरू करने को कहा।

### मच्छरजनित बीमारी रोकने फॉगिंग जारी

बारिश के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पूरे शहर में व्यापक स्तर पर फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कांजी हाउसों में पशुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, पशुपालकों का सर्वे कराने, सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव और जोन स्तर पर आपदा नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखने पर भी जोर दिया गया।

## देवास के खिवनी अभयारण्य से घायल 10 वर्षीय बाघ 'युवराज' भोपाल शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवास जिले के खिवनी अभयारण्य में बाघों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में विगत दिनों 10 वर्षीय बाघ 'युवराज' गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके अगले पंजों पर गहरे घाव हो गए थे, जिसके कारण वह लंगड़ाकर चल रहा था और शिकार करने में भी असमर्थ हो गया था। इसके बाद बाघ का रेस्क्यू कर इलाज के लिए भोपाल शिफ्ट किया गया। शनिवार को वन विहार भोपाल के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया।


वन विहार के डॉक्टरों ने घंटों किया इलाज
घायल बाघ का इलाज करते चिकित्सक।

### वर्चस्व की लड़ाई में हुआ घायल

घंटों तक चले यह अभियान बड़ी चुनौती से भरा था। वन विहार संचालक विजय कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार खिवनी अभयारण्य देवास में आपसी संघर्ष में अत्यंत गंभीर घायल नर बाघ 'युवराज' को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की रेस्क्यू दल द्वारा रेस्क्यू कर वन विहार लाया गया था। घायल नर बाघ 'युवराज' को उपचार के लिए रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है। उक्त घायल नर बाघ के आगे एवं पीछे के पैरों में गहरे घाव थे।

### बाघ के बाएं पैर में 6 टांके लगाए

शुक्रवार को राज्य पशु चिकित्सालय जहाँगीराबाद के वरिष्ठ वेटरीनरी सर्जन डॉ. एस.के. तुमड़िया, वन विहार के वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल गुप्ता एवं वाईल्ड लाईफ एस.ओ.एस. वन विहार के पशु चिकित्सक डॉ. विनीत द्वारा घायल नर बाघ का गहन परीक्षण किया एवं एक्सरे किया गया।

16 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची घोषित

अध्यक्ष पद के लिए परमार, देवेंद्र, सुशील समेत 3 और मैदान में

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 6 तो उपाध्यक्ष पद के लिए 7 प्रत्याशियों में मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16 जुलाई को होने वाले भोपाल जिला अभिभाषक संघ के चुनाव के प्रत्याशियों की अंतिम सूची मुख्य चुनाव अधिकारी वासु वासवानी ने अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी खालिद हफीज, कैलाश मालवीय, दीपेश श्रीवास्तव, जगदीश गुप्ता, सुहाग सिंह सोलंकी, योगेश वर्मा और कमल रोचिरमानी और स्टेट बार कौंसिल के पर्यवेक्षकों मो.सफीर तथा मेहमूद खान की बैठक के बाद शुक्रवार को घोषित कर दी है।


अपने-अपने नामांकन की पावती दिखाते उम्मीवाद प्रत्याशी।

### 30 पदों के लिए 89 के बीच होगी भिड़ंत

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों के 30 पदों के लिए 89 प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला होगा। अध्यक्ष पद पर 6 जगदीश सिंह परमार, देवेंद्र सिंह रावत, सुशील श्रीवास्तव, रफी जुबेरी, हिंमचल शर्मा तो उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर 7,सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी, सुनील सिंघल, अमित दुबे, एबी खान, नीरज तिवारी, अजय पांडे और अनिल सिंह हैं। उपाध्यक्ष (महिला) पद पर 4, सचिव पद पर 4, सह-सचिव पद पर 7 और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर 5, वरिष्ठ कार्यकारिणी (पुरुष) के लिए 26 और वरिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के लिए 9 नामांकन दाखिल किए गए।

## खबर संक्षेप



### सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को दी विदाई

**भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग ने जून में सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का विदाई समारोह शुक्रवार को मंत्रालय में आयोजित किया। समारोह में जून 2026 में सेवानिवृत होने वाले वीरन सिंह भलावी, इशा मूलचंदानी, हेमलता मेघश्याम, ओमप्रकाश राजपूत, महेश उपाध्याय, रत्नेश पाराशर, याकूब खान, कैलाश चंद्र सैनी, शैलेंद्र कुमार शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, मेवा बाई एवं और राजकुमार पटेल मंत्रालय कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत विदाई दी गई। समारोह में मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के सलाहकार आशीष सोनी द्वारा सेवानिवृत शासकीय सेवकों के सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई।

### मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह योजनाः कलेक्टर के वित्तीय अधिकार बढ़े

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह योजना के तहत प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर नियमों में बड़ा बदलाव किया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने कलेक्टरों के वित्तीय अधिकार बढ़ा दिए हैं। अब कलेक्टर आवश्यकता पड़ने पर दो लाख रुपए से अधिक की राशि भी निराश्रित निधि से स्वीकृत कर खर्च कर सकेंगे। अब तक कलेक्टरों को निराश्रित निधि से सीमित राशि खर्च करने का अधिकार था। एक बार में अथवा एक माह के भीतर अधिकतम 25 हजार रुपए और पूरे वित्तीय वर्ष में निर्धारित सीमा तक ही ब्याज की राशि का उपयोग किया जा सकता था। वहीं, जमा राशि पर अर्जित ब्याज से अधिकतम दो लाख रुपए तक के भुगतान की अनुमति थी।
नए आदेश के तहत कलेक्टरों को निराश्रित निधि के मूलधन और ब्याज दोनों का उपयोग करते हुए प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के पूर्ण वित्तीय अधिकार दिए हैं।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज से मप्र के दो दिनी दौरे पर

**भोपाल।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 4 और 5 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला मध्यप्रदेश दौरा है। दो दिवसीय दौरे के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त इंदौर में बूथ लेवल ऑफिस से बात करेंगे एवं दूसरे दिन ओंकारेश्वर और महेश्वर के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त 4 जुलाई को इंदौर पहुंचेंगे। यहां पर लता मंगेशकर सभागृह में आयोजित बीएलओ कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। इसे दौरान वे इंदौर, उज्जैन, देवास, धार और खंडवा जिले के 1,500 से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि ज्ञानेश कुमार देश के ऐसे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं, जिन्होंने जमीनी स्तर पर चुनाव व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दिल्ली में भी बीएलओ के साथ सीधे संवाद की अनूठी पहल की थी।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में नए विधायकों का प्रबोधन कार्यक्रम

# विधानसभा में प्रश्न सही होगा तो जवाब भी सटीक आएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रश्नकाल में सभी सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि कैसी भी परिस्थिति हो, लेकिन प्रश्नकाल को स्थगित नहीं करना चाहिए। कई बार प्रश्नकाल में पूरक प्रश्न में एक-दो मिनट तो भाषण में ही निकाल देते हैं। इससे समय भी जाया होता है, और प्रश्न भी कई बार घूम जाता है। जब प्रश्न घूम जाता है तो सरकार का जवाब भी घूम जाता है।

यदि सरकार से ठीक जवाब लेना है, या सरकार को कटघरे में खड़ा करना है, तो पूरक प्रश्न सटीक होना चाहिए। अध्यक्ष तोमर पश्चिम बंगाल विधानसभा में नए विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम में बोल रहे थे। वे सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए संसदीय प्रश्न एवं अन्य संसदीय उपकरणों की महत्ता विषय पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश एवं विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारी, लोकसभा व विधानसभाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

### विधायकों को प्रश्न के बारे में अध्ययन करना चाहिए


कार्यक्रम को संबोधित करते तोमर।

तोमर ने कहा कि इसके लिए निश्चित रूप से विधायकों को प्रश्न के बारे में अध्ययन करना चाहिए। प्रश्न की सार्थकता विधायक की प्रतिष्ठा भी है। प्रश्न संक्षिप्त और सार्थक हो। प्रश्न सार्थक होगा और पूरक प्रश्न सीधा व सटीक होगा तो जवाब भी सटीक आएगा। यदि सरकार के पास जवाब नहीं होगा तो सरकार निरुत्तर होगी। यदि सार्थक जवाब आएगा, तो आपके कार्य की प्रशंसा होगी। इसलिए प्रश्नकाल का उपयोग हम सब लोगों को बहुत ही ध्यान पूर्वक और अच्छे तरीके से करना चाहिए।

**विधानसभा लोकतंत्र की जीवंत व्यवस्था का प्रतिपादन**

तोमर ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन की शुद्धता ही सार्वजनिक जीवन की शुद्धता को सार्थक करती है। विधानसभा केवल संसदीय कार्यवाही का विवरण नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की उस जीवंत व्यवस्था का प्रतिपादन है, जहां सत्ता अपने आप में अंतिम नहीं होती, बल्कि हर क्षण परीक्षण के अधीन रहती है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन शक्ति के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी लेकर चलता है, और यह उत्तरदायित्व केवल नैतिक नहीं, बल्कि संस्थागत होता है।

### क्षेत्र में भ्रमण करेंगे तो समस्या से सही रूप में रूबरू होंगे

तोमर ने कहा कि विधानसभा का सत्र प्रारंभ होने के पहले क्षेत्र में भ्रमण भी होना चाहिए। यदि क्षेत्र में भ्रमण करेंगे तो समस्या से सही रूप में रूबरू होंगे। कई बार लोग हमको प्रश्न बना कर दे देते हैं। हमको भी लगता है कि प्रश्न लगाना है और बने बनाए प्रश्न मिल गए हैं तो क्यों मेहनत करें? लेकिन प्रश्न को हमें अपने हाथ से लिखना चाहिए। प्रश्न अपने हाथ से लिखेंगे तो उसे प्रश्न के प्राण को समझ पाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि प्रश्न व्यक्ति विशेष पर केंद्रित न हो। जब व्यक्ति विशेष पर प्रश्न केंद्रित होता है तो फिर उसके गलत अर्थ भी निकलते हैं। गलत अर्थ पर जब चर्चा होती है तो विधायक की प्रतिष्ठा धूमिल होती है।

### विषय महत्वपूर्ण होगा तो ध्यानाकर्षण लगते ही पूरी सरकार में खलबली मच जाएगी

तोमर ने कहा कि ध्यानाकर्षण लगाते समय भी हम सब लोगों को इसके पीछे की भावना पर ध्यान देना चाहिए, अन्यथा इसका महत्व कम हो जाएगा। विषय महत्वपूर्ण होगा तो ध्यानाकर्षण लगते ही पूरी सरकार में खलबली मच जाएगी। तोमर ने कहा कि जिस व्यक्ति का सार्वजनिक जीवन जनता सुनिश्चित कर देती है, उसके लिए व्यक्तिगत कुछ नहीं होता है।

## सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण बने आनंदोत्सव, हर बच्चे की हो सहभागिता

# तैयार हो चुके 70 सांदीपनि विद्यालयों का 15 जुलाई तक कराए लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय में लोकार्पण के लिए तैयार हो चुके प्रदेश के सभी सांदीपनि विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन विद्यालयों का लोकार्पण औपचारिक कार्यक्रम न होकर शिक्षा, संस्कृति और जनभागीदारी का सामाजिक उत्सव बने।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित 'स्कूल चलें अभियान' के दौरान आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में बच्चों, उनके अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण आनंद के उत्सव के रूप में मनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों को यादगार बनाने के लिए बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएं। साथ ही सभी बच्चों को स्वल्पाहार एवं मिष्ठान्न वितरित किया जाए, जिससे यह अवसर उनके लिए अविस्मरणीय बन सके।

### मुख्यमंत्री ने सांदीपनि विद्यालयों के समुचित प्रबंधन के लिए स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग को दिए निर्देश

**खास बात**

- कार्यक्रमों को यादगार बनाने के लिए बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं तथा रचनात्मक गतिविधियां की जाएं : डॉ. यादव


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### सांदीपनि विद्यालय प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त शिक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण पहले ही हो चुका है, वहां प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों से जुड़ाव बढ़े। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह तथा स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने वर्चुअली सहभागिता की।

### गुरु सांदीपनि के प्रेरणादायी जीवन पर लघु पुस्तिका विद्यार्थियों को दी जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु सांदीपनि के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित एक लघु पुस्तिका (पॉकेट बुक) प्रकाशित कर विद्यार्थियों में वितरित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरु सांदीपनि तत्समय सामाजिक समरसता के सबसे बड़े पैरोकार थे। उन्होंने जाति, वर्ग, रंग का भेद न करके अमीर-गरीब से लेकर राज परिवार के बच्चों सहित गरीबों और किसानों के बच्चों को शिक्षा-दीक्षा दी। सभी को समान रूप से दीक्षित किया। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में हम सबके विशेषकर विद्यार्थियों को जानना जरूरी है। इससे विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य संबंधों और नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी और प्रेरणा मिलेगी।

### 70 सांदीपनि विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूरा, जिलों प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में होगा लोकार्पण

स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने बताया कि वर्तमान में 70 सांदीपनि विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के 46 एवं जनजातीय कार्य विभाग के 24 (कुल 70) सांदीपनि विद्यालय लोकार्पण के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इनका लोकार्पण कराया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाली गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) के दिन हर जिले के एक सांदीपनि विद्यालय में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाए।

### स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान होगा

विज्ञान प्रदर्शनी आयोजन, गुरुजनों का सम्मान, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी प्रदाय, विद्यार्थियों की ओर से डिजिटल एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रदर्शन सहित स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान जैसे आयोजन किए जाएं। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत, जर्मनी की साझेदारी मजबूत करने में मप्र निभाएगा बड़ी भूमिका



### मुख्यमंत्री से जर्मनी के केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक की सीईओ सुश्री लाईबेक ने की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को जर्मनी के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से मुख्यमंत्री से मप्र में ऊर्जा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

प्रतिनिधिमंडल में जर्मनी के केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी बोर्ड की सदस्या एवं बैंक की सीईओ सुश्री क्रिस्टियाने लाईबेक, कंट्री डायरेक्टर वूल्फन मूथ, जर्मन दूतावास के प्रतिनिधि गॉटफ्रीड वॉन और अन्य सदस्य, प्रबंध संचालक मप्र औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड चंद्रमौली शुक्ला, विशेष गढ़पाले सहित केन्द्र सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यनमंत्री डॉ. यादव ने भारत एवं जर्मनी के बीच दशकों पुरानी मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भाईयों की तरह हैं। इनमें आपसी साझेदारी को और अधिक प्रबल बनाने में मप्र बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है।

### मप्र एक ऊर्जा दक्ष हरित और समृद्ध राज्य बनेगा

जर्मनी के सहयोग से हमारा मप्र एक ऊर्जा दक्ष हरित और समृद्ध राज्य बनेगा। केएफडब्ल्यू बैंक के प्रतिनिधिमंडल की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि एनर्जी रिफार्म प्रोग्राम अन्तर्गत वितरण कंपनियों में स्मार्ट मीटर की स्थापना एवं फीडर विभक्तिकरण कार्य के लिए 1120 करोड़ रुपए का वित्त पोषण किया जा रहा है। बैंक की ओर से इस साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए एनर्जी रिफार्म फेज-2 अंतर्गत प्रदेश में विद्युत वितरण अधोसंरचना निर्माण तथा सौर घंटों में कृषि फीडरों की आपूर्ति के लिए अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों के लिए लगभग 200 मिलियन यूरो के वित्तीय सहयोग पर रूचि दिखाई है।

## सोलर रूफटॉप योजना लागू, हजारों को मिलेगा लाभ

# पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्मिकों के घरों पर चमकेगी सौर ऊर्जा


प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने अपने कार्मिकों के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल करते हुए सोलर रूफटॉप प्लांट योजना लागू की है।

ऊर्जा विभाग के निर्देशों के अनुरूप जारी इस योजना से कंपनी के सभी नियमित कार्मिकों को अपने आवास पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कराने की सुविधा मिलेगी।

### सरल प्रक्रिया और सर्वाधिक लाभ

अब इच्छुक कार्मिक प्रदेश की संबंधित विद्युत वितरण कंपनी (डिस्कॉम) की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और सूचीबद्ध विक्रेताओं में से अपनी पसंद के विक्रेता का चयन कर सोलर प्लांट स्थापित करा सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक कार्मिक इसका लाभ उठा सकें। इस योजना के तहत 3 किलोवाट तक की क्षमता वाले सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना के लिए विद्युत वितरण कंपनी पात्रता के अनुसार निर्धारित राशि का 50 प्रतिशत सीधे चयनित विक्रेता को देगी। शेष राशि संयंत्र की सफल स्थापना एवं आवश्यक प्रमाणन के बाद जारी की जाएगी।

## अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रयास हों

# मप्र के लिए 5,00,856 करोड़ की ऋण योजना 2026-27 जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में शुक्रवार को वित्त विभाग के अधिकारियों और राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी के समन्वयक से कहा कि वे जिलों से प्राप्त जिला स्तरीय क्रेडिट प्लान का हर हाल में क्रियान्वयन कर अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएं।

उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की ओर से प्रस्तुत वार्षिक साख योजना 2026-27 का विमोचन कर जारी की। वार्षिक साख योजना के विमोचन के दौरान अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, आयुक्त संस्थागत वित्त सुश्री सोनिया मीना, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक सुश्री सुजाता लाल, उपमहाप्रबंधक नाबार्ड विजेंद्र सिंह, उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति पवन कुमार अग्रवाल, भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक निशंका रॉय सहित


निर्देश देते सीएस अनुराग जैन।

अन्य बैंक के अधिकारी उपस्थित हुए। जारी क्रेडिट प्लान के अनुसार कुल वार्षिक ऋण योजना रुपए 5,00,856 करोड़ निर्धारित की गई है। जो पिछले वर्ष के लक्ष्य 4,19,110 करोड़ रुपए का 119.50 प्रतिशत है। कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्म क्रेडिट के लिए 1,28,866 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के लक्ष्य का 106.56 प्रतिशत तथा उपलब्धि का 120.56 प्रतिशत अधिक है। फसल ऋण का लक्ष्य रुपए 88,638 करोड़ रूपये रखा गया है, जो गत वर्ष के लक्ष्य का 101.22 प्रतिशत तथा उपलब्धि का 122.36 प्रतिशत है।

## नए आईसीडी और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाने का अनुरोध

# दिल्ली में हुई व्यापार बोर्ड की बैठक, मंत्री काश्यप ने किया मप्र का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में शुक्रवार को सम्पन्न हुई बोर्ड ऑफ ट्रेड की महत्वपूर्ण बैठक में मप्र की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश की निर्यात क्षमता, औद्योगिक विकास एवं निवेश संभावनाओं पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

बोर्ड बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, देश के प्रमुख उद्योगपति, निर्यातक, व्यापार बोर्ड के सदस्य, विभिन्न राज्यों के मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों से संपन्न हुए 9 मुक्त व्यापार समझौते भारत के निर्यात क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि हैं। उन्होंने सभी राज्यों से


केंद्रीय मंत्री गोयल व मंत्री काश्यप चर्चा करते हुए।

इन समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने तथा निर्यात को नई गति देने के लिए समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। मंत्री काश्यप ने कहा कि भारत को वर्ष 2030-31 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचाने में मप्र अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य निर्यात वृद्धि के साथ-साथ आयात पर निर्भरता कम करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

### वस्तु निर्यात लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा हैः मंत्री काश्यप

मंत्री काश्यप ने कहा कि मप्र ने राज्य निर्यात नीति, जिला निर्यात कार्य योजनाओं, जिला निर्यात संवर्धन परिषदों, राज्य स्तरीय निर्यात संवर्धन परिषद तथा 'एक जिला- एक उत्पाद जैसी पहलों के माध्यम से मजबूत निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। प्रदेश का वस्तु निर्यात लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आगामी वर्षों में इसे और अधिक गति देने के लिए ठोस रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

## कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन और उपवास किया

# राम मंदिर चंदा मामले पर महिला कांग्रेस का 'सद्बुद्धि यज्ञ', चंपत राय के खिलाफ एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राम मंदिर निर्माण के नाम पर कथित चंदा गड़बड़ी के आरोपों को लेकर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस ने गुरुवार को राजधानी भोपाल में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में 'सद्बुद्धि यज्ञ', भजन-कीर्तन और उपवास किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यज्ञ कुंड में



विरोध प्रदर्शन करती कांग्रेस की महिला पदाधिकारी।

आहुति देकर भाजपा को सद्बुद्धि देने और राम मंदिर निर्माण के नाम पर जुटाए गए कथित चंदे में अनियमितता की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की प्रार्थना की।

### निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होः पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि करोड़ों लोगों ने भगवान श्रीराम के प्रति आस्था के साथ चंदा दिया था। यदि श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ छल हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों के आस्था के केंद्रः रीना

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में यदि चंदे में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो जवाबदेही तय कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। कार्यक्रम के बाद महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित थाने पहुंचकर चंपत राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर शिकायत और ज्ञापन सौंपा।



### अयोध्या जाकर एफआईआर दर्ज कराएंगेः दिग्विजय

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने भी राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया था। यदि चंदे में गड़बड़ी हुई है तो वे वकील के माध्यम से अयोध्या जाकर केस दर्ज कराएंगे।

# पैदल मार्च निकालकर कंप्यूटर ऑपरेटरों ने मांगी संविदा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संविदा नियुक्ति की मांग को लेकर वन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों ने पैदल मार्च निकाल कर वन बल प्रमुख पीसीसीएफ शुभ रंजन सेन को दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में प्रदेश भर के कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी पैदल मार्च में शामिल हुए। इससे पहले कम्प्यूटर ऑपरेटरों की बैठक मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में इंदिरा निकुंज नर्सरी 74 बंगला में संपन्न हुई।


ज्ञापन सौंपते पांडे।

अशोक पांडे ने बताया कि अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों ने 74 बंगला से पैदल मार्च शुरू किया, जो सेकंड स्टाफ, नर्मदा भवन, सेंट मैरी स्कूल से होता हुआ वन भवन मुख्यालय पहुंचा। वहां पहुंचकर कर्मचारियों ने वन बल प्रमुख पीसीसीएफ को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

सत्यमेव जयते
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारत सरकार

# क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी के एक नए दशक की शुरुआत



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## अगले चरण की शुरुआत

# उडान
(उड़े देश का आम नागरिक)

लागत लगभग रु. 29,000 करोड़

## श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

द्वारा

### योजना की विशेषताएं और लाभ

- रु. 12,159 करोड़ की लागत से 100 नए हवाई अड्डों का विकास, जिससे दूर-दराज और क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी बढ़ेगी
- पूरे भारत के पहाड़ी और आकांक्षी ज़िलों में रु. 3,661 करोड़ की लागत से 200 हेलीपोर्ट का निर्माण
- क्षेत्रीय मार्गों पर एयरलाइन ऑपरेशन को लंबे समय तक चलाने और सस्ती हवाई यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रु. 10,043 करोड़ की 'वायबिलिटी गैप फंडिंग'
- सुरक्षा, दक्षता और निरंतर प्रचालनों के लिए हवाई अड्डों को रु. 2,577 करोड़ की प्रचालन एवं रखरखाव सहायता
- स्वदेशी क्षेत्रीय विमानन क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टर्स और डॉर्नियर एयरक्राफ्ट का आत्मनिर्भर एयरक्राफ्ट अधिग्रहण
- व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, नई एयरलाइनों और एविएशन स्टार्ट-अप के विकास के लिए अवसर

### इनकी गरिमामयी उपस्थिति में

श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे
राज्यपाल, राजस्थान

श्री भजन लाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री किंजारापु राममोहन नायडू
केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री

श्री गजेंद्र सिंह शेखावत
केन्द्रीय संस्कृति;
और पर्यटन मंत्री

श्री मुरलीधर मोहोल
केन्द्रीय नागरिक उड्डयन;
और सहकारिता राज्य मंत्री

शनिवार, 04 जुलाई, 2026 | प्रातः 10:45 बजे | जोधपुर एयरपोर्ट, राजस्थान

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम लाइव देखें

CBC 03111/13/0003/2627



Follow us on:- @AAI_Official | @AirportsAuthorityOfIndiaOfficial | @aaiofficial | @AirportsAuthorityofIndia | @airportsauthorityofindia

## पेज 1 का शेष

### इंदौर में रिकार्ड ढाई ...

और बड़वानी में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उज्जैन, छिंदवाड़ा, बालाघाट, बुरहानपुर, खरगोन, धार, अलीराजपुर, झाबुआ और रतलाम में भारी बारिश का आरेंज अलर्ट है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, सीहोर, नर्मदापुरम, जबलपुर और सागर समेत करीब 45 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी।

**नदी में बही कार, एसएएफ जवान और ड्राइवर ने तैरकर बचाई जानः** डिंडौरी में कसहा नदी उफान पर है। बस्तरा के पास पुल पार करते कार इसमें बह गई। कार सवार एसएएफ जवान पदमजीत गौरा और ड्राइवर ने तैरकर जान बचाई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से कार को बाहर निकाल लिया। गांवड़ी लोढ़ा गांव में गुरुवार रात करीब 8 बजे सहायक सचिव सूर्य प्रताप सिंह सोनगरा बाइक समेत खंती में बह गए, उनकी तलाश जारी है। उधर, पांढुर्णा में बारिश से नदी किनारे बने 5 कच्चे मकान ढह गए।

### होसबाले बोले : रामभक्तों ...

कदम उठाने चाहिए, जिससेट्रस्ट पर हिंदू समाज का भरोसा और मजबूत हो सके। उधर, एसआईटी ने शुक्रवार को अपनी कार्रवाई तेज करते हुए 33 लोगों से करीब तीन घंटे सघन पूछताछ की।

### कांग्रेस ने कहा ...

लगाया। पवन खेड़ा ने कहा कि संघ भेड़ की खाल ओढ़े हुए भेड़िया है। होसबाले का यह बयान राम मंदिर के करोड़ों के चढ़ावे और दान की लूट का सच सामने लाने के लिए नहीं है बल्कि सच्चाई पर पर्दा डालकर संघ की छवि को बचाने का कुत्सित प्रयास है।

### कटियार का दावा ...

से बात की है और आने वाले दिनों में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा जेल जा सकते हैं। सूत्रों ने कटियार के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

### 2 अक्टूबर से उज्जैन से ...

झंडा भी इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। चूंकि उन्होंने खुद भी मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया था, इसलिए वह अयोध्या जाकर इस कथित गड़बड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे। उन्होंने भोपाल स्थित अपने सरकारी आवास के बाहर एक विवादित पोस्टर लगाया है, जिस पर लिखा है कि चंदा चोरों का प्रवेश वर्जित।

### ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग ...

उद्देश्य मंदिर विकास और श्रद्धालु सुविधाएं बढ़ाना था। पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण वाले इस मंदिर में प्रत्येक माह दान पेटियां तो खोली जाती हैं, लेकिन अब तक यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है कि कुल कितनी राशि प्राप्त हुई। अब मंदिर समिति के सदस्यों, स्थानीय संतों और जनप्रतिनिधियों ने आय-व्यय का विवरण सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी चढ़ावे और दान में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस पर बीकेटीसी ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### देवास से संदिग्ध ...

मोहम्मद अम्मार के रूप में की जा रही है। वह सोशल मीडिया पर अबू दुजाना, अबू सुफियान, अबू जुंदाल और उमर बिन खत्ताब जैसे नामों का इस्तेमाल करता था।

### इंस्टाग्राम पर अश्लील ...

उठाए जाएंगे? सरकार को बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और प्लेटफॉर्म की जवाबदेही को लेकर चिंता है। मेटा की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इंस्टाग्राम के विज्ञापन नेटवर्क पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले अकाउंट्स और वेबसाइट्स का प्रचार करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

### साक्षी जैन ...

थे, जिनमें से 18,124 उम्मीदवारों को सफलता मिली है। इस बार भी लड़कों का प्रदर्शन लड़कियों से थोड़ा बेहतर रहा। जहां 20.88% पुरुष अभ्यर्थी पास हुए, वहीं महिला अभ्यर्थियों का पास प्रतिशत 19.24% रहा।

### मोबाइल हैकिंग और ...

नगर निवासी नवीन गुप्ता 9 जून को मोबाइल पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे थे, तभी बार-बार फोन अपडेट होने का संदेश आया और फोन स्वतः चालू-बंद होने लगा। उन्होंने इसे सामान्य समझा, लेकिन 12 जून को बैंक खाता चेक करने पर पता चला कि हैकर्स ने उनके यूनियन बैंक खाते से 1.90 लाख रुपए पार कर दिए हैं। खमरिया के घाना निवासी शैलेंद्र श्रीवास्तव को 24 जून को एक अज्ञात कॉल आया। कॉलर ने खुद को एसबीआई कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। उसने एक लिंक भेजकर ओटीपी मांग लिया। ओटीपी साझा करते ही शैलेंद्र के खाते से दो किस्तों में 1,83,343 रुपए उड़ा लिए गए।

### 15 से यूपीआई और ...

विषय पर अभी तक पीएमओ या ईपीएफओ की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ईपीएफ योजना, 2026 के तहत पीएफ योगदान को लेकर एक नियम साफ किया गया है। इसके अनुसार 15,000 रुपए की बेसिक सैलरी वाले कर्मचारियों के लिए अनिवार्य मासिक पीएफ योगदान 12% यानी अधिकतम 1,800 रुपए तय रहेगा। इससे अधिक का कंट्रीब्यूशन करना पूरी तरह से कर्मचारी की इच्छा पर निर्भर करेगा।

### भारत के 2 प्रतिनिधि ...

संस्कार कार्यक्रम से पहले, शुक्रवार को भारत से गए प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत की ओर से अधिकारिक रूप से दो प्रतिनिधि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन शामिल हुए। इमाम खुमैनी ग्रैंड मोसाला मस्जिद में रखे गए पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए भारत से हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्मगुरु पहुंचे।

### हरिनारायण चारी ...

कुमार अग्रवाल को शहडोल और प्रियंका शुक्ला को शाजापुर का नया एसपी बनाया गया है। शाजापुर के एसपी यशपाल सिंह राजपूत को पुलिस अधीक्षक रेल (इंदौर) और शहडोल के एसपी रामजी श्रीवास्तव को एआईजी, पुलिस अकादमी (भौंरी) भेजा गया है। सिमाला प्रसाद को डीआईजी, खरगोन रेंज नियुक्त किया गया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार को स्पेशल डीजी (दूरसंचार, पीएचक्यू) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आईजी इंदौर ग्रामीण जोन अनुराग को आईजी एसएएफ (इंदौर रेंज) और आईजी आरएपीटीसी (इंदौर) का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है।

### सरकार किसानों से ...

कार्यक्रमों की मंत्रालय में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष रूप से सहायक है। किसानों को उन्नत नस्ल की गाय उपलब्ध कराने में निजी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को कम पानी और अल्प अवधि की फसलों के लिए जागरूक किया जाए।

### बलराम कृषि महोत्सव ...

कार्यकर्ताओं तथा पशुपालकों को पुरस्कृत और सम्मानित करने के लिए उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### इंदौर में होगा सब्जी ...

उद्यानिकी में आधुनिक तकनीक पर कार्यशाला, इंदौर में सब्जी महोत्सव तथा एक्वाकल्चर मार्केटिंग सिंपोजियम और भोपाल पराली प्रबंधन पर कार्यशाला के साथ ही नरसिंहपुर में गन्ना महोत्सव के तहत राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन प्रस्तावित है। बैठक में एसीएस केसी गुप्ता, एसीएस नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह मौजूद थे।

---

**खंड-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन**
कार्यालय उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश
ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3742/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 29/06/2026
वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गिट्टी | गिट्टी गिट्टी ग्रेनाईट/ब्लैक बेसाल्ट 20 MM | 450 घ.मी. | 15,000/- | |
| 2. | गिट्टी | गिट्टी गिट्टी ग्रेनाईट/ब्लैक बेसाल्ट 40 MM | 60 घ.मी. | 2,100/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा 'दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 03/07/2026 शाम 05.00 PM बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तंक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

G-15192/26

---

**कार्यालय मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय, विदिशा
खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा मध्यप्रदेश
ईमेल आई०डी० deangmcvidisha@gmail.com वेबसाईट www.gmcvidisha.org

क्रमांक 4304 ./क्रय शाखा/जीएमसी/2026 विदिशा, दिनांक 29/06/2026

**// प्रथम आमंत्रण सूचना//**

समस्त निविदाकार को सूचित किया जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा में लाण्ड्री का स्थापना एवं संचालन हेतु निविदा आई०डी०क्रमांक 2026_DME_515939_1 के द्वारा खुली निविदा की प्रांरभ दिनांक 03 जुलाई, 2026 से अंतिम दिनांक 24 जुलाई 2026 शाम 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त खुली निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in वेबसाईट का अवलोकन कर प्राप्त की जा सकेगी। निविदा से संबंधित किसी भी संशोधन को https://mptenders.gov.in वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।

मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा।

G-15167/26

---

**खंड-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन**
कार्यालय उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश
ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3750/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 29/06/2026
वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Galvanized Steel Barbed Wire | Line Wire - Galvanized steel wire of 2.5 mm diameter. Point wire-Galvanized steel wire of 2.5 mm diameter Barbs Distance between two barbs 75mm, the barbs shall have four points and shall be formed by twisting two point wires each two turns tightly around both the line wires making altogether four complete turns. Standard Conforming to IS 278:2009 with up to date-amendments. | 10000 KG | 31,000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा 'दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 03/07/2026 शाम 05.00 PM बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तंक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

G-15183/26

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि / यां.) संभाग क्र. 1,**
web site: www.mppwd.gov.in शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003 email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

**निविदा क्रमांक 49 से 55 / 2026-27** **निविदा आमंत्रण सूचना** **भोपाल, दिनांक 29/06/2026**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_518403_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For providing electrification work for for RR/SR/MOW/OW in various D type and E type Bungalows in 74 Bungalow under 74 Bungalows section of PWD (E&M) Sub Division M 1, Bhopal | प्रथम | 44.70 |
| 2 | 2026_PWDRB_518404_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN AUDITORIUM MANDU BUILDING IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.50 |
| 3 | 2026_PWDRB_518405_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN KANHA GUEST HOUSE, SHIPRA GUEST HOUSE AND SUBSTATION IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.60 |
| 4 | 2026_PWDRB_518406_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN LAL KOHTI (GOVERNOR HOUSE) AND JAWAHARKHAND IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.80 |
| 5 | 2026_PWDRB_518407_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN VARIOUS STAFF QUARTERS IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.442 |
| 6 | 2026_PWDRB_518408_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN FIRST FLOOR OF NIRMAN BHAWAN ARERA HILLS UNDER NIRMAN BHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 42.484 |
| 7 | 2026_PWDRB_518410_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN THIRD FLOOR OF NIRMAN BHAWAN ARERA HILLS UNDER NIRMAN BHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 42.50 |

उपरोक्त बेव साईट से आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 17/07/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, भोपाल

G-15145/26 "स्वच्छता ही सेवा"

---


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

**गाँधी पी.आर. महाविद्यालय**
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE: B.A., BCA, BBA, BPES, BSC, B.Com (Economics/Computer)
PG COURSE: M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS, POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK; M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT; B.Lib: (Librarian Science); B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE: PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION; D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com



**हरिभूमि भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

**आवश्यकता**
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रु 500- रु 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R- 01,02,05,06,08

**हरिभूमि** आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ — DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर FREE GYM+CPCT+LIBRARY एक साल तक फ्री — ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय) PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL M. 86027-11111

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग** सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 6276



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -6275 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6286



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल - 6285 का हल



MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### अमेजन पर आज से प्राइम डे 2026 डील्स

**बेंगलुरु।** अमेजन ने विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए उपलब्ध सबसे प्रतीक्षित प्राइम डे 2026 डील्स और लांच की घोषणा की। 4 जुलाई को रात 12:00 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलने वाला प्राइम डे, प्राइम मेंबर्स को 72 घंटे के रोमांचक डील्स, नए लांचेस और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन की पेशकश करेगा।

### स्वरा बेबी ने सेबी में दाखिल की डीआरएचपी

**मुंबई।** स्वरा बेबी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस आईपीओ में 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिनका कुल मूल्य 500 रुपए करोड़ तक होगा। इसके साथ ही, 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले पुराने शेयर भी बेचे जाएंगे, जिनका कुल मूल्य भी 500 रुपए करोड़ तक होगा।

### लैंक्सेस एफआरएचएफ का उत्पादन करेगा शुरू

**मुंबई।** ग्लोबल स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने भारत के झागड़िया स्थित अपने संयंत्र में फायर-रेसिस्टेंट हाइड्रॉलिक फ्लुइड्स (एफआरएचएफ) का स्थानीय उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है। यह कदम कंपनी की वैश्विक विकास रणनीति में भारत की भूमिका को और अधिक मजबूत करता है। लैंक्सेस अपनी वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञता, अन्य वैश्विक बाजारों में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करेगी।

### तनएरा ने शुरू की क्युरेटेड कलेक्शन पर सेल

**मुंबई।** टाटा की प्रोडक्ट तनएरा ने अपनी सेल शुरू करने की घोषणा की है, अब तनएरा के उपभोक्ता हाथ से बनी साड़ियां और अन्य परिधान किफायती दामों पर हैं। 1 जुलाई 2026 से शुरू हुई इस सेल के तहत चुनिंदा साड़ियों पर 40 फीसदी तक की छूट तथा कुर्ता एवं कुर्ता सेट पर 50 फीसदी तक की छूट मिलेगी, प्रोडक्ट्स तनएरा के ऑफलाईन एवं ऑनलाईन स्टोर से खरीदे जा सकते हैं।

### लेगो ब्रांड की लोकप्रियता में 50 फीसदी की वृद्धि

**बेंगलुरु।** लेगो ब्रांड की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। कंपनी के अनुसार पिछले एक वर्ष में लेगो सेट्स की सर्च में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस मांग में सबसे बड़ा योगदान अमेजन पर प्राइम मेंबर्स का रहा, जिन्होंने कुल डिमांड का 85 प्रतिशत हिस्सा बनाया। अब केवल बच्चे ही नहीं, लोग बड़ी संख्या में लेगो सेट्स खरीद रहे हैं।

### वाटिका ने लांच की 'नो एडेड सॉल्ट' शैंपू

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया के हेयर केयर ब्रांड वाटिका ने बायो इंफ्यूजंस लांच किया है, जो भारत की पहली 'नो एडेड सॉल्ट' शैंपू रेंज है। यह लांच ब्रांड की विज्ञान-आधारित नवाचार और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस नई रेंज में टस्कन रोजमेरी, जिनसेंग, स्पिनिश ऑलिव्स जैसे हायलूरोनिक एसिड जैसे उन्नत सक्रिय तत्वों के साथ शामिल किया गया है।

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा : एमएस धोनी ने लांच किया एलन टैलेंटेक्स-2027

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एलन टैलेंटेक्स-2027 के 13वें संस्करण का शुभारंभ भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान और युवा आइकन महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में किया। इसके साथ ही परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गए हैं। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग के साथ एलन के कोर्स शुल्क पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा, चीफ एकेडमिक ऑफिसर सीआर चौधरी तथा पिछले पांच वर्षों के टॉप रैंकर्स मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने महेंद्र सिंह धोनी से सफलता, तैयारी और करियर को लेकर सवाल पूछे, जिनका उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर जवाब दिया।

**विद्यार्थियों को मिलेगा 90 फीसदी तक स्कॉलरशिप का अवसर**



एमएस धोनी के साथ एलन के विद्यार्थी

**5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी के लिए अर्ली बर्ड रजिस्ट्रेशन 15 तक**

एलन टैलेंटेक्स-2027 के लिए अर्ली बर्ड रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई तक किए जा सकेंगे। कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं। परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित होगी। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय रैंकिंग, आकर्षक पुरस्कारों के साथ एलन की कोर्स फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का अवसर मिलेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को कम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स प्रदान किया जाएगा,वह अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का आकलन कर सकेगा।

## खेल हो या शिक्षा, सफलता के लिए सही तैयारी और सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी : धोनी

धोनी ने कहा कि जितनी जल्दी विद्यार्थी स्वयं को समझ लेते हैं, उतनी ही बेहतर तरीके से अपने भविष्य की तैयारी कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान पर ध्यान देते हुए लगातार खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। उनके अनुसार टैलेंटेक्स जैसी परीक्षाएं विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानने, कमजोरियों का आकलन करने और आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि खेल हो या शिक्षा, सफलता के लिए सही तैयारी और सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी है।

### एलन के 24 क्लासरूम विद्यार्थियों ने टॉप-50 ऑल इंडिया रैंक हासिल की

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि टैलेंटेक्स का उद्देश्य देशभर की युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें सही दिशा देना है। उन्होंने बताया कि जेईई एडवांस्ड-2026 में एलन के 24 क्लासरूम विद्यार्थियों ने टॉप-50 ऑल इंडिया रैंक हासिल की, जबकि नीट-2025 में संस्थान के 39 विद्यार्थी टॉप-100 में शामिल रहे।

**40 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने किया एलन से मार्गदर्शन प्राप्त**

संस्थान के अनुसार अब तक 21 लाख से अधिक विद्यार्थी टैलेंटेक्स परीक्षा में भाग ले चुके हैं, जबकि 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने एलन से मार्गदर्शन प्राप्त किया है। वर्तमान में एलन देश के 78 शहरों में 300 से अधिक क्लासरूम कैंपस और 400 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहा है।

## नायरा एनर्जी के दाम घटाने के बाद सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव

# पंप संचालक, वाहन मालिकों ने कहा-ईंधन के दाम में कटौती करें, जनता को राहत दें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नायरा एनर्जी द्वारा पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए जाने के बाद अब पेट्रोल पंप संचालक और वाहन चालकों ने सरकारी तेल कंपनी से ईंधन कीमतों में कमी की मांग तेज कर दी है। कहा जा रहा है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हैं, तो उसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में पेट्रोल और डीजल के दाम अपेक्षाकृत अधिक हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में कमी से न केवल आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत भी घटेगी और महंगाई पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई है। इस अनुपात के आधार पर पेट्रोल की कीमत लगभग 102 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत लगभग 90 रुपए प्रति लीटर होनी चाहिए।



फाइल फोटो

### कीमत का असर ट्रांसपोर्ट और रोजमर्रा की वस्तुओं पर

ट्रांसपोर्टर सीएल मुकाती, हरीश डाबर सहित स्थानीय वाहन चालकों और उपभोक्ताओं ने कहा कि ईंधन की मौजूदा कीमतें महंगाई बढ़ाने का कारण बन रही हैं। डीजल की कीमत का असर सीधे ट्रांसपोर्ट और रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ता है, इसलिए सरकार को तुरंत राहत देनी चाहिए। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने मांग की है कि जब निजी कंपनियां कीमतें में कटौती कर सकती हैं तो सरकारी तेल कंपनियों को भी बाजार परिस्थितियों के अनुसार दाम कम करने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को समान लाभ मिल सके। कारोबारियों और वाहन चालकों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी स्तर पर बनी रहती हैं, तो आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल के दामों में संशोधन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### नायरा एनर्जी के ईंधन मूल्य घटाने के फैसले का स्वागत

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनके अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने नायरा एनर्जी द्वारा पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम में 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आम उपभोक्ताओं के हित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय से गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन इसका पूरा लाभ अभी तक देश के उपभोक्ताओं, परिवहन क्षेत्र, व्यापार और उद्योग को नहीं मिल पाया है। ऐसे में नायरा एनर्जी का यह फैसला राहत देने वाला है। राजेंद्र कपूर ने केंद्र सरकार तथा सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों से भी वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल और डीजल के दामों में शीघ्र और पर्याप्त कमी करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे करोड़ों वाहन स्वामियों, ट्रांसपोर्टरों, किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

## चंदनवाड़ी, पिस्सू टॉप और बेताब घाटी में

# एयरटेल ने अमरनाथ यात्रा के लिए कनेक्टिविटी मजबूत की

एजेंसी ▶▶ जम्मू/श्रीनगर

भारती एयरटेल ने अमरनाथ यात्रा मार्ग पर अपने मोबाइल नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। इस पहल से क्षेत्र में तीर्थयात्रियों, सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय प्रशासन के लिए कनेक्टिविटी को और मजबूत किया गया है। बालटाल में अपनी मौजूदा उपस्थिति के अलावा, एयरटेल ने चंदनवाड़ी, पिस्सू टॉप और बेताब घाटी में नेटवर्क साइट्स तैनात कर महत्वपूर्ण पहलगाम मार्ग पर नेटवर्क कवरेज स्थापित किया है।

इसके साथ ही पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। यात्रा के दौरान संचार इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए यह तैनाती संबंधित सरकारी प्राधिकरणों और स्थानीय प्रशासन के साथ आपसी समन्वय में की गई है। विस्तारित नेटवर्क कवरेज से विश्वसनीय वॉयस और डेटा कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी, आपातकालीन संचार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा लाखों तीर्थयात्रियों के लिए डिजिटल पहुंच बेहतर होगी।




### दोनों मार्ग पर नेटवर्क

भारती एयरटेल के सीओओ, विक्रम आरएस, ने कहा कि एयरटेल में हम सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में भी लोगों, समुदायों और आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रूप से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमरनाथ यात्रा के लिए पहलगाम और बालटाल, दोनों मार्गों पर हमारे नेटवर्क का विस्तार जम्मू-कश्मीर में हमारे निरंतर निवेश का प्रमाण है। साथ ही, इस महत्वपूर्ण वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं, सुरक्षा बलों और प्रशासन को हर समय विश्वसनीय कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# वर्ष 2030 तक पेप्सिको भारत में करेगा 5,700 करोड़ रुपए निवेश

**मुख्यमंत्री ने किया पेप्सिको के अत्याधुनिक फ्लेवर निर्माण इकाई का उद्घाटन**


इकाई का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्नैक्स और पेय पदार्थ क्षेत्र की अग्रणी कंपनी पेप्सिको इंडिया ने मध्य प्रदेश के उज्जैन में अपनी अत्याधुनिक फ्लेवर निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। इस नई इकाई के साथ कंपनी ने देश में अपनी 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' पहल को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

भारत के हृदय के रूप में पहचाने जाने वाले मध्य प्रदेश में स्थापित यह परियोजना औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के नए अवसरों का प्रतीक है। कंपनी द्वारा भारत में किए गए सबसे बड़े विनिर्माण निवेशों में शामिल इस परियोजना में 1,266 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। यह इकाई मध्य भारत में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ रोजगार सृजन, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने तथा सहायक उद्योगों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस मौके मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से पेप्सिको के सीईओ इंटरनेशनल बेवरेजेज यूजीन विलेम्सेन, पेप्सिको इंडिया एवं दक्षिण एशिया के सीईओ जागृत कोटेचा तथा पेप्सिको ग्लोबल कंसन्ट्रेट सॉल्यूशंस के जीएम एवं एसवीपी इवन नॉर्टन की उपस्थिति में इस इकाई का उद्घाटन किया। यह संयंत्र वर्ष 2030 तक भारत में पेप्सिको की 5,700 करोड़ रुपए की निवेश प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसका उद्देश्य देश में विनिर्माण क्षमता का विस्तार, आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ बनाना, स्थिरता संबंधी क्षमताओं को बढ़ाना तथा भारत जैसे प्रमुख बाजार में कंपनी की दीर्घकालिक विकास रणनीति को गति देना है। 'मेक इन इंडिया' और 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप स्थापित 22 एकड़ में फैली यह अत्याधुनिक इकाई भारत में पेप्सिको की दूसरी फ्लेवर निर्माण इकाई है।

## सरकार से कहा- इस पर लगाया जाए बैन, मत दीजिए कानूनी मान्यता

# आरबीआई ने क्रिप्टोकरेंसी को बताया देश अर्थव्यवस्था के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी को कानूनी मान्यता दो लेकर काफी समय से बहस चली आ रही है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने एक संसदीय समिति को बताया कि क्रिप्टोकरेंसी जैसी वर्चुअल डिजिटल एसेट्स भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए खतरा हैं और देश में ऐसी एसेट्स को कानूनी मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। आरबीआई ने सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली संसदीय स्थायी समिति (वित्त) को यह भी



बताया कि चीन और कतर उन देशों में शामिल हैं जिन्होंने ऐसी वित्तीय गतिविधियों पर रोक लगा दी है, जबकि यूरोप ने बहुत कड़े और रेगुलेटेड तरीके से वर्चुअल डिजिटल एसेट्स की अनुमति दी है।

### इस पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिए

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पी. वासुदेवन ने केंद्रीय बैंक की ओर से, बीजेपी सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सामने अपनी बात रखी। संसदीय पैनल को सौंपे गए बैकग्राउंड नोट में आरबीआई ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानक-निर्धारण फ्रेमवर्क के तहत प्रतिबंध अब भी नीतिगत विकल्पों में से एक माना जाता है और इस पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिए। आरबीआई ने कहा कि पेमेंट और सेटलमेंट में क्रिप्टो के इस्तेमाल को रोककर, बैंकिंग सेक्टर के जोखिम को सीमित करके और सिस्टम से जुड़े कनेक्शन को कम करके, क्रिप्टो पर रोक लगाने जैसी सावधानी भरी रणनीति से फाइनेंशियल सिस्टम को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

## सेनहाइजर के ऑडियो प्रोडक्ट्स पर 40 फीसदी तक की छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑडियो टेक्नोलॉजी क्षेत्र की वैश्विक कंपनी सेनहाइजर ने 4 जुलाई से शुरू हो रहे अमेजन प्राइम डे 2026 के अवसर पर अपने प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। सेल के दौरान ग्राहक चुनिंदा हेडफोन, माइक्रोफोन और अन्य ऑडियो डिवाइस पर 40 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकेंगे।

कंपनी के अनुसार ऑफर में एचडी 630, एचडी 490 प्रो प्लस, प्रोफाइल वायरलेस 1-चैनल और 2-चैनल सेट, मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन तथा मोमेंटम 4 वायरलेस स्पेशल एडिशन जैसे प्रीमियम उत्पाद शामिल हैं। ग्राहकों को नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त छूट का भी लाभ मिलेगा।

## रेनो इंडिया की नई क्विड अब 4.99 लाख रुपए में उपलब्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेनो इंडिया ने नई क्विड का अपडेटेड लाइन-अप लांच कर दिया है, जिसमें अब केवल दो वेरिएंट इवोल्यूशन और क्लाइंबर मिलते हैं।

टॉप-स्पेक फीचर-लोडेड मैनुअल वेरिएंट की वास्तविक एक्स-शोरूम कीमत 5.15 लाख रुपए है, लेकिन कंपनी की वेबसाइट से इसे ऑनलाइन बुक करने पर 15 हजार रुपए का विशेष लाभ मिलता है, जिससे इसकी प्रभावी कीमत 4.99 लाख हो जाती है। फ्रांस की जानी-मानी ऑटोमोबाइल कंपनी रेनो ग्रुप की



पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी रेनो इंडिया ने आज नई रेनो क्विड के लॉन्च की घोषणा की। इस नए मॉडल में डिज़ाइन, वेरिएंट्स और कीमतों में बदलाव किए गए हैं, ताकि ग्राहकों के लिए अपनी पहली कार खरीदना पहले से अधिक आसान और सुविधाजनक हो सके। अब यह कार इवोल्यूशन और क्लाइंबर वेरिएंट में उपलब्ध होगी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा नोटिस सं.-25 ऑफ 2026-27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.-14-डीडीयू-व.मं.इंजी.-I-26-27,** कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/I/ डीडीयू के तहत जीसी सेक्शन के स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए रैंप, वॉटर बूथ, बैठने की व्यवस्था, टैक्टाइल पाथवे आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना। कार्य का अनुमानित लागत: ₹3,78,78,195.58, धरोहर राशि: ₹7,57,600/-

**निविदा सं.-15-डीडीयू-व.मं.इंजी.-I-26-27,** कार्य का नाम एवं लोकेशन:सहायक मंडल इंजीनियर/ विक्रमगंज के अंतर्गत पीरो और गड़हनी स्टेशन पर सड़क का विकास। कार्य का अनुमानित लागत: ₹1,89,10,375.18, धरोहर राशि : ₹3,78,200/-

ई- निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 23.07.2026 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक / पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0489/डीडीयू/अभि./टी/26-27/36

## पीपुल्स डेंटल हॉस्पिटल में एओएमएसआई के 28वें मिड टर्म का शुभारंभ

# सम्मेलन में ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के विशेषज्ञ शिक्षाविद, शोधकर्ता और स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीपुल्स डेंटल हॉस्पिटल एवं पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में शुक्रवार को एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स ऑफ इंडिया (एओएमएसआई) के 28वें मिड टर्म कन्वेंशन एवं 14वें पीजी कन्वेंशन (मिडकॉन-2026) का भव्य शुभारंभ हुआ।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता और स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ प्रतिष्ठित कर्नल मदन ओरेशन से हुआ, जिसे मेजर जनरल इंद्रनील देब रॉय ने प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान, नेतृत्व और उत्कृष्टता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री एवं प्रख्यात ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. माणिक साहा रहे, जबकि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. माणिक साहा ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में नवाचार, विशेषज्ञ प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय सम्मेलन विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के बीच आधुनिक तकनीकों तथा अनुभवों के आदान-प्रदान का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।



### सरकार जनहितकारी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का कर रही कार्य : शुक्ल

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और जनहितकारी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय सम्मेलन प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और युवा विशेषज्ञों के विकास को नई दिशा देंगे।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला गुना (म.प्र.)**

क्रमांक/भू-अर्जन/खैराड/क्रय नीति/2026/178 गुना, दिनांक-29/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सुठालिया सिंचाई परियोजनान्तर्गत जिला गुना तहसील मक्सूदनगढ के ग्राम खैराड की अशासकीय भूमि /परिसंपत्ति डूब में आने से सूची अनुसार भूमि धारक की भूमि कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग संभाग ब्यावरा के प्रस्तावअनुसार मध्यप्रदेश के जल संसाधन विभाग के पक्ष मे आपसी सहमति से शासन नीति अनुसार क्रय करने की कार्यवाही की जा रही है :-

| स. क्र. | नाम कृषक मय पता एवं स्वत्वाधिकार | सर्वे न. | मकान का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | तखत सिंह पुत्र करनसिंह जाति राव निवासी ग्राम खैराड | 473 | (टीनशेड छत, भाग 4.57 X 4.57 वर्गमीटर) |

उपरोक्त स.क्र. 01 तक क्रय की जाने वाली भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्ति संपूर्ण या उसके किसी हिस्सा भाग से किसी भी शासकीय/अशासकीय व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक सोसायटी एवं अन्य का किसी प्रकार का कोई हित स्वत्व संबंध कोई लेन देन हो अथवा संपत्ति कही रहन, भार सम्यक, बंधक, दानमेहर में आदि हो तो यह सूचना पत्र प्रकाशन की 15 दिवस अवधि में मय प्रमाण-पत्र सहित दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति बंधनकारी नहीं होगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता इस संपत्ति का विक्रय प्रतिफल राशि अदाकर, विक्रय एवं शासन पक्ष में पंजीयन करवाने के लिये स्वतंत्र होगे।

दिनांक - 29-06-2026

G-15133/26

(किशोर कुमार कन्याल)
कलेक्टर एवं जिला भू-अर्जन अधिकारी
जिला गुना (म.प्र.)

चिंतन

# आरोप की बजाय पुख्ता सबूत पेश करे विपक्ष

देश के 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी भी राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया पर संदेह होने पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोकतंत्र केवल आरोपों से नहीं चलता, बल्कि तथ्यों, साक्ष्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर टिका होता है। यदि विपक्ष को वास्तव में लगता है कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है, मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं या चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है तो इन आरोपों को केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय न्यायालय में ठोस प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की बजाय न्यायालय में चुनावी याचिका दायर करनी चाहिए। बता दें कि विपक्षी दलों खासकर इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप जरूरी है। हालांकि सवाल यह है कि यदि विपक्ष के साथ धोखा हुआ है या चुनाव में गड़बड़ी हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट में चुनावी याचिका लेकर क्यों नहीं गया। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष होना जरूरी है। विपक्ष की भी उतनी ही बात सुनी जाए, जितनी सरकार की सुनी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। यदि इन संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं, तो उनका असर केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के चुनावी व्यवस्था पर विश्वास को भी प्रभावित करता है। इसलिए ऐसे आरोप बेहद जिम्मेदारी के साथ लगाए जाने चाहिए। बिना पर्याप्त साक्ष्य के बार-बार संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और मतदाताओं के मन में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। विपक्ष ने जिन राज्यों में भाजपा जीती है, उनमें गड़बड़ी का जिक्र किया है लेकिन तमिलनाडु और केरल का जिक्र नहीं किया। क्योंकि वहां कांग्रेस को जीत मिली है। ऐसे में केवल पत्र लिखने या राजनीतिक बयान देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना अधिक प्रभावी और विश्वसनीय कदम होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। आयोग को केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका हर निर्णय निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं और चुनावी प्रबंधन में अधिकतम पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और समयबद्ध जवाबदेही आवश्यक है। इससे अनावश्यक विवादों और राजनीतिक अविश्वास की गुंजाइश कम होगी। लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों के संतुलन से चलता है। सीजेआई को पत्र लिखना न्यायिक रूप से दबाव डालने की कोशिश मानी जा सकती है, विपक्ष के पत्र पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के हस्ताक्षर भी हैं। वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते भी हैं। एक मजबूत विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जबकि मजबूत संस्थाएं लोकतंत्र को स्थिरता देती हैं। इसलिए विपक्ष का दायित्व केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि उन प्रश्नों के समर्थन में विश्वसनीय तथ्य और प्रमाण भी प्रस्तुत करना है। वहीं, सरकार और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वे हर आरोप का पारदर्शी और तथ्यात्मक उत्तर दें।



सफर
डॉ. ओपी त्रिपाठी

# बस यात्रियों की सुरक्षा कब होगी चाक-चौबंद

**हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। हाल ही में दौसा के पास हुए जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।**

बीती 1 जुलाई को राजस्थान में दौसा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस ट्रेलर से टकरा गई थी, जिससे बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। ये कोई पहला हादसा नहीं है, जिसमें निर्दोष बस यात्रियों ने अपनी जान गंवाई हो। ड्राइवर की लापरवाही, यातायात संकेतकों का अभाव और तकनीकी खामियां मिलकर बसों को चलते-फिरते लाक्षागृह बना रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों बार-बार बसों में आग लग जाती है? किन तकनीकी खामियों और लापरवाहियों से ऐसी घटनाएं होती हैं?

ये हादसा अकेला नहीं है। हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में इलेक्ट्रिकल फेलियर से बस में आग लगी, जिसमें 22 लोग जलकर मर गए। उसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस आग की लपटों में झुलस गई, 19-25 लोगों की मौत हुई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मारकापुरम में बस-टिपर की टक्कर के बाद आग में 13-14 लोग मारे गए। इन घटनाओं में कुल सैकड़ों मौतें और सैकड़ों घायल हुए हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। हमेशा की तरह दौसा के इस हादसे की जांच के भी रस्मी आदेश हुए हैं। जांच होगी तो कारण भी सामने आएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर मढ़ने व दोषियों को बचाने के जतन भी होंगे। सड़क सुरक्षा के नाम पर अभियान भी चलेंगे। हर बार की तरह हादसों की रोकथाम के नए लक्ष्य तय होंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा जरूरी है, वे काम नहीं होंगे। क्या इस बात की कोई चिंता करेगा कि अब कोई बस सड़कों पर दौड़ते आग का गोला नहीं बनेंगी? राष्ट्रीय राजमार्गों पर गश्त को और प्रभावी करने के प्रयास होंगे। सभी यात्री बसों और खास तौर पर वातानुकूलित स्लीपर बसों में सुरक्षा के उपाय होंगे? क्या बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी वाहन को सड़क पर आने दिया जाएगा? क्या नशे में और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने के काम होंगे। क्या राजमार्गों के संकेतक जहां जरूरत है, वहां लगाए जा सकेंगे? ये तमाम सवाल ऐसे हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना मुश्किल काम नहीं है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। दौसा के इस जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

जब जांच होगी तो सड़क निर्माण या यातायात संकेतकों की खामियां भी सामने आएंगी। देखा जाए तो यह महज एक हादसा नहीं बल्कि समूचे तंत्र की कमजोरियों व लापरवाहियों को आईना दिखाने वाला है। आग का शोला बनी बस में अपनों को खो चुके परिवारों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी दौसा



एक्सप्रेस वे पर पिछली फरवरी में ही कार ट्रेलर में जा घुसी थी और 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसों की सूची लम्बी है। सिर्फ इसी एक्सप्रेस वे की नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की। कई वाहनों में ब्रेक, इंजन और वायरिंग से जुड़ी खामियां रहती है। ये खामियां ही हादसे के बाद आग लगने की वजह बनती है। ज्यादातर भीषण हादसों की वजह यह भी सामने आती है कि लम्बी दूरी से चलकर आए वाहन चालक को आराम का वक्त ही नहीं मिला। समय पर पहुंचने की पाबंदी सो अलग। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बड़ी जरूरत है। सबसे पहले, सभी बसों (खासकर प्राइवेट इंटरसिटी स्लीपर बसों) में ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन बे, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सर्किट में आग लगने पर तुरंत बुझाने वाली तकनीक बचाव का समय बढ़ा सकती है। बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेड मटेरियल का इस्तेमाल अनिवार्य होना चाहिए, ताकि आग तेजी से न फैले। इमरजेंसी एग्जिट डोर और विंडो हमर को साफ-साफ मार्क करना चाहिए और हर यात्री को बोर्डिंग के समय सेफ्टी ब्रीफिंग दी जानी चाहिए। जाम होने वाले दरवाजों की समस्या से निपटने के लिए बेहतर डिजाइन और नियमित मेंटेनेंस जरूरी हैं। ड्राइवरों को फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए। एक्सप्रेस वे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों के लिए ज्यादा सख्त मॉनिटरिंग होना अब जरूरी हो गया है। अगर ये उपाय समय रहते अपनाए जाते, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। सरकार, परिवहन विभाग और बस ऑपरेटर्स को मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। केवल जांच और मुआवजे से काम नहीं चलेगा, व्यवस्थागत बदलाव जरूरी हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' यानी शुरुआती एक घंटे में घायलों को उपचार मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। लेकिन राजमार्गों पर ट्रोमा सेंटर तो दूर एम्बुलेंस सेवाएं, फायर ब्रिगेड तक की मदद देर से पहुंचती है। सड़क किनारे अवैध ढाबे, अतिक्रमण, बिना अनुमति बने कट एक्सप्रेस-वे पर बेतरतीब पेचवर्क और बीच सड़क पार्क किए जाने वाले वाहन भी जानलेवा साबित होते हैं। राजस्थान ही नहीं, देश भर से आए दिन ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं। यूपी रोडवेज यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब यदि चलती बस में किसी कारण से आग लगती है तो उसे बुझाने के लिए चालक या परिचालक के हस्तक्षेप का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बस में लगा अत्याधुनिक सिस्टम खुद ही सक्रिय होकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में ऑटोमेटिक वाटर मिस्ट फायर सप्रेशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आधुनिक तकनीक पूरी तरह सेंसर आधारित है। बस में लगे विशेष हीट और स्मोक डिटेक्टर किसी भी असामान्य स्थिति को तुरंत पहचान लेंगे। अगर तापमान 68 से 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है या आग की शुरुआती चिंगारी और धुएं का संकेत मिलता है, तो सिस्टम स्वतः सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए किसी व्यक्ति द्वारा अलग से कोई बटन दबाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाहिर है आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत करना होगा। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स तय करना ही काफी नहीं, इनकी पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, कैमरे और रोशनी का पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हादसों पर शोक जताना अब पर्याप्त नहीं। अगर सरकार और प्रशासन ने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाए तो हर नई बस, नया राजमार्ग मौत की नई पटकथा लिखेगा।

(लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

नेताजी का स्मरण
रमेश शर्मा



# अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के सैन्य अभियान की दास्तां

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के लिए सैन्य संघर्ष आरंभ किया और वर्मा के रास्ते भारत की ओर कूच किया। उन्होंने उत्तर पूर्व के अनेक भूभाग को मुक्त कराकर तिरंगा फहरा दिया था। भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने जापान की सहायता से एक सशस्त्र सैन्य दल तैयार किया था। इसका नाम आजाद हिंद फौज रखा गया। इसके गठन की योजना कैप्टन मोहन सिंह, रासबिहारी बोस एवं निरंजन सिंह गिल ने बनाई थी। विदेशों में रह रहे भारतीयों को इससे जोड़ने 'इंडियन इंडिपेंडेंस लीग' की स्थापना की। इसकी बैठक जून 1942 को बैंकॉक में हुई। इस लीग का मुख्य कार्य आजाद हिंद फौज के लिए सैनिक तैयार करना था। वर्मा मलाया आदि स्थानों में भर्ती आरंभ हुई और केवल 6 माह में सैनिकों की संख्या 16 हजार तक पहुंच गई। लेकिन आजाद हिंद फौज की भूमिका को लेकर जापान सरकार और मोहन सिंह के बीच में मतभेद हो गए और मोहन




एवं निरंजन गिरफ्तार कर लिए गए। उन दिनों नेताजी बर्लिन में थे। वे इंडियन लीग के माध्यम से अंग्रेजों के विरुद्ध सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने इसका गठन 1941 में किया था। इसी बीच सैनिकों ने नेताजी से संपर्क किया। जर्मनी और जापान सरकारों ने उनकी सहायता की और अंततः नेताजी बोस ने 4 जुलाई 1943 को दोनों संस्थाओं की बैठक बुलाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से नेताजी को को नेतृत्व सौंप दिया गया। नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर में बाकायदा एक सैन्य परेड के रूप में सभा का आयोजन किया। जिसे नेताजी ने सुप्रीम कमांडर के रूप में संबोधित किया। नेताजी ने 'दिल्ली चलो' का नारा दिया और जापानी सेना का सहयोग लेकर अंग्रेजी सत्ता पर धावा बोल दिया इसकी शुरुआत बर्मा से की। बर्मा को अब म्यांमार के नाम से जाना जाता है। आजाद हिंद फौज ने रंगून पर अपना अधिकार कर लिया और भारत की ओर कूच कर दिया। 18 मार्च 1944 ई. को कोहिमा और इम्फाल क्षेत्र में ब्रिटिश सेना से मोर्चा लिया और अंग्रेजों से मुक्त करा लिया। 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में भारत की स्वतंत्र सरकार का गठन किया। इसकी कमान नेताजी ने संभाली।

6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम जारी एक प्रसारण में अपनी स्थिति स्पष्ट की और आजाद हिंद फौज द्वारा लड़ी जा रही इस निर्णायक लड़ाई की जीत के लिए सहयोग मांगा। अपने संदेश में नेताजी ने कहा- भारत की स्वाधीनता की आखिरी लड़ाई शुरू हो चुकी है। आज़ाद हिन्द फौज के सैनिक भारत की भूमि पर सफलतापूर्वक लड़ रहे हैं। हे राष्ट्रपिता! भारत की स्वाधीनता के इस पावन युद्ध में हम आपका आशीर्वाद और शुभ कामनाएं चाहते हैं। 22 सितंबर 1944 को शहीदी दिवस मनाते हुए बोस ने अपने सैनिकों से मार्मिक शब्दों में कहा- हमारी मातृभूमि स्वतंत्रता की खोज में है। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। यह स्वतंत्रता की देवी की मांग है। जून 1944 तक जापान की सहायता से आज़ाद हिंद फौज ने भारत की पूर्वी सीमा एवं बर्मा से युद्ध लड़ा किंतु तभी अमेरिका के हस्तक्षेप से द्वितीय विश्व युद्ध का पासा पलट गया। जर्मनी और जापान ने हार स्वीकार करके समर्पण कर दिया। विमान दुर्घटना के शिकार बने। आजाद हिंद फौज के सैनिक और अधिकारी गिरफ़्तार कर लिए गए। लाल किले को विशेष जेल बनाकर रखा गया। वहीं नवंबर 1945 राजद्रोह का मुकदमा चला और कर्नल सहगल, कर्नल ढिल्लों एवं मेजर शाहवाज खां पर राजद्रोह का आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई। इस निर्णय के विरुद्ध पूरे देश में तीखी प्रतिक्रिया हुई। एक नारा गूंजा -लाल किले को तोड़ दो, आजाद हिंद फोज को छोड़ दो। उन्हीं दिनों अंग्रेज ने भारत को मुक्त करने का निर्णय हुआ और वायसराय वेवेल ने इनके मृत्युदंड से मुक्त कर रिहा करने की घोषणा कर दी। आजाद हिंद फौज के सेनानियों की संख्या के बारे में लेखकों में मतभेद हैं फिर भी आजाद हिंद फौज में सैनिकों की संख्या लगभग 40 हजार मानी जाती है। यह संख्या ब्रिटिश गुप्तचर रहे कर्नल जीडी एंडरसन ने लिखी है। 18 अगस्त 1945 को हुई विमान दुर्घटना के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस और उनकी आजाद हिंद फौज पर विराम लगा। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद रंगून और सिंगापुर में आजाद हिंद फौज के अधिकांश सेनानियों को मौत के घाट उतार दिया गया था।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन, सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- सुलक्षणा, जींद

## ट्रेंड

### अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, दृढ़ धैर्य, संयम और अदम्य साहस का पवित्र प्रतीक है। बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मणिपुर जल रहा




मणिपुर वर्षों से जल रहा है। आज फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर राख हो गए। दो सरकारों और राष्ट्रपति शासन के बावजूद, संघर्ष और गहराता जा रहा है। हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मणिपुर जिस असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना भी करना मुश्किल है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ईवी पोर्टल लॉन्च



यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के हर निवासी को नई ईवी पॉलिसी का फायदा मिले, आज हमने पोर्टल लॉन्च किया है। अब आप घर बैठे ईवी सब्सिडी और दूसरे इंसेंटिव के लिए अप्लाई कर सकते हैं, रियल-टाइम में स्टेटस ट्रैक कर सकते हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### पूजा सिंघल का मामला



"चरित्र संगति से बनता है, चरित्र संगति के साथ बिगड़ता है।" पूजा सिंघल का मामला, जिन्हें कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े अभियान का प्रतीक माना जाता था, अब सत्ता के मंच पर दिखाई दे रही हैं, स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है।
- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर


# मोल्दोवा के पीएम का इस्तीफा सरकार पर संकट गहराया



मोल्दोवा के प्रधानमंत्री एलेक्जेंड्रु मुंटेनु ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। मुंटेनु के इस अप्रत्याशित कदम से सरकार पर संकट गहरा गया है। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। मुंटेनु का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय संघ की सदस्यता के उम्मीदवार इस देश में नेतृत्व संभाले उन्हें एक वर्ष से भी कम समय हुआ था। मुंटेनु ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, आज (शुक्रवार को) मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। जिस क्षण मुझे यह महसूस हुआ कि मैं अब अपने सिद्धांतों और विश्वासों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकता, मैंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री पद बड़ी जिम्मेदारी और इस मजबूत विश्वास के साथ स्वीकार किया था कि मैं परिस्थितियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकता हूं। मोल्दोवा में जब कोई प्रधानमंत्री अपने इस्तीफे की घोषणा करता है, तो वह तुरंत प्रभाव से लागू हो जाता है लेकिन नई मंत्रिपरिषद के गठन तक कार्यवाहक सरकार काम करती रहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सांदु ने मुंटेनु के इस्तीफे के बाद प्रेस में जारी एक बयान में मोल्दोवा के लिए 'जटिल दौर' के दौरान मुंटेनु के नेतृत्व के लिए उनका धन्यवाद किया।

## ऑफ बीट

# आखिर तारा कहलाने की कसौटी क्या है



पृथ्वी से करीब 1,350 प्रकाश वर्ष दूर टीओआई–2155 नाम का एक तारा है। यह सूर्य से थोड़ा बड़ा, अधिक भारी और ज्यादा गर्म है लेकिन यह अपने आप में न तो विशेष रूप से रोचक है और न ही असामान्य। लेकिन टीओआई–2155 की परिक्रमा कर रही एक वस्तु वास्तव में बेहद दिलचस्प है। इसे टीओआई–2155बी कहा जाता है और यह तारे से काफी छोटी है। इसके बारे में हमें तब पता चलता है जब यह छोटी चीज अपने मुख्य तारे के सामने से गुजरती है और तारे की रोशनी में बहुत मामूली बदलाव होते हैं। टीओआई–2155बी आखिर क्या है? एक छोटा तारा, एक विशाल ग्रह या फिर दोनों के बीच की कोई वस्तु? अभी यह स्पष्ट नहीं है कि टीओआई–2155बी को पूरी तरह तारा माना जा सकता है या नहीं। तारे अंतरिक्ष में मौजूद गैस के विशाल पिंडों के रूप में बनना शुरू होते हैं लेकिन गैस का कोई पिंड कितना बड़ा और भारी होना चाहिए कि वह तारा बन सके? यह सवाल सरल लगता है लेकिन खगोलविद इसके जवाब पर दशकों से बहस करते रहे हैं। किसी तारे के भीतर गुरुत्वाकर्षण का दबाव इतना अधिक होना चाहिए कि वह हाइड्रोजन परमाणुओं को आपस में मिलाकर हीलियम परमाणुओं में बदल सके और यह प्रक्रिया लंबे समय तक लगातार जारी रहे।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## ऐशबाग पुलिस ने कार्रवाई कर दो बदमाश को किया गिरफ्तार

# निगरानी बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर चुराए दो ऑटो, एक ई-रिक्शा समेत तीन वाहन, किए जब्त

टीलाजमालपुरा का निगरानी बदमाश है मुख्य आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ऐशबाग पुलिस ने एक निगरानी बदमाश और उसके साथी को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के दो आटो और एक ई रिक्शा बरामद किए है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि टीलाजमालपुरा थाने का निगरानी बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर तीनों वाहन ऐशबाग क्षेत्र से चोरी किए थे।

पुलिस के अनुसार तबस्सुम खान (35) सरफराज मस्जिद के पास, बरखेड़ी में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया था कि मेरा ई-रिक्शा, नासिर की पार्किंग बोगदा पुल मोरारजी नगर ऐशबाग में खड़ा था। जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच 2 जुलाई को उदय रैकवार (20) ऐशबाग ने शिकायत करते हुए बताया कि उनका बजाज कंपनी का सीएनजी ऑटो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आसपास की गलियों में चैकिंग की। साथ ही मुख्य सड़क पर लगे करीब डेढ़ दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। फुटेज के आधार पर मुखबिर को सक्रिय किया। मुखबिर ने बताया कि ऑटो चुराने वाला संदिग्ध ओल्ड सुभाष नगर क्षेत्र मे घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में संदिग्ध ने अपना नाम रानू उर्फ मसरूर हुसैन (31) पुतली घर तिराहा, टीलाजमालपुरा बताया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने बजाज कंपनी का सीएनजी ऑटो जब्त कर लिया। उक्त ऑटो उसने ओम अस्पताल के सामने से चोरी करना स्वीकारा। रानू उर्फ मसरूर से पूछताछ में पता चला कि वह अपने साथी अब्दुल कलाम अंसारी (38) बागदिलकुशा ऐशबाग के साथ मिलकर इलाके में रैकी करता था और ऑटो सहित ई-रिक्शा चुराता था। आरोपियों से दो बाजाज ऑटो और एक ई-रिक्शा बरामद किया गया है। आरोपी रानू उर्फ मसरूर थाना टीलाजमालपुरा का निगरानी बदमाश है, उसके खिलाफ पूर्व में 22 अपराध दर्ज है।



ऐशबाग पुलिस ने की गिरफ्त में चोरी के आरोपी और जब्त ऑटो और ई-रिक्शा।

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर आउटर हुई घटना

## रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से टकराया युवक, 13 घंटे बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर आउटर पर गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय थूर ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ मौजूद चाचा और दोस्त उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे थे, वहां करीब 13 घंटे चले इलाज के बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार वीरेंद्र कुशवाह पिता कमल किशोर कुशवाह (22) जगदीशपुर, बैरसिया में रहता था और कुरियर कंपनी में नौकरी करता था। बैरसिया निवासी उसके परिचित की शादी थी। बारात बैरसिया से रीवा जानी थी। वीरेंद्र अपने चाचा जसवंत और दोस्त राहुल के साथ बारात में शामिल होने के लिए बस से रीवा पहुंचा था। शादी का कार्यक्रम निपटाने के वीरेंद्र, चाचा जसवंत और दोस्त राहुल ट्रेन से भोपाल पहुंचे। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे ट्रेन भानपुर आउटर पर पहुंची। वीरेंद्र ने चाचा और दोस्त को जल्दबाजी में उतारा। इसी बीच थूर ट्रेन का गुजरना हुआ और वीरेंद्र ट्रेन से टकराकर दूर जा गिरा। इस हादसे में उसे कमर और हाथ पैरों में गंभीर चोट थी। उसे चाचा और दोस्त निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान

**मंडीदीप।** पूरे प्रदेश में जहां एक ओर साइबर अपराधों से बचने के लिए आम जन को जागरूक करने के प्रयास अलग-अलग जगहों में कैंप आयोजित कर जानकारी दी जा रही है। मंडीदीप और सतलापुर थाने के पुलिस द्वारा चौक चौराहा, मंदिर में आम जन को जागरूक कर साइबर फ्रॉड, अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक शिविर का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। आम लोगों को समझाइश दी जा रही है कि किसी भी अनजाने लिंक को क्लिक न करे, अनजान नंबरों पर पैसे ट्रांसफर न करे, किसी अपरिचित व्यक्ति को ओटीपी न दें। शुक्रवार को सतलापुर पुलिस ने खेड़ापति माता मंदिर में प्रशिक्षण और जागरूक शिविर लगाया।

### पटवा ने दी खंडेलवाल को एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने शुक्रवार को भाजपा, मध्य अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल का प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। आप सरल व्यक्तित्व, संगठन के प्रति अटूट समर्पण, कुशल नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता, प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। आपके नेतृत्व में संगठन ने बीते एक वर्ष में नई ऊर्जा, नई गति और नए आयाम प्राप्त किए हैं।

### किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर विधानसभा युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में शुक्रवार को किसान साथियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौहरगंज तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार द्वारा मूंग की केवल 25 प्रतिशत खरीद किए जाने का निर्णय किसानों के हित में नहीं है। किसानों की मूंग की 100 प्रतिशत उपज का समर्थन मूल्य पर क्रय सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही किसानों ने डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने ई-टोकन व्यवस्था को सरल करें।

तीन मोहरा में डीसीपी ऑफिस के पास शुक्रवार तड़के हुई वारदात

# होटल संचालक पर तलवारनुमा चाकू से हमला, बाल-बाल बचे, कार में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित तीन मोहरा में डीसीपी जोन फोर के कार्यालय से महज 300 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने होटल संचालक पर तलवारनुमा चाकू से हमला कर दिया। दो बाइक पर आए बदमाशों ने उनकी कार में डंडे से तोड़फोड़ भी की है। उनकी कार के कांच टूटे हैं।

तलवारनुमा चाकू उन्हें कंधे के पास लगने से मामूली सी खरोंच आई है। होटल संचालक ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। वायरल वीडियो में उन्होंने डीसीपी कार्यालय के पास सरेराह हमला होने की बात कहते हुए पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए है। पुलिस ने होटल संचालक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हितेंद्र सडाना उर्फ अप्पी सडाना (48) लालघाटी में रहते हैं और नादरा बस स्टैंड पर होटल का संचालन करते हैं।

▸▸ दो बाइक से आए थे हमलावर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की



होटल संचालक पर हमला कर कार में दी तोड़फोड़।



होटल संचालक पर इस तलावारनमा चाकू से किया हमला।

### पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

हितेंद्र सडाना ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। वायरल वीडियो में वह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि डीसीपी जोन-3 कार्यालय के पास उनके साथ सरेराह वारदात हुई है। बेखौफ बदमाशों ने उनसे चेन झपटने का प्रयास किया और डंडे से उनकी कार में तोड़फोड़ करते हुए तलवारनुमा चाकू से हमला किया है।

### लालघाटी जाने को निकले थे हितेंद्र

हितेंद्र सडाना होटल बंद कर कार से अपने दोस्त के साथ लालघाटी जाने के लिए निकले थे। गुरुवार-शुक्रवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे के आसपास हितेंद्र तीन मोहरा इलाके में पहुंचे ही थे कि बाइक सवार तीन बदमाश उनकी कार से टकरा गए। बदमाशों ने कार के कांच पर डंडे से हमला कर दिया।

हितेंद्र ने कार रोकी तो आरोपियों ने तलवारनुमा चाकू उनकी तरफ फेंका था। चाकू उन्हें कंधे के पास लगा था। इससे उन्हें मामूली चोट आई है। हितेंद्र सडाना ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर आरोप लगाया है कि दो बाइक पर सवार पांच लोगों ने उनके साथ वारदात की है। बदमाशों ने उनकी चेन छीनने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहें। इधर, पुलिस का कहना है कि वारदात लूटपाट की नियत से नहीं की गई है। लिहाजा न ही लूट और न ही लूट के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया, बल्कि साधारण मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

प्रस्ताव पास कर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ कार्य

## औबेदुल्लागंज में विकास कार्यों में भेदभाव से रेलवे स्टेशन मार्ग की बदहाल स्थिति, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओबेदुल्लागंज

नगर परिषद पर वार्डों के विकास कार्यों में भेदभाव करने के आरोप लग रहे हैं। नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन जाने वाला मार्ग नगर का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क की हालत बेहद खराब है।

स्थानीय नागरिकों एवं वार्ड पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने क्षेत्रीय विधायक से इस सड़क को पक्की सीमेंट सड़क बनाने कराने का अनुरोध किया था। विधायक के निर्देश पर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ किरण रहंगडाले द्वारा लगभग 11 लाख रुपए की लागत का प्रस्ताव तैयार कर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी करा दी गई। जानबूझकर इस कार्य की दर को पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) से स्वीकृति नहीं दिलाई, जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। आरोप लगाया गया है कि अर्जुन नगर क्षेत्र में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डब्ल्यूबीएम सड़क की दर अध्यक्ष द्वारा स्वयं स्वीकृत कर दी गई।

इसे लेकर नागरिकों ने विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप लगाया है। हल्की बारिश से रेलवे स्टेशन मार्ग पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन गई है। नागरिकों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

## औबेदुल्लागंज के साप्ताहिक बाजार में कीचड़, गंदगी में लगीं दुकानें

लोगों का पैदल चलना हुआ मुश्किल, खरीदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओबेदुल्लागंज

नगर के साप्ताहिक बाजार मैदान में अव्यवस्थाओं का आलम एक बार फिर सामने आया। बाजार स्थल पर चारों ओर फैले कीचड़ के कारण खरीदारी करने पहुंचे लोगों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बारिश के बाद मैदान में जलभराव और कीचड़ होने से लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। खरीदी करने आने वालों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, दुकानदार भी कीचड़ में अपनी दुकानें लगाने को विवश हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद की ओर से बाजार मैदान की व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहा हैं। साप्ताहिक बाजार की बदहाल स्थिति नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। नागरिकों और व्यापारियों ने मांग की है कि बाजार मैदान में जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। आवश्यक स्थानों पर मुरम या पेवर ब्लॉक बिछाए जाएं, ताकि लोगों को परेशानी न हो।



साप्ताहिक बाजार मैदान में बारिश के कारण हर तरफ कीचड़ ही कीचड़।

हिंदी भाषा को बढ़ावा देने 31 कर्मचारियों ने दिखाई प्रतिभा

## भेल में 'हिंदी प्रोत्साहन योजना' के तहत किए कार्यों का किया भौतिक सत्यापन



कार्यों का भौतिक सत्यापन करते समिति के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बीएचईएल, भोपाल में मानव संसाधन-राजभाषा विभाग द्वारा दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मूल रूप से हिंदी में कार्य संबंधी प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन गठित समिति द्वारा किया गया। समिति में दिलीप कुमार, अपर महाप्रबंधक (एसडब्ल्यूएम), सोनू बघेल सक्सेना, प्रबंधक–डिजाइन (एचजीई) एवं पूनम साहू, प्रबंधक (मा.सं.-राजभाषा) थीं। प्रतिभागियों ने वर्ष 2025-26 के दौरान कार्यालय में हिंदी में किए गए कार्यों को समिति के समक्ष योजनाबद्ध तरीके से दिखाया।

### पारदर्शिता के साथ हुआ मूल्यांकन

समिति ने प्राप्त आवेदनों में उल्लिखित कार्यों का जमीनी स्तर पर सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया कि संबंधित कार्य वास्तविक रूप से हिंदी में ही किए गए हैं। इसके बाद निर्धारित मापदंडों के आधार पर सभी प्रविष्टियों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर अंक प्रदान किए गए। समिति द्वारा प्रतिभागियों के कार्यों को बहुत ही सराहा गया और कहा कि तकनीकी क्षेत्र में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं। योजना के अंतर्गत 31 कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की।

पासवर्ड और वॉइस सैंपल पर 6 जुलाई को कोर्ट सुनाएगा फैसला

## ट्विशा शर्मा डेथ केसः समर्थ सिंह के लैपटॉप का खुलेगा राज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई जांच अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है। भोपाल जिला न्यायालय में शुक्रवार को हुई सुनवाई में मुख्य आरोपी समर्थ सिंह के लैपटॉप का पासवर्ड और वॉइस सैंपल सीबीआई को उपलब्ध कराने की मांग पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए 6 जुलाई को आदेश सुनाने की तारीख तय की है। सीबीआई ने मंगलवार को कोर्ट में आवेदन देकर कहा था कि जांच के लिए समर्थ सिंह के लैपटॉप का पासवर्ड और वॉइस सैंपल बेहद जरूरी है। एजेंसी का कहना है कि डिजिटल साक्ष्यों की जांच और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के फॉरेंसिक विश्लेषण के लिए इनकी आवश्यकता है, जिससे मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने लैपटॉप का पासवर्ड देने पर कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन वॉइस सैंपल को लेकर शर्त रखी। आरोपी पक्ष के वकील ने अदालत से आग्रह किया कि वॉइस सैंपल की एक प्रति सुरक्षित रूप से कोर्ट में भी रखी जाए।




दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई के दौरान आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होंगे। अब 6 जुलाई को आने वाले कोर्ट के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं।

रापड़िया जोड़ पर हादसा, नशे में धुत थे कार में सवार युवक

## तेज रफ्तार स्विफ्ट कार झुग्गी में घुसी बाल-बाल बचे 4 बच्चे और दो महिलाएं

पुलिस ने मामला दर्ज कर कार जब्त कर ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर रापड़िया के पास गुरुवार रात करीब सवा दस बजे तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर झुग्गी में जा घुसी। हादसे के समय झुग्गी में चार बच्चे और दो महिलाएं सो रही थी। गनीमत रही कि तेज रफ्तार कार की स्पीड सामने रखी टीन की गुमठी में से टकराने के बाद कम हो गई और झुग्गी में घुसते ही रुक गई वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे के समय कार में दो युवक सवार थे।

झुग्गी में मौजूद परिवार ने बताया कि दोनों ही युवक शराब के नशे में धुत थे। रात में परिजन ने कार में सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को लेकर थाने पहुंची और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार अजय जादव (30) वीरेन्द्र सिंह दांगी के खेत की मेड़ पर बनी झुग्गी, वायपास रोड पर रहते हैं और एक कॉलोनी के पंप हाउस में काम करते हैं। गुरुवार रात वह ड्यूटी पर थे, जबकि झुग्गी में उनकी पत्नी और दो बच्चे सहित भाई की पत्नी और दो अन्य बच्चे थे। रात करीब सवा दस बजे के आसपास परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार लाल रंग की स्विफ्ट कार ने झुग्गी के सामने रखी लोहे की गुमठी को जोरदार टक्कर मारी और झुग्गी में घुस गई। अजय जादव ने बताया कि कार सवार युवक सूखीसेवनिया के रहने वाले हैं और नशे में धुत थे।



मंडीदीप समेत आस-पास करीब एक दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध प्लाटिंग का चल रहा कारोबार

# मंडीदीप में 'मास्टर प्लान 2031' पर भू-माफिया की नजर... उद्योगपतियों के लिए तय 150 हेक्टेयर जमीन पर अवैध प्लाटिंग, 12 साल से सक्रिय 50 से अधिक फर्जी बिल्डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप

मध्यप्रदेश सरकार एक ओर जहां जहां उद्योग स्थापित करने में करोड़ों रुपए व्यय कर इन्वेस्टर को आमंत्रित कर रहे हैं या ये कहे कि उद्योगपतियों को जगह मुहैया कराने के लिए नए प्रोजेक्ट तैयार कर रही है, तो वहीं मंडीदीप में उद्योग विभाग के पास भूमि न होने के कारण उद्योगपतियों को जगह नहीं मिल पा रही।

मध्यप्रदेश के शहर गृह एवं निवेश निर्माण के 2031 मास्टर प्लान के तहत मंडीदीप के आस-पास की करीब 150 हेक्टर जमीन को अधिग्रहण कर उसमें उद्योग स्थापित करने के लिए मसौदा तैयार किया है, परंतु मंडीदीप में सतलापुर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर आम जन को गुमराह कर रहे हैं। मंडीदीप समेत आस-पास करीब एक दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध प्लाटिंग का खुला कारोबार संचालित किया जा रहा है, जिससे आम जन को सस्ता प्लॉट देने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।

**अवैध प्लाटिंग कर आम जन को गुमराह कर रहे हैं**

**न टीएनसीपी, न रेरा परमिशन फिर भी प्लाटिंग**

नगर के 50 से अधिक बिल्डर करीब 12 वर्षों से अवैध प्लाटिंग का कारोबार संचालित कर रहे हैं, जिससे आम जन सस्ते प्लॉट के फेर में फंस रहे हैं।

### ग्राहक काट रहे तहसील का चक्कर

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सात साल से अधिक काम करने वाले फर्जी बिल्डर लोगों के खून पसीने के कमाई के करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गए हैं, जिससे आज तक ग्राहक या तो तहसील के चक्कर काट रहे हैं या तो नपा कार्यालय के। इसमें लगभग 400 से अधिक ग्राहकों के करीब 3 करोड़ से अधिक का पैसा फंसा है।

### कई बिल्डर हुए फरार

नपा मंडीदीप क्षेत्र के अंतर्गत कई बिल्डरों ने लोगों के लाखों का चुना लगाकर फरार हो गए हैं, जिसमें मुख्य रूप से अनिल गोलाइट, देवेंद्र गोलाइट (अर्क सिटी), दुर्गेश शर्मा (अवनी साईं होम्स), गणेश यादव, ज्योति सिंह (हेमा बिहार, रेखा बिहार) समेत कई फर्जी बिल्डर फरार हैं। उसी क्रम मैं फर्जी बिल्डर रामवदन वर्मा (नित्यानंद इंक्लेव पोलाह और समरधा), आमिर खान, राजेश गुप्ता भी अब भागने की तैयारी में है।

### 23 बिल्डरों पर कब होगी कार्रवाई

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आज भी फर्जी बिल्डरों का बोलबाला है। नपा क्षेत्र में काम कर रहे 23 बिल्डर आज भी बेखौफ लोगों को चुना लगाने का काम कर रहे हैं।

### मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार करके भेज दिया

हमने उद्योग के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए टीएनसीपी को मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार करके भेज दिया है। तय जमीन पर अगर अवैध प्लाटिंग हो रही है तो उसके लिए नगर पालिका और टीएनसीपी को ध्यान देना चाहिए, क्यों कि उस भूमि को भविष्य में उद्योगपतियों को आवंटित किया जाना है।

**विशाल सिंह चौहान, ई,डी. एमपीआईडीसी, भोपाल।**

### 12 घंटे पेड़ पर बैठा रहा युवक, 25 फीट नीचे गिरा, गंभीर घायल

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र आरिफ नगर में गुरुवार रात शुरू हुआ हाई-वोल्टेज ड्रामा शुक्रवार दोपहर हादसे में बदल गया। एक युवक करीब 12 घंटे तक पेड़ पर बैठा रहा। उसे नीचे उतारने के लिए पुलिस और नगर निगम की रेस्क्यू टीम लगातार प्रयास करती रही, लेकिन वह किसी को अपने पास नहीं आने दे रहा था। जो भी उसके करीब पहुंचता, वह डंडा से हमला करने की कोशिश करता। इसके बाद नगर निगम की क्रेन की मदद से रेस्क्यू शुरू किया गया। शुक्रवार सुबह युवक एक शाखा से दूसरी शाखा पर जाने लगा, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 25 फीट नीचे गिर पड़ा। उसके सिर में गंभीर चोट आई, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 145 | 03 | 120 |
| रात: | 158 | 40 | 299 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 230 | 57 | 458 |
| रात: | 670 | 31 | 489 |




# जंगल-पहाड़, पशु-पक्षी के साथ जनजातीय संस्कारों को दर्शाते चित्र

## जनजातीय संग्रहालय में 75वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी शलाका नाम से आयोजित की जाती है। इसी क्रम में 75वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार से भील जनजातीय चित्रकार सुनीता परमार के चित्रों की प्रदर्शनी का संयोजन किया गया है। 30 जुलाई तक जारी इस प्रदर्शनी में प्रकृति से ओतप्रोत चित्र प्रस्तुत किए गए हैं। सुनीता परमार मूलतः मप्र के झाबुआ जिले के लम्बेला गांव (तहसील राणापुर) से हैं।







### बचपन घर की दीवारों पर चित्रकारी

बचपन से लेकर वर्तमान तक राजधानी भोपाल में ही पली-बढ़ी सुनीता को बचपन घर की दीवारों पर चित्रकारी करने और रंगों से सजाने का शौक रहा है। कुछ वर्षों तक आपने भीली चित्रकार जामु सिंगाड़ के सान्निध्य में रहकर भीली चित्रकला की बारीकियों को सीखा-समझा और उनके सहायक के रूप में कार्य किया।

### जामु की सतत प्रेरणा और मार्गदर्शन ने बनाया चित्रकला को शानदार

सुनीता ने नई दिल्ली, बैंगलोर आदि नगरों में आयोजित कुछ संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में सहभागिता की है। सुनीता के चित्रों में जंगल-पहाड़, पशु-पक्षी के साथ जनजातीय संस्कार विशेषतौर पर द्रष्टव्य होते हैं। आप अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय भाई जामु सिंगाड़ को देती हैं, जिनकी सतत प्रेरणा और मार्गदर्शन ने आपकी चित्रकला को सुघड़ बनाया।



# जंगलों ने थामा हाथ कैमरे ने दी नई जिंदगी...

## वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर राहुल मिश्रा ने हरिभूमि से बातचीत में कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

2019 में मैंने अपनी मां को खो दिया था, उसके बाद मैं एकदम अकेला रह गया और डिप्रेशन का शिकार हो गया, तब मेरी वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी ने मुझे इस डिप्रेशन से बाहर निकाला..... यह कहना है प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर राहुल मिश्रा का। हरिभूमि से बातचीत में राहुल ने अपने जीवन और पैशन से जुड़े सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि डिप्रेशन से खुद को निकालने के लिए पहले मैंने म्यूजिक सीखा, लेकिन म्यूजिक ओर मेरा तालमेल बैठा नहीं। फिर मेरे पास एक पुराना कैमरा पड़ा था, मैंने उसे देखा और सोचा कि क्यों ना फोटोग्राफी की जाए। फिर मैंने ऑनलाइन सर्च करके फोटोग्राफी की टेक्निक सीखी और कैमरा उठाकर निकल पड़ा जंगलों की तरफ।

### टाइगर की पॉजिटिविटी मेरे भीतर आई

जहां मैं जंगल सफारी करता और नेशनल पार्क, सैंच्यूरीज की फोटोग्राफी करता। लेकिन इसमें मेरी बेस्ट फोटोग्राफी टाइगर के साथ रही, क्योंकि टाइगर एक ऐसा जानवर है जब यह आपके करीब से गुजरता है तो एक पॉजिटिव वाइब्स छोड़ता है और वही पॉजिटिविटी मेरे भीतर आई और मैं वाइल्ड एनिमल्स की तरफ खासकर टाइगर की तरफ अट्रैक्ट रहा।

### 60 से भी ज्यादा नेशनल पार्क, सेंचुरी में कर चुका जंगल सफारी

राहुल ने कहा कि आज मैं मप्र, उप्र सहित दक्षिण भारतीय राज्यों में मौजूद 60 से भी ज्यादा नेशनल पार्क और सैन्च्यूरी में जंगल सफारी कर चुका हूं, जिसमें मेरा पैशन सिर्फ फोटोग्राफी है। और हाल ही में मैं केन्या में भी फोटोग्राफी करके आया।

### लगता है कि पहाड़ों में ही है मेरा घर

राहुल ने कहा कि अब मुझे ऐसा लगता है कि पहाड़ों में ही मेरा घर है। देश-विदेश भी जाता हूं तो वहां भी जंगलों या पहाड़ों पर ही घूमता हूं, ऐसा लगता है प्रकृति मुझे अपनी गोद में संभाल रही है।

### मल्टीनेशनल कंपनी में डायरेक्टर की पोस्ट से किया रिजाइन

राहुल ने कहा कि मैं एक मल्टीनेशनल कंपनी में डायरेक्टर की पोस्ट पर कार्यरत था, 1993-94 में मुझे लगा कि यह जॉब काफी बोरियत से भरा है, कांच की दीवारों के बीच बैठकर काम करने में मेरा मन नहीं लगा और मैं फिर प्रकृति से जुड़ने चला गया। इसी दरमियां मैंने हाईटेक कल्टीवेशन ऑफ फ्लावर का काम लखनऊ में शुरू किया, जिसमें मैं होलसेल व रिटेल रेट पर फूलों को एक्सपोर्ट करता था और यह मेरा बिजनेस इतना अच्छा चल पड़ा कि इसके लिए मुझे दो नेशनल अवार्ड भी मिले।

## भारत भवन में गायन पर्व का शुभारंभ, स्वाति तिवारी और अश्विनी भिड़े देशपांडे ने दी प्रस्तुति



# भारत भवन में सुरों का आगाज़, 'गायन पर्व' के पहले दिन सजी सुरों की महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा, रागों की गहराई और सुरों की साधना से सजे तीन दिवसीय संगीत समारोह 'गायन पर्व' का शुभारंभ शुक्रवार को भारत भवन में हुआ। 5 जुलाई तक आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह के पहले दिन शास्त्रीय गायिका स्वाति तिवारी और सुप्रसिद्ध गायिका अश्विनी भिड़े देशपांडे ने अपनी भावपूर्ण और प्रभावशाली प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत के विविध रंगों से परिचित कराया।



### अंतरंग में गूंजा राग मियां मल्हार

कार्यक्रम की अगली कड़ी में सुप्रसिद्ध गायिका पद्मश्री अश्विनी भिड़े देशपांडे ने शास्त्रीय संगीत की सुरमयी परंपरा में राग मियां मल्हार की प्रस्तुति से श्रोताओं को एक गहन भावानुभूति से जोड़ दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने अत्यंत सधे हुए और सौम्य वातावरण में हुई, जहां मंच पर उपस्थित सभी कलाकारों ने अपने-अपने वाद्य एवं गायन के माध्यम से राग के स्वरूप को सजीव कर दिया।

### बोलो रे पपीहरा ने किया वातावरण को जीवंत

मुख्य गायन में पद्मश्री कलाकार देशपांडे ने राग मियां मल्हार की विलंबित तीन ताल में दो पारंपरिक बंदिशों की प्रस्तुति दी। पहली बंदिश करीम नामो तेरो तू साहेब सरदार में राग की गंभीरता और भक्ति भाव का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इसके पश्चात द्रुत लय में प्रस्तुत लोकप्रिय बंदिश बोलो रे पपीहरा ने वातावरण को जीवंत कर दिया।

### सबगुन बिचारो रे बंदिश रही खास

समारोह की शुरुआत स्वाति तिवारी ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग झिंझोटी से की। उन्होंने विलंबित एकताल में निबद्ध बंदिश सँवारो मन भयो प्रस्तुत किया। गंभीर आलाप, क्रमबद्ध स्वर विस्तार और राग की सूक्ष्म बारीकियों को उन्होंने अत्यंत सहजता और परिपक्वता के साथ अभिव्यक्त किया। उन्होंने 'सबगुन बिचारो रे' बंदिश प्रस्तुत कर अपनी लयकारी और तानों की सटीकता का प्रभावशाली परिचय दिया।

### पारंपरिक टप्पा में दी 'माधव मुकुंद मुरारी' की प्रस्तुति

विलंबित और द्रुत दोनों प्रस्तुतियों में उनकी स्वर साधना तथा राग की गहन समझ स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जो खूब सराही गई। स्वाति ने राग काफ़ी में पारंपरिक टप्पा 'माधव मुकुंद मुरारी' प्रस्तुत किया। टप्पा शैली की तीव्र गति, चंचल तानों और जटिल स्वर विन्यास को उन्होंने सहजता के साथ प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### कलाव्योम फाउंडेशन की सांस्कृतिक श्रृंखला में संतवाणी 10 को

**भोपाल।** कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा विविध कलाओं पर आधारित मासिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत संतवाणी का आयोजन शुक्रवार, 10 जुलाई को सायं 6.30 बजे कुबेर बैंक्वेट, बाग मुगलिया में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश सिंह ठाकुर, निदेशक, उस्ताद अल्लाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी होंगे। इस सांस्कृतिक संध्या में संत साहित्य एवं भक्ति संगीत पर आधारित मनमोहक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संत परंपरा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों को संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना तथा संतवाणी की समृद्ध विरासत से समाज को जोड़ना है।

### किशोर दा की याद में बांगड़ू अवॉर्ड, 4 अगस्त को होगी प्रतियोगिता

**भोपाल।** स्व. किशोर कुमार, हिन्दी सिने जगत की वो महान शख्सियत हैं, जिसकी मन मोहक मखमली आवाज फिजाओं में खुशबू की तरह महकती एवं हर दिल में धड़कती है और इसी मखमली आवाज को श्रद्धांजलि देते हुए बांगड़ू अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी संस्था किशोर दा के गीतों को गाने वाले चुने हुए कलाकारों को बांगड़ू अवार्ड से सम्मानित करेगी। उन्होंने बताया कि भाग लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है और चुने गए 15 प्रतिभागियों के बीच 04 अगस्त शाम 4 बज, फाइनल डीबी सिटी मॉल में होगा, विनर को बांगड़ू अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। विजेता के अलावा प्रथम तीन 3 प्रतिभागियों के साथ संस्था द्वारा आयोजित संगीत कार्यों में मंच भी प्रदान किया जाएगा।

### एक्सीलेंस स्कूल, बाग मुगलिया में किया पौधरोपण

# सकलपर्णा समूह का 'एक पौधा बच्चों के नाम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सकलपर्णा समूह द्वारा 'एक पौधा बच्चों के नाम' के अंतर्गत एक्सीलेंस स्कूल, बाग मुगलिया में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण का कार्य प्रसिद्ध लेखिका मेहरुन्निसा परवेज एवं भगीरथ प्रसाद के साथ समस्त बच्चों एवं सकलपर्णा परिवार की सदस्य डॉ नीता खरे, डॉ. साधना गंगराड़े, कीर्ति श्रीवास्तव, कल्पना विजयवर्गीय, डॉ. साधना शुक्ला, डॉ. रंजना शर्मा, शेफालिका श्रीवास्तव के द्वारा संपन्न हुआ। सकलपर्णा की अध्यक्ष अनिता सक्सेना ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधों को रोंपना मात्र नहीं है, बल्कि उनकी उचित देखभाल हो यह भी ध्यान रखना है। इसलिए विद्यालय में अशोक के पौधे लगाए गए हैं।



# बूझो, जानो, फिर देखो अपना प्रदेश की क्विज 7 अगस्त को

## पर्यटन बोर्ड की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को मिलेगा पर्यटन का आकर्षक उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की असीम संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन क्विज-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय इस क्विज में भाग लेने के लिए विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन 1 जुलाई से 25 जुलाई तक शाम 5.30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। विद्यार्थियों में पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति को विकसित करने, मध्यप्रदेश पर्यटन की





संभावनाओं से जुड़े ज्ञान का संचार करने के उद्देश्य से आयोजित इस क्विज में प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई. एवं केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सहभागिता कर सकते हैं। इसके अंतर्गत 'बूझो जानो फिर देखो अपना प्रदेश' का जिला स्तरीय आयोजन आगामी 7 अगस्त को प्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ किया जाएगा। पर्यटन क्विज-2026 क्विज में पूछे जाने वाले प्रश्न मप्र के पर्यटन, कला, संस्कृति, धार्मिक, प्राकृतिक परिवेश और ऐतिहासिक संवर्धन पर आधारित होंगे। जिला स्तर पर प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित शीर्ष 06 टीमों के मध्य द्वितीय चरण में 'ऑडियो-विजुअल/मल्टीमीडिया' आधारित क्विज का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालयीन टीम राज्य स्तरीय क्विज में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।



# तीन समान आकार के पीतल पात्रों से मिलकर बना 'खाना डिब्बा'

## मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श श्रृंखला में पारंपरिक पीतल के डिब्बे का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में प्रत्येक माह आयोजित होने वाली माह का प्रादर्श श्रृंखला के अंतर्गत इस माह बिहार के मधुबनी जिले के भूडिहार लोक समुदाय द्वारा संकलित पारंपरिक पीतल निर्मित 'खाना डिब्बा' प्रादर्श का उद्घाटन शुक्रवार को संग्रहालय परिसर में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि प्रो. शिवप्रसाद रामभटला, हैदराबाद एवं प्रो. सुनीता रेड्डी, जवाहरलाल नेहरू विवि मौजूद थी। इस प्रादर्श का संकलन संग्रहालय के सहायक कीपर श्रीकांत द्वारा किया गया था।

### भारतीय धातु-शिल्प का है उत्कृष्ट उदाहरण

उन्होंने बताया कि निर्माण तकनीक की दृष्टि से यह भारतीय धातु-शिल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। पीतल की चादर को गोल आकार में काटकर हथौड़ी एवं सांचों की सहायता से कटोरानुमा रूप दिया जाता है। प्रत्येक पात्र के ऊपरी एवं निचले भाग अलग-अलग तैयार कर उन्हें इस प्रकार जोड़ा जाता है कि पूरा पात्र कलश के समान दिखाई देता है। अंततः हैंडल एवं लॉकिंग रॉड लगाकर इसे उपयोग योग्य बनाया जाता है।



### पीतल की चादर को पीटकर एवं आकार देकर बनता है डिब्बा

उन्होंने बताया कि स्थानीय कसेरा समुदाय के शिल्पकारों द्वारा पीतल की चादर को पीटकर एवं आकार देकर इसे हस्तनिर्मित किया जाता है। यह पारंपरिक टिफिन तीन समान आकार के पीतल के पात्रों से मिलकर बना है, जिन्हें एक के ऊपर एक क्रमबद्ध रूप से रखा जाता है तथा दोनों ओर लगी चम्मचाकार लंबी पीतल की लॉकिंग छड़ों द्वारा मजबूती से बंद रखा जाता है। सबसे ऊपरी पात्र में दाल, खीर अथवा अन्य तरल खाद्य पदार्थ तथा नीचे के पात्रों में चावल, सब्जी एवं अन्य व्यंजन रखे जाते थे। इसके ऊपरी भाग में लगा मजबूत पीतल का हैंडल इसे खेतों, यात्राओं तथा दैनिक आवागमन के दौरान भोजन ले जाने के लिए अत्यंत सुविधाजनक बनाता है।

### जनकल्याणकारी पहलों पर किया मंथन

# मप्र का हैप्पीनेस मॉडल: 14 राज्यों के 55 प्रतिनिधियों ने जाना, बोले- इसे अब अपने राज्यों में भी अपनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश का हैप्पीनेस मॉडल अब देशभर के लिए प्रेरणा का केंद्र बनता जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य आनंद संस्थान (आनंद विभाग) द्वारा भोपाल में आयोजित ह्यूमन वैल्यूज़ नेशनल मीट में देश के 14 राज्यों से आए 55 प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए मानवीय मूल्यों पर आधारित जनकल्याणकारी पहलों पर मंथन किया।



### कार्यक्रम की थीम

राज्य आनंद संस्थान के निदेशक प्रवीण गंगराड़े ने कहा कि सामाजिक समरसता, सकारात्मक जीवन दृष्टि और जनसहभागिता पर आधारित कार्य आज की आवश्यकता हैं। संस्थान के निदेशक सत्यप्रकाश आर्य ने अल्पविराम, सार्वभौमिक मानवीय मूल्य, आनंद ग्राम सहित नवाचारों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि मप्र में हैप्पीनेस मॉडल को जनआंदोलन के रूप में विकसित करने के लिए विद्यालयों, समुदायों और स्वयंसेवकों के माध्यम से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मंथन के दौरान राज्यों से आए प्रबुद्धजनों ने इसे अपने-अपने राज्यों में लागू करने की इच्छा व्यक्त की।

### सहयोग पर सहमति

प्रतिभागियों ने आनंद विभाग के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता और पारस्परिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय आयोजन में मानवीय मूल्यों के संवर्धन, आनंदमय जीवनशैली, सामुदायिक सहभागिता और राज्यों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

# विद्यार्थी हित, गुणवत्ता और पारदर्शिता आधारित कार्य संस्कृति विकसित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरकतउल्ला विवि शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि ऐसे ज्ञान केंद्र हैं, जहाँ समाज की समस्याओं का समाधान करने वाले श्रेष्ठ, संवेदनशील, नैतिक एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाना है।

पंजाब में सियासत की आग भड़की, विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान

आर-पार के मूड में चन्नी

# हमें वड़िंग मंजूर नहीं, किसी और को कमान नहीं दी तो हमारे खेमे के नेता घर बैठ जाएंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान है। पूर्व सीएम और लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब में खेमे के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की। चन्नी नेताओं के साथ दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। चन्नी ने एक कमेटी भी बनाई है जो आलाकमान से बातचीत करेगी। इसमें खुद चन्नी, राणा गुरजीत, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, ओपी सोनी और भरत भूषण आशू शामिल हैं। चन्नी को मौजूदा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग मंजूर नहीं हैं। वड़िंग की जगह किसी और को कमान दी जाए। चन्नी ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो मैं और मेरे खेमे के नेता घर बैठ जाएंगे।



### शक्ति प्रदर्शन बैठक में शामिल हुए कई नेता

शक्ति प्रदर्शन वाली इस बैठक में सुखपाल भुल्लर, मदनलाल जलालपुर,अंगद सैनी, लाड़ी शेरोवालिया, कीकी ढिल्लों, राणा गुरजीत , रमिंदर आवला, बरिंदर ढिल्लों, भारत भूषण आशु, सुख सरकारिया, बलवीर सिद्धू, टी बाजवा, बोलारिया, काका लोहगढ़, अजयपाल संधू, अजीतइंद्र सिंह मोफर, नाजर मांशाहिया, बलकौर सिंह सिद्धू और भूपिंदर सिंह साहोके और ओपी सोनी समेत कई वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शामिल हुए।

### समर्थकों ने मांगा प्रदेश अध्यक्ष का पद

कांग्रेस ने वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बनाए रखने का फैसला किया।चन्नी को चुनाव अभियान समिति का प्रमुख नियुक्त किया था। चन्नी के समर्थकों की मांग है कि पूर्व सीएम को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए।

विपश्यना करने मान पहुंचे बेंगलुरु

# एक सप्ताह तक सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहेंगे, प्राकृतिक उपचार, योग- ध्यान करेंगे

पंजाब के सीएम भगवंत मान एक सप्ताह के प्राकृतिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम के लिए बेंगलुरु पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार वे करीब 7 दिनों तक एक निजी प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में रहेंगे। इस दौरान प्राकृतिक उपचार, शरीर की शुद्धि, योग, ध्यान और विशेष खानपान के माध्यम से उनके स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पिछले कुछ समय से लगातार राजनीतिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक बैठकों और विभिन्न सरकारी गतिविधियों में व्यस्त रहे हैं। लगातार कामकाज और यात्रा के कारण उन्हें पहले भी थकान की शिकायत हुई थी। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें कुछ समय आराम करने और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी थी। इसी सलाह के आधार पर उन्होंने एक सप्ताह का यह स्वास्थ्य कार्यक्रम तय किया है।

### शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया से गुजरेंगे

### इस दौरान विशेषज्ञों की निगरानी में रहेंगे



इस दौरान मुख्यमंत्री प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के तहत शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया से गुजरेंगे। साथ ही योग, ध्यान और विशेष आहार योजना का पालन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक ऊर्जा को बेहतर बनाना तथा व्यस्त दिनचर्या के बाद शरीर को फिर से सक्रिय करना है।बेंगलुरु स्थित निजी प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में उनके रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों और विशेषज्ञों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। आवश्यकतानुसार उपचार और खानपान की योजना में बदलाव भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने अमरनाथ यात्रियों को दिए 5 संकल्प

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पत्र लिखकर 5 संकल्पों को अपनाने की अपील की है।



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, बाबा बर्फानी के दर्शन से जुड़ी श्री अमरनाथ यात्रा आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक एकता का शाश्वत अध्याय है। मेरी कामना है यात्रा सुरक्षित और मंगलमय हो! 5 संकल्पों की अपील की।

### राहुल के बयान पर सत्याकी ने किया केस

**नई दिल्ली।** विनायक दामोदर सावरकर को लेकर मामला फिर एक बार कोर्ट पहुंच गया है।



सावरकर के पोते सत्याकी सावरकर ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है। उन्होंने राहुल की टिप्पणियों को भी खारिज करते हुए पुणे की कोर्ट में कहा कि ब्रिटिश जेल से रिहाई के लिए सावरकर ने कोई दया याचिका दायर नहीं की थी।

### आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट को मिले 3 अतिरिक्त जज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद 3 न्यायिक अधिकारियों को



आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि सीजेआई से सलाह-मशविरा कर राष्ट्रपति ने अतिरिक्त जज नियुक्त किया है।

### सीएम विजय के खिलाफ टिप्पणी, विधायक अरेस्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मंत्री और डीएमके विधायक अनीता आर राधाकृष्णन को शुक्रवार को



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मद्रास हाई कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।यह मामला अथुर में एक सार्वजनिक सभा से जुड़ा है। इसमें डीएमके विधायक अनीता आर राधाकृष्णन ने सीएम विजय के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी।

### स्कूलों के पास एनर्जी ड्रिंक स्टिंग पर पाबंदी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एनर्जी ड्रिंक स्टिंग स्कूलों के पास बेचने पर रोक लगा दी है। महाराष्ट्र सरकार



के खाद्य और औषधि मंत्री नरहरि जिरवाल ने विधानसभा में यह ऐलान किया। उन्होंने बताया स्कूलों के 500 मीटर के दायरे के भीतर इस ड्रिंक की बिक्री पर रोक रहेगी। यह घोषणा मानसून सत्र के दौरान की गई। यह फैसला ड्रिंक में कैफीन अधिक रहने के कारण लिया है।

बिरला ने बंगाल विस में नवनिर्वाचित विधायकों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कहा

# सार्थक चर्चा व समाधान खोजना ही एक आदर्श विधानसभा का लक्ष्य होना चाहिए

## 2 दिनी कार्यक्रम के पहले दिन कहा- आम लोगों की अपेक्षाओं पर ध्यान दें



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी आदर्श राज्य विधानसभा का मुख्य उद्देश्य सार्थक चर्चा करने और मुद्दों को पहचानने के अलावा, मौजूदा समस्याओं का समाधान खोजना भी होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम (परिचय कार्यक्रम) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही।उन्होंने कहा कि आम लोगों को विधायक से बहुत उम्मीदें और अपेक्षाएं होती हैं। विधायक की भूमिका, मौजूदा कानून और लोगों की उम्मीदें व हालात, ये सभी राज्य के विकास से जुड़े हैं। इसलिए, एक आदर्श विधानसभा वह जगह है जहां समाधान खोजे जाते हैं, चर्चाएं होती हैं और समस्याओं का समाधान किया जाता है। पुरानी सभी चर्चाओं और बहसों को अच्छी तरह से पढ़ा और समझा जाना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों को सलाह दी कि वे राज्य विधानसभा के विभिन्न सत्रों के दौरान जानकारी पर आधारित चर्चाओं पर ध्यान दें और साथ ही सीखने की कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया में भी शामिल रहें।

### विधानसभा क्षेत्र के लोगों के फायदे के लिए कुछ नया सीखें

स्पीकर बिरला ने कहा कि आपको जानकारी के आधार पर मुद्दों और विषयों पर चर्चा करनी चाहिए। आपको अपनी टीम और देश का नेतृत्व करना चाहिए। आपको सीखना है और और अधिक सीखना है। आपके अंदर सीखने की इच्छा होनी चाहिए। सीखने की कोशिश हमेशा जारी रहनी चाहिए। आपको क्षेत्र के लोगों के फायदे के लिए कुछ नया करना सीखना चाहिए।




आयोजन के पहले स्पीकर बिरला को स्मृति चिन्ह भेंट करते सीएम सुवेंदु

### डिजिटल लर्निंग पर ध्यान देने की भी सलाह दी

उन्होंने विधायकों को घटनाक्रमों से अपडेट रहने के लिए डिजिटल लर्निंग पर ध्यान देने की भी सलाह दी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि यह डिजिटल दुनिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। अब सब कुछ एक ही जगह पर उपलब्ध है। अगर आप चाहें, तो दूसरे देशों के बजट प्रस्तावों का भी अध्ययन कर सकते हैं।

### सीएम सुवेंदु के काम की तारीफ की

बिडला ने राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के तौर पर पहले दो महीनों में किए गए काम के लिए नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की तारीफ भी की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नए मुख्यमंत्री के पास एक विजन है। वह लोकतंत्र के दायरे में रहकर सब कुछ करने की बात कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री सुवेंदु ने कहा — 34 साल तक जो हुआ पार्टी इशारे पर किया, अब साथ मिलकर चलें

बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में विधायकों के लिए आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास के लिए सभी दलों को साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस मंच से उन्होंने पिछली सरकारों पर तीखा हमला करना भी नहीं छोड़ा। उन्होंने बड़ी ही परिपक्वता के साथ मुख्यमंत्री पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसने पूरे विपक्ष को भी सोचने पर मजबूर कर दिया सुवेंदु ने कहा कि राज्य को आगे ले जाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने मंच से कहा कि बंगाल की राजनीति में एक लंबा दौर ऐसा रहा है, जहां शासन सत्ता के गलियारों से नहीं बल्कि पार्टी दफ्तरों से चलता था। पहले 34 साल तक जो कुछ भी हुआ, वह सब पार्टी ऑफिस के इशारे पर हुआ और उसके बाद के 15 सालों के बारे में उन्होंने चर्चा करने से साफ इनकार कर दिया। सभी दंग रह गए।

### 'मर्यादा' का पाठ पढ़ा गए सुवेंदु

सुवेंदु ने पुरानी सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले की व्यवस्था में विपक्षी सांसदों और विधायकों का कोई सम्मान नहीं था। सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं में केवल अपनी पसंद के राजनीतिक दल के लोगों को ही बुलाया जाता था।

विपक्ष ने सीजेआई को लिखा पत्र

# लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया खतरे में, कोर्ट करे हस्तक्षेप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सहित विभिन्न विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को संयुक्त पत्र लिखकर देश की चुनावी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक संस्थाओं और



निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। 28 जून को लिखे गए इस पत्र में नेताओं ने न्यायपालिका से लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

पत्र में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में वे न्यायपालिका को इस प्रकार पत्र नहीं लिखते, लेकिन उनका मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में लोकतंत्र गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि संसद, न्यायपालिका, मीडिया और कार्यपालिका लोकतंत्र के चार प्रमुख स्तंभ हैं तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव इन संस्थाओं को जीवंत बनाए रखने का आधार हैं। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चुनावी प्रक्रिया में लगातार ऐसी परिस्थितियां बन रही हैं, जिनसे कई चुनावी परिणाम जनता की वास्तविक इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं करते दिखाई देते।

### पुराने मामले का उल्लेख किया

विपक्ष ने पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक स्वतंत्र और पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया था। पत्र में यह भी कहा गया कि बाद में संसद द्वारा बनाए गए कानून में चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर प्रधानमंत्री, उनके द्वारा नामित केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता को शामिल किया गया, जिसकी वैधता को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा चुकी है। पत्र में निर्वाचन आयोग पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में सत्तारूढ़ दल के प्रति नरम रवैया अपनाने तथा विपक्ष के मामलों में अलग दृष्टिकोण रखने का आरोप भी लगाया गया है।

### हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा

इस संयुक्त पत्र पर राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की ममता बेनर्जी, डीएमके के तिरुचि शिवा, भाकपा (मार्क्सवादी) के जोस के. मणि, भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत, पीडब्ल्यूपीआई के जयंत पाटिल, निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल तथा लोकदल के सुनील सिंह सहित कई विपक्षी नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी

# ईसीआई ने फर्जी खबरें व डीपफेक से निपटने अफसरों को किया सतर्क

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे फर्जी नैरेटिव, डीपफेक और भ्रामक सामग्री से



निपटने मीडिया एवं संचार अधिकारियों को सक्रिय और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता, लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### गलत सूचनाओं का समय पर खंडन करें

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग का प्रत्येक निर्णय संविधान के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ लिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर झूठे और भ्रामक नैरेटिव तेजी से फैलाए जाते हैं, इसलिए सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का समय पर खंडन करें। रिकॉर्ड मतदान प्रमाण है कि मतदाताओं का चुनावी व्यवस्था पर गहरा विश्वास है।

प्राधिकरण ने दी बड़ी राहत

# आधार में खुद ही बदल सकेंगे ई-मेल, 6 महीने की सुविधा दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार धारकों को बड़ी राहत देते




हुए आधार में ई-मेल आईडी अपडेट करने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। यह एप से किया जा सकेगा। यह सुविधा 1 जुलाई से शुरू हुई। 6 महीने तक मुफ्त उपलब्ध रहेगी। मंत्रालय ने बताया कि नई सेवा शुरू होने के 2 दिन में 2.5 लाख लोगों सुविधा ली।

### ई-मेल पर तुरंत मिलेगी जानकारी

मंत्रालय के अनुसार, आधार से ई-मेल आईडी जोड़ने का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि जब भी किसी सेवा के लिए आधार प्रमाणीकरण किया जाएगा, आधार धारक को तुरंत ई-मेल के माध्यम से सूचना मिल जाएगी। इससे उपयोग में पारदर्शिता बढ़ेगी और सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत भी जुड़ जाएगी। यदि अनधिकृत उपयोग का प्रयास किया जाता है, तो जानकारी भी उपयोगकर्ता को मिल सकेगी।

## 'खास महल' का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर शहर में एक 'खास महल' तैयार हुआ है। इस खास महल की भव्यता किसी राजमहल से कम नहीं है। प्रधानमंत्री 4 जुलाई को इसका उद्घाटन करेंगे। करीब 480 करोड़ की लागत से बने इस नए एयरपोर्ट की क्षमता हर साल 20 लाख यात्रियों को संभालने की है। इसका डिजाइन राजस्थान की शाही विरासत से प्रेरित है। प्रधानमंत्री इसी एयरपोर्ट से मॉडिफाइड उड़ान स्कीम की शुरू करेंगे।

गृह मंत्री ने जल शक्ति मंत्रालय को भूजल की निगरानी करने को कहा

पशुओं के चारे, मिलेट्स और वैकल्पिक खेती पर ध्यान देने की जरूरत

# शाह ने 'अल-नीनो' के प्रभाव को लेकर शिवराज के साथ की समीक्षा,संबंधित मंत्रालयों से सजग रहने के दिए निर्देश

▶▶ कहा, सरकार अल-नीनो के कारण देश में मानसून वर्षा की स्थिति एवं कुछ भागो में सूखे के संभावित हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'अल-नीनो' के कारण देश के कुछ भागों में सामान्य से कम वर्षा एवं उसके प्रभाव की समीक्षा की। बैठक में गृह सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण सचिव सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी थे।

शाह ने कहा कि सरकार अल-नीनो के कारण देश में मानसून वर्षा की स्थिति एवं कुछ भागों में सूखे के संभावित हालात पर लगातार नजर




बनाए हुए है। उन्होंने कृषि एवं सभी संबंधित मंत्रालयों से सजग रहने तथा राज्य सरकारों के साथ समन्वय बना के किसानों को सही प्रकार की फसल की बुवाई की जानकारी देने को कहा। शाह ने जल शक्ति मंत्रालय को देश के सभी बड़े-छोटे जलाशयों एवं भूजल की निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के चारे, मिलेट्स और दलहन जैसी कम पानी वाली वैकल्पिक खेती पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने ऊर्जा मंत्रालय के सचिव को बिजली की सुचारू एवं पर्याप्त आपूर्ति करने के बारे में भी कार्यवाही के निर्देश दिए।

### पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध

शाह को बताया गया कि देश में चावल, गेहूं सहित अन्य खाद्यान्न पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध एवं आवश्यक वस्तुओं के मूल्य स्थिर हैं। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, उपभोक्ता विभाग, पशुपालन और डेयरी , पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा , ग्रामीण विकास मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव, अधिकारी मौजूद थे।

केंद्र सरकार का फरमान

# सुरक्षा चिंताओं के चलते तीन मोबाइल एप हटाने को कहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के मद्देनजर बैट-बीएमएस, एपॉच-



इयोन और लाजिस्जी नामक मोबाइल ऐप्स को गूगल प्ले और एप्पल एप में स्टोर से हटाने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार को आशंका है कि इन एप्स का दुरुपयोग कर इलेक्ट्रिक वाहनों, विशेषकर ई-रिक्शा, को दूर से (रिमोटली) बंद किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इन एप्स को दोनों प्रमुख एप स्टोर से हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह फैसला सुरक्षा संबंधी चिंताओं और इनके संभावित दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी में यह आरोप सामने आया है कि इन ऐप्स के जरिए कुछ इलेक्ट्रिक वाहनों के बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम तक दूरस्थ पहुंच बनाई जा सकती थी, जिससे वाहनों को रिमोट के माध्यम से निष्क्रिय किए जाने की आशंका थी।

ईरान ने साबित किया उसके दोस्त कम नहीं

दो देशों और 5 शहरों से गुजरेगी अंतिम यात्रा

ईरान के मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा

### तेहरान में शुरू हुई सात दिन की अंतिम यात्रा

# खामनेई की विदाई से साफ संदेश...अकेला नहीं है हमारा देश, दुनिया के दिग्गज जुटे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर सैय्यद आयतुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में भारत समेत करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी और लाखों-करोड़ों लोगों की भीड़ को तेहरान अपनी ताकत और वैश्विक समर्थन के प्रदर्शन के तौर पर पेश कर रहा है। करीब चार महीने पहले निधन के बाद 3 जुलाई को पहली बार अली खामेनेई का पार्थिव शरीर आम लोगों के बीच लाया गया। तेहरान के मोसल्ला परिसर में अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के ताबूत रखे गए हैं। इसके साथ ही उनकी सात दिन की अंतिम यात्रा शुरू हो गई। यह यात्रा ईरान और इराक के पांच शहरों से होकर लगभग 3,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी और ईरान के मशहद शहर में समाप्त होगी, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।


तेहरान के मोसल्ला परिसर में आयतुल्लाह अली खामेनेई व अन्य परिजनों के ताबूत रखे हुए

### 7 दिन चलेगा अंतिम संस्कार

*3-5 जुलाईः तेहरान में आम लोगों के लिए श्रद्धांजलि समारोह होगा। जहां लोग अंतिम दर्शन कर सकेंगे। 6-7 जुलाईः अंतिम यात्रा तेहरान के अलग-अलग इलाकों से गुजरते हुए कोम पहुंचेगी। कोम में खामेनेई ने तालीम हासिल की थी। 8 जुलाईः इराक के नजफ और कर्बला में सार्वजनिक अंतिम यात्राएं निकाली जाएंगी। 9 जुलाईः पार्थिव शरीर को वापस ईरान लाया जाएगा। उसी दिन मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।*

### भारत ने पेश की खिराज-ए-अकीदत

'हरिभूमि' द्वारा पूछे गए एक प्रश्न में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत की ओर से बिहार के राज्यपाल (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल) सैय्यद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा अंतिम संस्कार में शामिल हुए हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से विदेश विभाग के प्रमुख और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने भी खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की। उनके साथ ईसाई और हिंदू धर्म गुरु भी नजर आए।

### खामेनेई के साथ 14 महीने की पोती का ताबूत भी रखा



*ईरान में अली खामेनेई के साथ जिन लोगों को श्रद्धांजलि दी जा रही है, उनमें उनके एक दामाद, उनकी सबसे बड़ी बेटी, 14 महीने की पोती और ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई की पत्नी शामिल थीं। 14 महीने की बच्ची जहरा मोहम्मदी गोलपायेगानी का छोटा सा ताबूत अली खामेनेई के ताबूत के बगल में रखा हुआ है। ताबूत के बगल में ही बच्ची की तस्वीर रखी हुई है।*

### खामेनेई के ताबूत पर लाल झंडा रखा



*खामेनेई के विदाई समारोह के दौरान उनके ताबूत पर मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह का लाल झंडा रखा गया। यह झंडा शिया परंपरा में शहादत, बलिदान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक माना जाता है। यह प्रतीक इमाम हुसैन की करबला में हुई शहादत से जुड़ा है। ईरानी नेतृत्व खामेनेई की मौत को भी उसी तरह की शहादत के रूप में पेश कर रहा है। खामेनेई का अंतिम संस्कार 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह परिसर में किया जाएगा।*

### 2 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान

*खामेनेई का अंतिम संस्कार 3 से 9 जुलाई तक चलेगा। यह देश के इतिहास के सबसे बड़े राजकीय अंतिम संस्कारों में शामिल होगा। समारोह में 2 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। अंतिम संस्कार में 40 से ज्यादा देशों के नेता और प्रतिनिधि, जबकि 90 देशों के धार्मिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। शुक्रवार को तेहरान की सड़कों पर सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गई। ईरान ने सोमवार को तेहरान के ऊपर हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद रखने का भी ऐलान किया है।*

### जंग के बाद एकजुटता का संदेश

*ईरानी अधिकारियों और समर्थकों का कहना है कि अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ यह दिखाती है कि हालिया युद्ध के बावजूद देश की जनता अपने नेतृत्व और व्यवस्था के साथ मजबूती से खड़ी है। सड़कों पर जुटे लोगों को ईरान शहादत को श्रद्धांजलि और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में पेश कर रहा है।*

## खबर संक्षेप

### यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 40 की मौत



**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पेशावर जा रही बस बलूचिस्तान के शेरानी जिले को पार करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में 8 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, 6 जवान घायल



**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग (गगनगीर) सुरंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। इस हादसे में वाहन में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान घायल हो गए हैं। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क से फिसल गया। इस हादसे में सीआरपीएफ के 6 जवानों को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### इबोला से अब तक 400 से ज्यादा हुई मौतें



**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देशों के लिए इबोला संक्रमण गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (आईएनएसपी) की गुरुवार को जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 15 मई को बीमारी फैलने की घोषणा के बाद से संक्रमण की पुष्टि वाले 1,406 लोगों में से 438 लोगों की मौत हो चुकी है, यानी मृत्यु दर 31 प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। इस बीमारी के फैलने का मुख्य केंद्र उत्तर-पूर्वी इतुरी प्रांत था, यहां पर 83 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई हैं।

### देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# डीएसी की बैठक में 52,000 करोड़ रुपए की रक्षा खरीद को दी मंजूरी

तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता निगरानी व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है।

डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। डीएसी की इस मंजूरी को भारत की रक्षा आधुनिकीकरण प्रक्रिया और आत्मनिर्भरता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्रणालियों के शामिल होने से तीनों सेनाओं की युद्धक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भारत पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, स्मार्ट मिसाइलों और उन्नत निगरानी प्रणालियों जैसे आधुनिक युद्धक साधनों पर भी तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

*रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है*




**खरीदी जाएंगी**

- *एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग'*
- *मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम*
- *जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली*

### हवाई खतरों को रोकने की बड़ी तैयारी

'आकाश तरंग' प्रणाली सेना की अग्रिम तैनातियों और महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली ड्रोन का पता लगाने, उन्हें बाधित करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। वहीं, एंटी-टैंक मिसाइल से इन्फेंट्री की ताकत बढ़ेगी। मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली सेना की इन्फेंट्री टुकड़ियों को दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाएगी। इससे अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की मारक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन तथा अन्य हवाई खतरों को रोकने में अहम भूमिका निभाएंगी।

### इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद सेंसर प्रणाली काम करेगी

बहु-स्पेक्ट्रल सेंसर से लैस नई प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। सक्रिय सुरक्षा प्रणाली टैंकों की ओर आने वाली मिसाइलों और रॉकेटों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर सकेगी। इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों के सुरक्षित बने रहने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, नई पीढ़ी के जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम होंगे। ये अधिक गति, बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक क्षमता, अधिक मारक शक्ति और कम लागत के कारण भविष्य के युद्धों में महत्वपूर्ण होंगी।

### नौसेना की भी बढ़ेगी ताकत

*भारतीय नौसेना के लिए बहु-प्रभावी समुद्री माइन, नौसैनिक जहाजों से संचालित मानवरहित हवाई प्रणाली तथा विद्युत प्रणोदन प्रणाली के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। बहु-प्रभावी समुद्री माइन दुश्मन के युद्धपोतों और नौसैनिक अभियानों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करने में मदद करेगी। इससे समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत होगी। उन्नत सेंसरों से लैस नई मानवरहित हवाई प्रणाली नौसेना को समुद्र में दूर तक निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने और वास्तविक समय में जानकारी जुटाने में सहायता देगी। नई प्रणोदन प्रणाली के लिए स्थापित की जाने वाली परीक्षण सुविधा, नौसेना के भविष्य के जहाजों और प्रणालियों के परीक्षण तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

### ऊंचाई से होगी निगरानी

*वहीं, भारतीय वायुसेना के लिए फिक्स्ड-विंग आधारित उच्च ऊंचाई स्यूडो सैटेलाइट प्रणाली सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यह अत्याधुनिक प्रणाली लंबे समय तक ऊंचाई पर रहकर खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, संचार सेवाएं उपलब्ध कराने और दूरसंवेदी कार्यों को अंजाम देने में सक्षम होगी। इससे वायुसेना को सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने में बड़ी सहायता मिलेगी।*

### पीएम क्रिस्टोफर लक्सन बोले

# न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश

- **10-11 जुलाई को न्यूजीलैंड दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी**
- **न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुए एफटीए को देंगे नई दिशा**


पीएम मोदी और लक्सन फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

पीएम नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस पर न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है। पीएम लक्सन ने शुक्रवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण देश है। उन्होंने लिखा कि हम अप्रैल में हुए न्यूजीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों देशों के रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इससे न्यूजीलैंड में अधिक रोजगार मिलेगा, निर्यात बढ़ेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। इससे 1.4 अरब की आबादी वाले भारतीय बाजार में हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के नए अवसर खुलेंगे, जिससे न्यूजीलैंड के समुदायों में अधिक पैसा आएगा, नए रोजगार सृजित होंगे और आय में वृद्धि होगी।

### पिछले साल हुआ था यह समझौता

*बता दें कि पीएम मोदी 10 जुलाई को ऑकलैंड पहुंचेंगे और 11 जुलाई को वहां से रवाना होंगे। उनकी यह यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लगभग दो महीने बाद हो रही है। अप्रैल में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के संबंध काफी मजबूत होने की उम्मीद है। भारत और न्यूजीलैंड ने 16 मार्च 2025 को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत की घोषणा की और रिकॉर्ड 9 महीनों में इसे पूरा किया, जिसके चलते यह अब तक का सबसे तेजी से पूरा होने वाला मुक्त व्यापार समझौता बन गया। एफटीए पर हस्ताक्षर से न्यूजीलैंड में भारतीय निर्यात के लिए बाजार पहुंच और टैरिफ में छूट में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही यह विस्तृत ओशिनिया और प्रशांत द्वीप बाजारों के लिए एक प्रवेश द्वार के तौर पर कार्य करेगा।*

### होनोलूलू पहुंचा पी-8आई विमान

# दुनिया के सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास में दिखाएगा भारत की समुद्री ताकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का अत्याधुनिक लंबी दूरी का समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी विमान पी-8आई अमेरिका के हवाई द्वीप स्थित होनोलूलू पहुंच गया है। यह विमान दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय नौसैनिक युद्धाभ्यास 'रिम ऑफ द पैसिफिक' में हिस्सा लेगा। अभ्यास 1 जुलाई से शुरू हो चुका है और 31 जुलाई तक चलेगा। भारतीय नौसेना ने इस भागीदारी को 'ब्रिजेस ऑफ फ्रेंडशिप' (मित्रता के पुल) का प्रतीक बताया है। इस अभ्यास में भाग लेकर भारतीय नौसेना ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी बढ़ती सामरिक भूमिका और क्षमता का स्पष्ट संदेश दिया है। नौसेना के अनुसार, यह भागीदारी स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराती है। साथ ही, मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ इंटरऑपरेबिलिटी, समुद्री निगरानी और संचालनात्मक सहयोग को और मजबूत करेगी।



### संयुक्त राष्ट्र में भारत की दो टूक

# आतंकवादी सिर्फ 'आतंकी' होता है हत्या की विचारधारा मिटाना जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटना विश्व समुदाय के सामूहिक प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद को उचित ठहराने के लिए किसी भी शिकायत को आधार बनाए बिना इस 'हत्यारी विचारधारा' को जड़ से मिटाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया व कहा, आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी ही होता है। उन्होंने कहा कि भारत सीमा पार आतंकवाद का दशकों से शिकार रहा है। हमने इसकी भारी कीमत चुकाई है। आतंकवाद को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों की बिना किसी हिचकिचाहट निंदा की जानी चाहिए। सदस्य देशों को इस संबंध में पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद से निपटने को लेकर दोहरे मानदंडों को खारिज करना चाहिए।

## 'बम-बम भोले' के जयकारों से अमरनाथ यात्रा शुरू



*श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए वार्षिक यात्रा शुक्रवार को शुरू हो गई। श्रद्धालुओं का जत्था बालटाल एवं नुनवान आधार शिविरों से रवाना हुआ। रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच यात्रा तड़के दोनों मार्गों- 48 किमी लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग-से शुरू हुई। इस दौरान 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। पुरुषों, महिलाओं और साधुओं समेत श्रद्धालुओं का जत्था दिन निकलते ही दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम स्थित नुनवान आधार शिविर और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग स्थित बालटाल आधार शिविर से रवाना हुआ।*

स्लीपर सेल ध्वस्त करने में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# गुजरात-मध्य प्रदेश से जैश के 8 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात आतंकवाद निरोधक (एटीएस) दस्ते ने गुजरात और मध्य प्रदेश से प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैसे मोहम्मद के 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 7 को गुजरात के पाटन एवं नवसारी से पकड़ा है जबकि एक बिलाल दुर्रानी घाघरा को मध्य प्रदेश के देवास से गिरफ्तार किया है। ये गुजरात में जैश ऐ मोहम्मद का आतंकी नेटवर्क खड़ा करने के लिए यह स्लीपर सेल की तैयारी कर रहे थे।



### इंटरनेट से पाक को देते थे जानकारी

*इंटरनेट मीडिया के माध्यम से यह पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं से जुड़े हुए थे और उनसे आतंकी गतिविधियों और स्लीपर सेल के बारे में जानकारी साझा करते थे। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बताया कि वह गुजरात में जैश ए मोहम्मद का एक आतंकी नेटवर्क बनाना चाहते थे। ताकि किसी बड़ी साजिश को अंजाम दे सकें।*

### बड़े आतंकी नेटवर्क को कर रहे थे तैयार

*पकड़े गए सभी आरोपी नए सदस्य बनाने, चरमपंथी विचारधारा फैलाने और आतंकी गतिविधियों के लिए सपोर्ट नेटवर्क तैयार करने का काम कर रहा था। 3 लोग सिद्धपुर और चिखली के मदरसों से भी जुड़े थे। एटीएस ने 'गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' के तहत एफआईआर दर्ज की। साथ ही, भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आपराधिक साजिश से जुड़ी 'भारतीय न्याय संहिता' की धाराओं को भी इसमें शामिल किया गया है।*

### विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को फिर करारा जवाब

# सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित, आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद करे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से लगातार उठाए जा रहे सिंधु जल संधि के मुद्दे पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि पर भारत का रुख पहले जैसा ही है।

पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के कारण यह संधि फिलहाल स्थगित है। अगर पाकिस्तान चाहता है कि इस पर आगे बात हो, तो उसे सीमा पार आतंकवाद का समर्थन हमेशा के लिए पूरी तरह बंद करना होगा।

तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश को मदद रोडमैप के आधार पर


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### वेनेजुएला से निष्पक्ष जांच का अनुरोध

जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जहाज पर जान गंवाने वाले भारतीय नाविक राकेश चौहान के शव के साथ कथित छेड़छाड़ और अंग निकाले जाने के मामले को भारत ने वेनेजुएला सरकार के सामने उठाया है। हमने वहां की सरकार से इस मामले की जल्द और निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।

### तीस्ता नदी परियोजना की नियमित समीक्षा

*तीस्ता नदी परियोजना पर जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से मदद दोनों देशों की आपसी सहमति से बने रोडमैप के आधार पर दी जाती है। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती है। तीस्ता नदी परियोजना पर भारत अपने विचार पहले ही बांग्लादेश को बता चुका है। इस मुद्दे पर आगे की अपनी नीति बनाने समय हम सभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखेंगे।*

### अफगानिस्तान पर हमलों की कड़ी निंदा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अफगानिस्तान के मामले में, हमने पाकिस्तान से अफगानिस्तान पर हुए हवाई हमलों की कड़ी निंदा की थी, जिनमें महिलाओं और बच्चों समेत कई आम नागरिकों की जान चली गई थी। हमने इन कीमती जानें जाने पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी। साथ ही, हमने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपना मजबूत समर्थन भी दोहराया था। जहां तक अफगानिस्तान को दिए जा रहे समर्थन की बात है, तो हमारा मानवीय सहायता का सहयोग जारी है। हम उन्हें दवाइयां भेजते रहे हैं। हम उन्हें अन्य तरह की मदद भी भेजते रहे हैं।*



# गोलपोस्ट के 'सुपरमैन' साइमन, विश्व कप में 519 मिनट तक नहीं टूटा किला

## 36 साल बाद टूटा विश्व कप का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गोल न खाने का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 की जीत में मौजूदा विश्व कप में लगातार चौथी बार क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) हासिल की। साइमन के इस रिकॉर्ड की शुरुआत पिछले विश्व कप से हुई थी और उन्होंने अभी तक विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च मंच पर 519 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया है। इस तरह से उन्होंने इटली के मशहूर गोलकीपर वाल्टर जेंगा का 1990 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने तब लगातार 517 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया और पांच मैचों में लगातार क्लीन शीट रखीं थी।साइमन को मौजूदा विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर में शामिल नहीं किया गया लेकिन इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार खेल से विश्व कप की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर दिया। स्पेन ने इस विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है, और उसके गोलकीपर को केवल चार बचाव करने पड़े हैं। ऑस्ट्रिया के खिलाफ एक भी नहीं, जिसने अपने पांचों शॉट लक्ष्य पर नहीं मारे।

### साइमन का शानदार प्रदर्शन

साइमन और स्पेन ने 2022 में कतर में खेले गए विश्व कप में चार मैचों में सिर्फ तीन गोल खाए, फिर भी उन्हें टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होना पड़ा था। साइमन का गोल न खाने की यह सिलसिला स्पेन की जापान से 2-1 की हार के दौरान शुरू हुआ और मोरक्को के साथ गोलरहित ड्रॉ तक जारी रहा। मोरक्को ने तब पेनल्टी शूटआउट में साइमन के खिलाफ अपने चार पेनल्टी में से तीन को गोल में बदलकर स्पेन को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

**कोच की पहली पसंद :** स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, 'मुझे उस पर गर्व है। मुझे लगता है कि वह मेरे परिवार का सदस्य है।

# पुर्तगाल और क्रोएशिया के मैच में विवाद, फैंस ने फेंकी बोतलें

## हार के बाद छलके क्रोएशियाई खिलाड़ियों के आंसू



टोरंटो। गोनकालो रामोस ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में राफेल लीओ के पास पर हेडर से गोल किया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश किया। अंतिम सीटी बजने से पहले मैच विवादों में घिर गया क्योंकि क्रोएशिया को लगा कि उसने आखिरी क्षणों में स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया है, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद मारियो पासालिच को ऑफसाइड करार दिया और गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। क्रोएशिया के प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकीं और विरोध में सीटी बजाई।

### रोनाल्डो का विश्व कप नॉकआउट में पहला गोल

क्रोएशिया ने 53वें मिनट में इवान पेरिसिच के गोल से बढ़त बनाई, जो उन्होंने जोसिप सानिसिच के क्रॉस पर किया था। रोनाल्डो ने पहले 68वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके स्कोर बराबर किया, जो विश्व कप में नॉकआउट चरण का उनका पहला गोल था। लेकिन पुर्तगाल की जीत के नायक रामोस रहे, जिन्होंने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा।

# स्पेन का कलात्मक खेल, 16 साल बाद नॉकआउट में एंट्री



## ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर स्पेन ने किया अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

मिकेल ओयार्जबल के दो गोल की मदद से खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर 2010 में चैंपियन बनने के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में कोई मैच जीता। ओयार्जबल ने 36वें और 89वें मिनट में गोल किए। इस बीच पेड्रो पोरो ने 66वें मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहा। उसने गेंद पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और अपने आक्रामक और कलात्मक खेल का अच्छा नमूना पेश किया। स्पेन के खिलाफ मौजूदा विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं हुआ है। ऑस्ट्रिया की टीम गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा पाई। इस तरह से स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट (मैच में कोई गोल नहीं खाना) हासिल करने में सफल रहे।

### हमने अच्छा मैच खेल दिखाया : ओयार्जाबल

ओयार्जाबल ने मैच के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने टीम को अगले दौर में पहुंचाने में मदद की। अब थोड़ा आराम करके अगले मैच के लिए तैयार होना है। यह मुश्किल मैच था। हम जानते थे कि एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलना कठिन होगा, लेकिन हमारा दिन बहुत अच्छा रहा और हमने अच्छा मैच खेल दिखाया।'

# एम्बोलो ने दागा 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया जश्न



एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

ब्रिल एम्बोलो और डैन एनदोये के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे योहान मंजाम्बी गेंद लेकर दाहिनी ओर से तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एम्बोलो को शानदार क्रॉस दिया। एम्बोलो को उस पर गोल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। एम्बोलो ने अपने 26वें अंतराष्ट्रीय गोल का जश्न घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया। (स्विट्जरलैंड अगला मुकाबला कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। राउंड ऑफ 16 का मैच अगले मंगलवार को वैंकूवर में खेला जाएगा।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

ई-नीलामी की सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है और जो है जैसी है"** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा निम्नवर्णित दिनांक को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

| खाते / ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम | मांग नोटिस दि.<br>कब्जा दिनांक<br>बकाया राशि | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **अरेरा हिल्स शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणीः श्रीमती शीला धान्यसे पत्नी स्व. श्री संतोष धन्यसे | रिहायशी प्लाट नं. 73, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 70, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 74, दक्षिण- प्लाट नं. 72 | 28/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 905804/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः राम मोहन तोमर पुत्र गोपाल सिंह तोमर एवं माया तोमर पत्नी राम मोहन तोमर | रिहायशी प्लाट नं. 80, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 63, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 81, दक्षिण- प्लाट नं. 79 | 25/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 899463/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः राज किशोर वर्मा पुत्र रमेश चंद्र वर्मा एवं सुशीला वर्मा पत्नी राजकिशोर वर्मा | रिहायशी प्लाट नं. 76, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 67, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 77, दक्षिण- प्लाट नं. 75 | 28/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 800388/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः शारदा प्रसाद बैयाँ पुत्र श्री चत्चरण बैयाँ और श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी शारदा प्रसाद बैयाँ | रिहायशी प्लाट नं. 22, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 29, उत्तर- प्लाट नं. 21, दक्षिण- प्लाट नं. 23 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 550712/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः नवीन कुमार मालवीय पुत्र रामलाल मालवीय एवं श्रीमती जयश्री मालविया पत्नी नवीन कुमार मालविया | रिहायशी प्लाट नं. 19, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 32, उत्तर- प्लाट नं. 18, दक्षिण- प्लाट नं. 20 | 28/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 1153764/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः रूप सिंह पुत्र श्री रविशंकर | रिहायशी प्लाट नं. 67, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 76, उत्तर- प्लाट नं. 66, दक्षिण- प्लाट नं. 68 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 1587857<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 16,20,000/-<br>₹ 1,62,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः रामलाल करपे पुत्र लद्दूलाल करपे | रिहायशी प्लाट नं. 74, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 69, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 75, दक्षिण- प्लाट नं. 73 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 920081/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः सुरेश कुमार यादव पुत्र छोटेलाल यादव एवं श्रीमती मनुबाई पत्नी सुरेश कुमार यादव | रिहायशी प्लाट नं. 18, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 33, उत्तर- प्लाट नं. 17, दक्षिण- प्लाट नं. 19 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 920864/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः राम सिंह धुर्वे पुत्र पन्नालाल धुर्वे एवं कृष्णाबाई पत्नी राम सिंह धुर्वे | रिहायशी प्लाट नं. 77, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 66, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 78, दक्षिण- प्लाट नं. 76 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 810526/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः श्री कृष्ण कुमार दोहरे | रिहायशी प्लाट नं. 66, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 77, उत्तर- प्लाट नं. 65, दक्षिण- प्लाट नं. 67 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 1476619<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 16,20,000/-<br>₹ 1,62,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः श्री अनिल शर्मा पुत्र राज कुमार शर्मा | रिहायशी प्लाट नं. 23, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 28, उत्तर- प्लाट नं. 22, दक्षिण- प्लाट नं. 24 | 23/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 786670/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः महेश कुमार कुशराम पुत्र मन्ना सिंह कुशराम एवं श्रीमती अंजलि कुशराम पत्नी महेश कुमार कुशराम | रिहायशी प्लाट नं. 79, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 64, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 80, दक्षिण- प्लाट नं. 78 | 26/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 802102/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः श्री लक्ष्मी नारायण पुत्र मोहनलाल | रिहायशी प्लाट नं. 70, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 73, उत्तर- प्लाट नं. 79, दक्षिण- प्लाट नं. 71 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 1587665/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 16,20,000/-<br>₹ 1,62,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः श्री बाबूलाल यादव पुत्र हरकिशन यादव | रिहायशी प्लाट नं. 68, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 75, उत्तर- प्लाट नं. 67, दक्षिण- प्लाट नं. 69 | 25/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 1586294/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 16,20,000/-<br>₹ 1,62,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणीः गोपाल प्रसाद कहार पुत्र पतिराम कहार एवं स्व. कलाबाई पत्नी गोपाल प्रसाद कहार | रिहायशी प्लाट नं. 20, सूरज कुंज नगर स्थित ग्राम- बरखेड़ा पठानी, वार्ड नं. 54, पटवारी हल्का नं. 19, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट या 55.76 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 31, उत्तर- प्लाट नं. 19, दक्षिण- प्लाट नं. 21 | 29/06/2010<br>12/10/2010<br>₹ 850145/-<br>+ब्याज एवं खर्चे | ₹ 10,80,000/-<br>₹ 1,08,000/-<br>₹ 10,000/- |

**ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 06.08.2026 को सायं 4.00 बजे या उससे पूर्व**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 07.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक**
**संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 16.07.2026 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा http://BAANKNET देखें।

तारीख : 03.07.2026, स्थानः भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी


# फाइनल में इंग्लैंड, चोटिल कप्तान साइवर-ब्रंट ने खेली तूफानी पारी

## महिला टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

कप्तान नैट साइवर-ब्रंट की चोट के बावजूद खेली गई 75 रन की शानदार पारी की मदद से इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया से होगा। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद साइवर-ब्रंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट (58) ने चौथे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 129 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज तंजमीन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए चार्ली डीन और लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिए।



रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

# कनाडा ओपनः आकर्षि, तान्या बाहर, भारतीय चुनौती खत्म

**मार्खम।** तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप की कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में हार के साथ भारतीय चुनौती का अंत हो गया।



तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की रिको गुनजी ने तान्या हेमनाथ को महज 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-11, 21-11 से पराजित किया। आकर्षि ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग को कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 20-22, 21-17, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तान्या ने शुरुआती दौर में अमेरिका की दिशा गुप्ता को जबकि आकर्षि ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई थी।

## दीक्षा ने बनाई बढ़त सातवें स्थान पर अदिति

**हुलेनकोर्ट** । भारत की दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के पहले दौर में बिना किसी बोगी के चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर तीन अन्य गोल्फरों के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की जबकि साथी खिलाड़ी अदिति अशोक दो अंडर 70 के कार्ड से संयुक्त सातवें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीय गोल्फरों में अवनि प्रशांत इवन पार 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर हैं जबकि प्रणवी उर्स (73) संयुक्त 33वें स्थान पर बनी हुई है।

### सेज विवि के तरुण पुष्कर में आयोजन

# मिनी ग्रुप जिला तैराकी प्रतियोगिता 12 जुलाई को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मिनी ग्रुप तैराकी प्रतियोगिता 12 जुलाई रविवार को सेज यूनिवर्सिटी तरुण पुष्कर कटारा हिल्स एक्सटेंशन सहारा बायपास रोड पर भोपाल तैराकी संघ द्वारा आयोजित की जाएगी । भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगी । इस प्रतियोगिता में भोपाल तैराकी संघ द्वारा पंजीकृत तैराक ही भाग ले सकते हैं एवं इस प्रतियोगिता के माध्यम से भोपाल जिले की टीम का चयन किया जायेगा जो कि 54 वीं मध्यप्रदेश राज्य सब जूनियर एवं मिनी ग्रुप तैराकी प्रतियोगिता जो की लक्ष्मण सिंह चौहान तरण ताल इंदौर में 16-18 जुलाई तक संपन्न होगी के लिए भोपाल टीम का चयन किया जाएगा ।भाग लेने के इच्छुक तैराक अपनी ऑनलाइन एंट्रीज़ 10 जुलाई तक भेज सकते हैं ।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. - 1, नर्मदापुरम (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्र.28/2026/e-Tender/N. Puram दि. 29/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWD RB_518115 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत रैसलपुर रिधौड़ाखेड़ा बम्हनगॉव मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य | द्वितीय | 200.62 | 200620/- |
| 2 | 2026_PWD RB_518116 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग सिवनी मालवा के अंतर्गत मोफाड़ा खेड़ी अहीर बम्हनगॉव मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य । | द्वितीय | 121.44 | 121440/- |
| 3 | 2026_PWD RB_518117 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग सिवनी मालवा के अंतर्गत सोनखेड़ी हिरनखेड़ा सोमलवाड़ा मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य । | प्रथम | 115.16 | 115160/- |
| | | | | **योग (रू. लाख में)** | | 437.22 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/07/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जायेंगे ।

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरम**

G-15223/26 "स्वच्छता ही सेवा"




# हलालपुरा की थोक पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द, जवाब पेश करने आखिरी मौका

नई जगह पर शिफ्ट करना पड़ेंगी दुकानें, गोदाम, वरना होंगे सील

दुकानों और गोदामों से खाली कराए जाएंगे पटाखे

हरिभूमि ने एक जुलाई को एनओसी रद्द करने की खबर की थी प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हलालपुरा और लालघाटी की दो लाख आबादी के लिए खतरा बनीं पटाखा दुकान और गोदाम अब भोपाल इंदौर सड़क पर नहीं चलेंगे। इसके लिए दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर दुकानों को सील कर दिया जाएगा। दुकानों और गोदामों में रखे पटाखों को दूसरी जगह पर रखा जाएगा। बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने यहां के पंद्रह सौ किलो स्टॉक वाले 15 दुकानदार और पांच गोदाम संचालकों को आखिरी नोटिस जारी किया है, जिसके तहत 9 जुलाई को इन्हें जवाब पेश करना है। मालूम हो कि एक जुलाई को हरिभूमि ने पटाखा दुकानों की रद्द होगी एनओसी शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। पिछले दिनों सोनी पटाखा सेंटर में लगी भीषण आग के बाद जिला प्रशासन ने थोक पटाखा कारोबारियों की एनओसी रद्द करने की तैयारी शुरु कर दी थी। थोक पटाखों दुकानों की एनओसी रद्द होने के बाद पटाखा दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई पीईएसओ (पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन) करेगा। जिसके बाद पटाखा कारोबारी पटाखों की बिक्री नहीं कर सकेंगे। इसके साथ दुकानों में रखे पटाखों के स्टॉक को भी यहां से हटा दिया जाएगा।




खबर का असर

## आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी बिजली का सुरक्षा सर्टिफिकेट भी नहीं

सोनी पटाखा सेंटर में आग के बाद पटवारी और तहसीलदार ने प्रतिवेदन पेश किया था। जिसमें बताया गया कि पटाखा बाजार में जाने का एक ही रास्ता है। इंदौर रोड पर ट्रेफिक अधिक रहता है। दोनों तरफ पेट्रोल पंप, अस्पताल और आबादी क्षेत्र है। सड़क की दूसरी तरफ आठ मैरिज गार्डन और पांच पटाखा गोदाम भी हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। दुकानों में अधिक मात्रा में स्टॉक, बिजली का सुरक्षा सर्टिफिकेट नहीं होना और दुकानों का साइज भी बड़ा होने का हवाला दिया गया है।

## यह दुकानें और गोदाम हटेंगे

*हलालपुरा में पंद्रह सौ किलो पटाखे के स्टॉक रखने वाली 15 दुकानें हैं, जहां तय मात्रा से अधिक स्टॉक रखा जाता है। आदेश के तहत सोनी पटाखा, कालू पटाखा, आरके पटाखा, अम्बिका पटाखा, राज फायर वर्क्स, दीपक पटाखा, महादेव पटाखा समेत 15 दुकान और पांच पटाखा गोदामों की एनओसी रद्द कर दी गई है।*

## आगजनी में तीस लाख के पटाखे आठ लाख की नगदी हुई थी राख

*सोनी पटाखा सेंटर में लगी भीषण आग के दौरान पटाखा दुकान के पीछे पटाखों का अवैध स्टॉक रखा था, जिसकी वजह से आग की बड़ी घटना हो सकती थी। जबकि आग से करीब 30 लाख रुपए के पटाखे और करीब सात लाख रुपए की नगदी जलकर राख हो गई थी।*

## नई जगह की होगी तलाश

*पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द करने के साथ सभी पटाखा दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने नई जमीन तलाश शुरु कर दी गई है। इस बार ऐसी जगह देखी जाएगी, जहां आसपास कोई रहवासी क्षेत्र न हो। जिला प्रशासन इस पूरे मामले की रिपोर्ट जबलपुर हाईकोर्ट में भी पेश करेगा। रिपोर्ट के साथ हाल में हुई आगजनी के वीडियो और फोटो भी पेश किए जाएंगे।*

अभाविप के प्रदर्शन के बाद परीक्षा नियंत्रक को कुलपति ने जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

# आरजीपीवी में खिड़की से चोरी हो गए पेपर के 9 बंडल, प्रबंधन ने कराई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में पेपर चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि चोर खिड़की से कमरे में अंदर आए और पेपर के 9 बंडल ले गए, इसके साथ ही वह अपने साथ नल भी लेकर गए। मामले में आरजीपीवी प्रबंधन ने गांधी नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बताया जा रहा है कि परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सेकेंड ईयर (चौथे सेमेस्टर) के कंप्यूटर विषय का कथित प्रश्नपत्र चोरी होने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को जब छात्र परीक्षा देने पहुंचे, तब उन्हें बताया गया कि पेपर चोरी होने के कारण परीक्षा स्थगित कर दी है। इस घटना से छात्रों में नाराजगी फैल गई है। स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी विभाग का कंप्यूटर विषय का पेपर शुक्रवार सुबह आयोजित होना था। वहीं मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी, ताकि छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा कार्यक्रम पर ज्यादा असर न पड़े।


विवि के गेट पर लगाया गया ताला।


विरोध प्रदर्शन करते अभाविप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## आरजपीवी प्रबंधन ने गांधीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई


कमरे की यह खिड़की टूटी हुई मिली।

मामले को गंभीर मानते हुए आरजपीवी प्रबंधन ने भोपाल के गांधीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय की ओर से पुलिस को बताया गया कि प्रश्नपत्र गुरुवार देर रात चोरी हो गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि पेपर कैसे गायब हुआ और इसके पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं।

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने साधा निशाना

*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मामले को लेकर भाजपा का घेराव किया है। सिंघार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भाजपा शासन में चोरी अब व्यवस्था का हिस्सा बनती जा रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि पहले वोट चोरी, फिर सीट चोरी, उसके बाद जमीन और मंदिरों से जुड़ी चोरी की घटनाएं सामने आईं और अब प्रश्नपत्र चोरी हो गया है।*

## प्रश्नपत्र चोरी के मामले में अभाविप ने की कठोर कार्रवाई की मांग

*राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में प्रश्नपत्र चोरी की गंभीर घटना ने विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि प्रश्नपत्र चोरी के आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यूटीडी की परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। विश्वविद्यालय की परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल सुदृढ़ किया जाए तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।*

## आरोपः कमरे में एक दर्जन अलमारी, सिर्फ एक खुली मिली

*अभाविप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए हैं कि कमरे से लगभग 9 विभिन्न विषयों के प्रश्नपत्र के बंडल गायब पाए गए हैं, जिनमें आगामी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र भी शामिल थे। प्रारंभिक जानकारी में कई गंभीर तथ्य सामने आए हैं। परीक्षा शाखा कार्यालय में एक दर्जन से अधिक अलमारियाँ होने के बावजूद केवल एक अलमारी खुली मिली, जिससे प्रश्नपत्र गायब हुए। वहीं कार्यालय में केवल एक खिड़की टूटी हुई पाई गई, जबकि अन्य किसी ताले अथवा दरवाजे के साथ छेड़छाड़ के स्पष्ट संकेत नहीं मिले। इससे घटना को लेकर कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। जहां गोपनीय प्रश्नपत्र सुरक्षित रखे जाते हैं, वहां सीसीटीवी कैमरों सहित पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव न केवल गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है अपितु विश्वविद्यालय प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इतनी गंभीर घटना के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन का हरकत में न आना और आश्चर्यजनक है।*

# नाबालिग ने की थी पटवारी के सूने मकान से आठ लाख की चोरी


चोर को पकड़ने वाली बागसेवनिया थाने की पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एनआरआई स्कूल के पास अमराई परिसर में रहने वाले पटवारी के सूने मकान से आठ लाख के जेवर चोरी होने का खुलासा कर दिया है। सूने मकान के पीछे वाली कुंदी खोलकर नाबालिग ने आठ लाख रुपए के जेवर चुराए थे। नाबालिग से जेवर जब्त कर उसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। वहां से नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया।

पुलिस के अनुसार जयेंद्र चंदेलकर (38) शोभापुर कालोनी, सारणी, जिला बैतूल के रहने वाले हैं। वह एमआईजी 9 एनआरआई स्कूल के पास अमराई परिसर में रहते हैं। वह पटवारी हैं। गत 26 जून की सुबह करीब 4 बजे वह अपने ममेरे भाई दीपेश सोनारे के साथ घर पर ताला लगाकर गोधरा गुजरात गए थे। वहां से तीन दिन बाद 29 जून की दोपहर करीब तीन बजे अपने घर लौटे। इस दौरान पता चला कि मुख्य गेट का ताला लगा हुआ था। उन्होंने दरवाजा खोला, लेकिन दरवाजे की कुंदी अंदर से बंद थी। उनके भाई दीपेश सोनारे ने घर के पीछे की तरफ जाकर देखा तो पीछे वाला गेट खुला मिला।

## फुटेज से पकड़ाया

*दीपक पीछे के दरवाजे से अंदर पहुंचा और कुंदी खोली। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। गोदरेज का ताला टूटा हुआ था। गोदरेज आलमारी में रखे सोने और चांदी के पुराने इस्तेमाली जेवर नहीं थे। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि कोई अज्ञात चोर घर के पीछे के दरवाजे की कुंदी खोलकर अंदर घुसा था और उसने गोदरेज अलमारी में रखे जेवर चुरा लिए। पुलिस ने टीम का गठन किया और घटनास्थल सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज चेक करने पर एक संदिग्ध नजर आया। फुटेज के आधार पर नाबालिग को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने जयेंद्र चंदेलकर के घर जेवर चुराने की बात स्वीकार ली। पुलिस ने नाबालिग से चुराए गए आठ लाख रुपए के जेवर बरामद कर लिए है।*

सतत जल एवं स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला का समापन

# डिजिटल प्रणालियों से जल जीवन मिशन का बढ़ेगा स्थायित्वः प्रबंध संचालक कोलसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 1 एवं 2 जुलाई को राज्य स्तरीय सतत जल एवं स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के जल निगम के प्रबंध संचालक (एमडी) एवं सचिव, पीएचई वी एस चौधरी कोसलानी ने कहा कि अब पेयजल योजनाओं के संचालन



एवं रखरखाव में अब ग्राम पंचायत स्तर पर पानी समिति का पुनर्गठन किया जाएगा। पंचायतों के निरंतर सहयोग से नियमित जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा जल रेखा डिजिटल एप का उपयोग होगा।

अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार की पूरी रकम कराई रिफंड

# अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार के साथ 1 करोड़ 62 लाख रुपए की साइबर ठगी पुलिस ने की नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य साइबर सेल जोन इंदौर ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार के साथ हुई 1 करोड़ 62 लाख रुपए की साइबर ठगी की पूरी राशि सुरक्षित वापस दिला दी। ठगों ने ईमेल स्पूफिंग (बिजनेस ईमेल कॉम्प्रोमाइज) के जरिए विदेशी कंपनी बनकर बैंक खाता बदलने का फर्जी ईमेल भेजा और शिकायतकर्ता से रकम जेपी मॉर्गन बैंक के खाते में ट्रांसफर करा ली। पीड़िता सितंबर-अक्टूबर 2026 में जापान में होने वाले एशियन गेम्स की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने विदेशी कंपनी हेल्सस्ट्रेंड ड्रैसेज एप्स से घोड़ा खरीदने का अनुबंध किया था। इसी दौरान 29 मई को ठगों ने कंपनी के नाम से फर्जी ईमेल भेजकर 1.62 करोड़ रुपए ट्रांसफर करा लिए।

# पूर्व प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव ने दिया इस्तीफा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में जारी अंदरूनी कलह के बीच पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव ने करीब 30 वर्षों तक पार्टी से जुड़े रहने के बाद अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजते हुए प्रदेश नेतृत्व की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस्तीफे के बाद मीडिया से चर्चा में राकेश सिंह यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर सके। उन्होंने यहां तक कहा कि जीतू पटवारी अध्यक्ष पद के योग्य नहीं हैं और उन पर जमीनों की दलाली करने का आरोप लगाया।राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी निशाने पर लिया। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें ₹धृतराष्ट्र₹ बताया। यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है और गलत लोगों को संगठन की कमान सौंप दी है। उनके अनुसार, प्रदेश नेतृत्व वरिष्ठ नेताओं का सम्मान नहीं कर रहा और पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा हो रही है।




अफसरों के साथ तैयारियों का जायजा लेने डिपो पहुंची महापौर

# शहर में जल्द पहुचेंगी 65 ई-बसें, चार्जिंग स्टेशन पर बस को चार्ज होने में सवा घंटे का लगेगा समय

अधूरे काम जल्द पूरे करने के निर्देश, सीसीसीटी से निगरानी, सुरक्षा और मेंटेनेंस के होंगे चाक-चौबंद इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार शहर की सडकों पर दौडने वाली ई-बसों की भोपाल आमद की तैयारियां तेज गई हैं। 65 ई-बसें जल्द भोपाल पहुंचेंगी। इसे लेकर महापौर मालती राय ने शुक्रवार को संत हिरदाराम नगर में ई-बस चार्जिंग डिपो का निरीक्षण किया और डिपो में चल रहे कार्यों की जानकारी ली।



इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें बताया कि बसें जल्द भोपाल पहुंचने वाली हैं। इस पर उन्होंने आधुनिक डिपो के बाकी रह गए कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने संत हिरदाराम नगर में निर्माणाधीन ई-बस चार्जिंग डिपो में मेंटेनेंस वर्कशाप में चल रहे सिविल कार्य, एडमिन यूनिट, ई-बस चार्जिंग की प्रक्रिया, बसों के आवागमन एवं डिपो में बसें खड़ी करने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी काम जल्द और तय समय में पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेन गेट के बाहर पैवर ब्लॉक लगाने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि इस चार्जिंग स्टेशन पर एक बस को चार्ज होने में एक से सवा घंटे का समय लगेगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर सहित निगम व बीसीएलएल के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आईपीएमएटी में भोपाल के शौर्य की की 12वीं रैंक


**भोपाल।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (आईपीएमएटी) के परिणाम जारी किए गए है। इन परिणामों मेंभोपाल के शौर्य नायक जैन ने ऑल इंडिया रैंक 12 और अहान वर्मा ने 18 हासिल की है। यह सफलता दोनों ने पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। इस परीक्षा में इस बार लगभग 30 हजार उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिसमें से करीब 830 को साक्षात्कार के लिए चयन किया गया था। जिसके में150 छात्रों का चयन किया गया है।

# अशोका गार्डन से 9 साल की बच्ची का अपहरण करने वाला आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र से 9 साल की बच्ची का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले से यौन शोषण के चार मामले दर्ज है।

पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी मून बहादुर बच्ची का अपहरण कर सुनसान जगह ले जाने की फिराक में था। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर कुछ लोगों ने आरोपी को देख लिया। पकड़े जाने के डर के कारण आरोपी मून बहादुर बच्ची



को अरेरा हिल्स इलाके में छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा है। बच्ची की काउंसलिंग कराई जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और काउंसलिंग के बाद आरोपी पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस की प्राथमिक में पता चला कि आरोपी यौन शोषण के मामले में सजा काटने के बाद फरवरी में जेल से बाहर आया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930